कोयल कलकंठ कलापी कुहूरव कोइलर, कोकिल कोकिला कोम पिया परपुष्ट परभृत पिक वसंतदूत श्यामा।

कोयला कोइला कोक कोल।

कोर १ किनारा सिरा हाशिया २ कोण कोना।

कोरम गणपूर्ति।

कोरा १ अछूता अलिखित खाली नया नवीन सादा २ निरा *नितांत निहायत -जवाब*—साफ इनकार, स्पष्ट मना अस्वीकार।

कोर्ट अदालत कचहरी न्यायालय।

कोर्स पाठ्यक्रम।

कोलतार तारकोल।

कोलाहल धूम रव शोर (दे) शोरगुल हल्ला हल्ला-गुल्ला हो हल्ला।

कोल्ड ठंडा शीतल।

कोल्डस्टोरेज शीतगृह।

कोविद १ कलाविद पंडित विद्वान्, २ ज्ञाता विख्यात पारंगत मर्मज्ञ विज्ञ विशारद, विशेषज्ञ।

कोश *अभिधान कोष डिक्शनरी नाममाला निघंटु,* शब्दकोश शब्दसंग्रह, शब्दार्थसंग्रह शब्दावली।

कोशिश १ चेष्टा ट्राइ प्रयत्न प्रयास यत्न २ उद्योग दौड़-धूप

परिश्रम भाग-दौड़ मेहनत श्रम।

कोष १ दे कोश २ आकर खजाना थाल निधि भंडार ३ (treasury) कोषागार (का) कोषालय (म प्र) खजाना (का) ट्रेजरी धनागार (म प्र) राजकोष (म प्र)।

कोषपाल (treasurer) कोषाध्यक्ष (का) खजांची।

कोष्ठबद्धता कब्ज कब्जी मलावरोध।

कोसना पानी पी-पीकर कोसना शाप के रूप में गाली देना शाप देना श्राप देना शापमिश्रित गाली देना सरापना।

कोहरा कुहरा कुहासा धुंध नीहार।

कौंसिल दे काउंसिल।

कौंसिलर दे काउंसिलर।

कौआ एकनयन एकनैन एकाक्ष करटक काक काग कागा कौवा चिरंजीवी दीर्घायु, मलिभुक्, बलिपुष्ट, वायस बायस।

कौड़ी कउड़ी कपर्दिका वराटिका वराटिका।

कौतुक : १ इंद्रजाल चमत्कार, तिलिस्म २ क्रीड़ा खेल खेलतमाशा तमाशा ३ दिल्लगी मजाक विनोद हँसी-मजाक।

कौतूहल १ अचंभा अचरज आश्चर्य कुतूहल ताज्जुब विस्मय हैरत हैरानी २ आतुरता उत्कंठा उत्सुकता ३ जिज्ञासा।

कौपीन कच्छ कच्छी कछनी काछा लंगोट, लंगोटी।

क़ौम १ जाति २ देश मुल्क राष्ट्र।

क़ौमी १ जातीय २ राष्ट्रीय (जैसे क़ौमी तराना)।

कौमुदी दे चाँदनी।

कौर कवर, ग्रास गस्सा ग्रास निवाला।

क़ौल १ प्रण प्रतिज्ञा वादा वायदा २ उक्ति कथन कहना बात वचन वाक्य।

कौवा दे कौआ।

कौशिक १ दे उल्लू २ विश्वामित्र।

कौशेय १ रेशम सिल्क २ रेशमी सिल्क का।

क्यारी कियारा कियारी केदार, मेड़।

क्यू कतार, पंक्ति लाइन।

क्यों किस काम से किस कारण किस वजह से किसलिए क्योंकर।

क्रंदन आँसू गिराना आँसू बहाना आर्तनाद चिल्लाना चीत्कार, रुदन रोना रोना-धोना विलाप।

क्रम १ अनुक्रम तरतीब तारतम्य विन्यास शृंखला २ दर्जा श्रेणी।

क्रमबद्ध क्रमानुसार तरतीबवार, व्यवस्थित शृंखलाबद्ध सिलसिलेवार।

क्रमशः एक-एक करके एक के बाद एक क्रम से क्रमानुकूल क्रमानुरूप क्रमानुसार, तरतीब से तरतीबवार थोड़ा-थोड़ा करके धीरे धीरे, नंबरवार, बारी-बारी से यथाक्रम यथानुक्रम शनैः-शनैः, सिलसिलेवार, सिलसिले से।

क्रमसंख्या क्रमांक नंबर, रोलनंबर।

क्रमहीन अव्यवस्थित अस्त-व्यस्त उलट-पुलट गड्ड-मड्ड गड़बड़ बेतरतीब बेसिलसिला विपर्यस्त।

क्रमांक (serial number)—अनुक्रमांक (क्र सं०)।

क्रमिक उत्तरोत्तर क्रमयुक्त क्रमानुसारी क्रमानुकूल तरतीबवार, सिलसिलेवार।

क्रय खरीदना मोल लेना -विक्रय—खरीद-फ़रोख्त।

क्रांति इनकलाब उलटफेर परिवर्तन फेरफार, बगावत राज्यक्रांति रिवोल्यूशन विद्रोह, विप्लव।

क्रांतिकारी इनकलाबी राजद्रोही विद्रोही विप्लवी।

क्राइटेरियन मानदंड मापदंड।

क्राइसिस संकट।

क्राइस्ट दे ईसा।

क्रिकेट गेंद-बल्ला बैटबाल।

क्रिया १ कर्म करतब करतूत करनी काम कारनामा कृत्य २ अनुष्ठान कर्मकांड ३ क्रिया-कर्म प्रेतकर्म श्राद्ध।

क्रियाकलाप कार्यकलाप गतिविधि।

क्रियात्मक अनुप्रयुक्त व्यावहारिक।

क्रियाविधि क़ायदा कार्यपद्धति कार्यप्रणाली कार्यविधि ढंग तरीक़ा पद्धति रीति विधि।

क्रियाशील कर्मठ कर्मनिष्ठ, क्रियानिष्ठ सक्रिय।

क्रियाशीलता कर्मठता कर्मनिष्ठता क्रियानिष्ठता सक्रियता।

क्रिस्तान ईसाई, ईसानुयायी क्रिश्चियन क्रिस्तानी।

क्रिसमस बड़ा दिन।

क्रीड़ा आमोद-प्रमोद कल्लोल केलि खिलवाड़ खेल खेल-कूद खेल तमाशा।

क्रीम मलाई।

क्रुद्ध आगबबूला आगभभूका आपे से बाहर, कुपित कोपित क्षुब्ध खफा खीझा हुआ गुस्सा नाराज रुष्ट, लाल-पीला।

क्रुद्ध होना आँखों में खून उतर आना आँखों से अंगारे बरसाना आगबबूला होना आगभभूका होना उफन पड़ना उबल पड़ना कुपित होना कोप करना क्रोध करना क्षुब्ध होना खीजना खून खौलना गरम होना गुस्सा करना गुस्से होना झल्लाना ताव खाना ताव में आना तीखा होना तैश खाना तैश में आना त्योरी चढ़ाना दाँत पीसना नाराज होना बरस पड़ना बिगड़ना बौखलाना भृकुटी तानना मुँह फुलाना रुष्ट होना रोष करना लाल-पीले होना।

क्रूर अत्याचारी आततायी कठोर कसाई, जल्लाद जालिम जुल्मी नादिरशाह निर्दय निर्दयी निर्मम निष्ठुर बर्बर, बेदर्द बेदर्दी बेरहम हिंस्र।

क्रूरता कठोरता निठुराई निर्दयता निष्ठुरता पशुता बर्बरता बेरहमी।

क्रेज उन्माद पागलपन सनक।

क्रेडिट : उधार, ऋण कर्ज।

क्रेन करेन किरेन।

क्रोध अप्रसन्नता अमर्ष आक्रोश कोप क्षोभ खीज खफगी गुस्सा झल्लाहट तैश नाराजगी प्रकोप बौखलाहट रिस रोष।

क्रोधित दे. क्रुद्ध।

क्रोधित होना दे. क्रुद्ध होना।

क्रोधी आग का पुतला गुस्सावर गुस्सेवाला गुस्सैल गुस्सैला।

क्लब क्लब सभा।

क्लर्क मुंशी मुहर्रिर, लिपिक।

क्लांत टूटा टूटा हुआ थका थका-माँदा थका-हारा थका हुआ थकित परिक्लांत परिश्रांत विपरिश्रांत श्रांत।

क्लांति थकन थकान थकावट परिक्लांति परिश्रांति श्रांति।

क्लॉक दीवाल घड़ी।

क्लिक गिरोह गुट मंडलगोष्ठी चौकड़ी।

क्लिप १ कागजी क्लिप पेपर क्लिप यू क्लिप जी क्लिप २ बाल क्लिप हेयर क्लिप।

क्लिष्ट कठिन गूढ़ जटिल (दे.) दुरूह दुर्बोध मुश्किल।

क्लिष्टता कठिनाई गूढ़ता जटिलता दुरूहता दुर्बोधता मुश्किलाहट।

क्लोवर (घास का) चरागाह।

क्लीव १ नपुंसक जनखा नामर्द पुंसत्वहीन मुखन्नस हिजड़ा २ ठंडा मंद ३ कायर डरपोक बुजदिल भीरु ४ कमजोर, पिलपिला शक्तिहीन।

क्लेश १ कष्ट तकलीफ, दुख दुख-दर्द पीड़ा वेदना व्यथा २ खट पट, झगड़ा लड़ाई।

क्वाँरा कुँआरा बिनब्याहा।

क्वाथ काढ़ा काढ़ी।

क्वार असोज आश्विन आसोज कुआर कुवार।

क्वारा दे. क्वाँरा।

क्वार्टर आवास घर, निवास फ्लैट, मकान।

क्वालिटी १ किस्म कोटि प्रकार, श्रेणी २ गुण (सभी) गुणता (हरि. केन्द्र राज.) गुणवत्ता (केन्द्र) विशेषता (केन्द्र राज उ. प्र.)।

क्वालिफिकेशन अर्हता योग्यता।

क्षण निमिष पल मिनट, लमहा सेकेंड।

क्षणभंगुर एक क्षण में टूट जाने वाला जल्द नष्ट होने वाला शीघ्र समाप्त हो जाने वाला दे. अस्थायी।

क्षणिक क्षण भर का जरा थोड़ी देर तक रहने वाला दे. अस्थायी।

क्षणिका १ लघु कविता २ बिजली (दे.)।

क्षत कटा हुआ खरोंच घाव चोट, जख्म व्रण।

क्षतविक्षत आहत घायल चोट खाया चोट लगा चोटिल जख्मी विक्षत लहूलुहान।

क्षति दे. हानि।

क्षतिपूर्ति (compensation)—अनुपूर्ति प्रतिपूर्ति (केन्द्र) प्रतिकर (राज. उ. प्र. बि. म. प्र.) मुआवजा हरजाना।

खग पक्षी दे चिड़िया।
खगोल अंतरिक्ष आकाशमंडल गगनमंडल नभोमंडल।
खचाखच ठसाठस पूरी तरह।
खजांची कैशियर कोषपाल कोषाध्यक्ष ट्रेजरर रोकड़िया।
खजाना दे कोष १।
खटक दे खटका।
खटकना १ अंदेशा होना आशंका होना २ अखरना अटपटा लगना अप्रिय लगना खलना गड़ना गड़बड़ लगना चुभना नागवार गुजरना बुरा लगना सालना।
खटका १ अंदेशा आशंका २ चिंता फिक्र, सोच ३ खतरा डर त्रास भय संत्रास ४ स्विच।
खटपट अनबन झगड़ा (दे) झगड़ा-टंटा टंटा टकराव मतभेद मनमुटाव (दे)।
खटमल ढेंकुण उड़िस उड़ुस उत्कुण खटकीट खटकीड़ा खटकिरवा मत्कुण।
खटराग झंझट परेशानी बखेड़ा लफड़ा।
खटाई खट्टी/तुर्श चीज (जैसे अनारदाना अमचूर अमहर इमली आदि)।
खटाखट आनन-फानन में खटपट चटापट जल्दी-जल्दी तुरंत फौरन फटाफट।
खटारा कबाड़ खचड़ा बेकार या रद्दी।
खटास अम्लता खट्टापन तुर्शी।
खटिया खटोला छोटी खाट छोटी चारपाई।
खट्टा अम्ल खटतुरस चूक तुर्श।
खट्टापन दे खटास।
खड़ाऊं *काष्ठपादुका खटपटी पट्टी पादुका।*
खड़िया खरिया खड़ी चाक चाकड़ी।
खड्ग दे तलवार।
खड्ड दे गड्ढा।
खत चिट्ठी पत्र लैटर।
खतना मुसलमानी सुन्नत।
खतम दे खत्म।
खतरनाक १ खौफनाक डरावना भयंकर भयावह, भीषण हौलनाक,

२ अनिष्टकर खतरेवाला नुकसानदेह हानिकर।

खतरा १ खौफ़, डर, दहशत भय २ अंदेशा आशंका खटका ३ रिस्क।

खता अपराध कसूर, गलती चूक त्रुटि भूल।

खत्म १ खतम पूर्ण परिसमाप्त समाप्त २ नष्ट बर्बाद विनष्ट।

खदान खान खाद माइन।

खद्दर खादी गाढ़ा हथकरघा का कपड़ा हैंडलूम।

खद्योत दे जुगनू।

खपड़ैल खपड़ा खपरैल टाइल नरिया-थपरी।

खपत १ उपभोग खर्च व्यय सर्फ़ २ निकास बिक्री सेल।

खफ़गी १ अप्रसन्नता नाराजगी नाराजी कोप क्रोध गुस्सा।

खबर १ जानकारी वृत्तांत समाचार सूचना २ खोज-खबर खैर-खबर हाल हाल-चाल ३ संदेश संदेसा ४ चेतना संज्ञा सुधबुध सुधि होश होश-हवास।

खबरदार चौकन्ना चौकस जागरूक जागृत सचेत सजग सतर्क सावधान होशियार।

खबीस १ कंजूस कृपण मक्खीचूस २ मनहूस।

खब्त झक पागलपन सनक।

खब्ती झक्की पागल बावला सनकी।

खम झुकाव टेढ़ापन लचना।

खयानत गबन चोरी बेईमानी विश्वासघात।

खयाल दे ख्याल।

खर दे गधा।

खरगोश खरहा शशक ससा।

खरल इमामदस्ता खल खल्ल लोढ़ी-बट्टा हमामदस्ता।

खरा १ अच्छा असली निर्दोष बढ़िया बेमिलावट, विशुद्ध २ ईमानदार छलछंदरहित निष्कपट, बेलाग सच्चा सच्चे दिल का साफ़।

खराब १ अधम कमीना खोटा गंदा घटिया दुष्ट दो कौड़ी का निकृष्ट नीच पतित बिगड़ा हुआ बुरा बेकार का भ्रष्ट, रद्दी वाहियात सड़ियल हलका (व्यक्ति) २ गंदी घटिया दो कौड़ी की बुरी बेकार बेकार की बेमसरफ़, रद्दी सड़ियल

हलकी (वस्तु) ३ अनुचित अशोभन गैरवाजिब बेजा (बात) ४ अमांगलिक अशुभ (दिन) ५ दूषित विषाक्त (वातावरण) ६ बुरी (स्थिति आदि)।

खराबी अवगुण ऐब गड़बड़ गड़बड़ी त्रुटि दोष नुक्स बुराई, विकार, विकृति।

खरीद क्रय मोल लेना —खरीदना—क्रय विक्रय बेचना-खरीदना बेचना मोल लेना।

खर्च १ खर्चा व्यय सर्फ़ २ इस्तेमाल उपभोग खपत।

खर्चीला अतिव्ययी अपव्ययी उड़ाऊ, खरचीला फ़िजूलखर्च बहुव्ययी मुक्तहस्त शाहखर्च।

खल १ अधम बुरा खोटा दुर्जन दुष्ट, धूर्त नीच बदमाश शठ २ खली।

खलक दे संसार।

खलनायक अपनायक विलेन।

खलबली १ अशांति सनसनी हलचल हड़कंप हड़बड़ी २ घबराहट व्याकुलता।

खलल अड़ंगा अड़चन बाधा रुकावट, व्याघात।

खलासी कुली मजदूर श्रमिक।

खलिहान खरिहान खलस्थान खलियान।

खली खरी खल।

खल्क दे संसार।

खसलत धंधा।

खस्ता करारा कुरमुरा भुरभुरा मुरमुरा।

खांड कच्ची चीनी कच्ची शक्कर, खाँड़ शक्कर।

खानदान दे परिवार।

खानदानी १ पुश्तैनी पैतृक वंशपरंपरागत २ अच्छे खानदान का कुलीन।

खाई खंदक गड्ढा परिखा।

खाऊ खादक पेटू बहुभोजी भोजनभट्ट।

खाक धूल मिट्टी राख।

खाकसार अकिंचन तुच्छ नाचीज़।

खाका ढाँचा नक्शा रूपरेखा।

खाकी भूरा मटमैला मटियाला।

खाज खारिश खुजली।

खाजा खाजा।

खाट खटिया खटोला खटुला चारपाई पलंग मची।

खाड़ी आखात खलीज।

खाता (ledger)—खाताबही (उ प्र बि म प्र) लेखाबही (म प्र) लेजर।

खातिर १ अर्थ (जैसे स्मरणार्थ) (के) लिए, (के) वास्ते (के) हेतु, २ अतिथि-सत्कार, आतिथ्य आदर, आदर-सत्कार, आव भगत इज्जत खातिर-तवाजा सत्कार सम्मान।

खातिरदारी अतिथि-सत्कार, आतिथ्य आदर-सत्कार, आवभगत खातिर तवाजा मेहमानदारी मेहमाननवाजी।

खाती काष्ठकार, तरखान बढ़ई।

खादर कछार।

खादिम दे नौकर।

खाद्य १ खानेयोग्य भक्ष्य भोज्य २ आहार, खाद्यपदार्थ खाद्य सामग्री खुराक भोजन भोज्य पदार्थ भोज्य सामग्री।

खाद्यपदार्थ खाद्यसामग्री खाद्य जिन्स भोज्य पदार्थ भोज्य सामग्री रसद राशन।

खाद्यान्न अनाज गल्ला।

खान आकर खदान माइन।

खानदान दे परिवार।

खानसामा दे बावर्ची।

खाना (संज्ञा) खुराक भोजन।

खाना (क्रिया)—आहार करना चखना चरना चाटना चुगना चीखना जीमना ठूंसना पाना प्रसाद लेना फांकना बियारी करना भोजन करना भक्षण करना भोजन पाना रोटी खाना गुटकना।

खामी अवगुण ऐब कमी कसर, त्रुटि नुक्स बुराई।

खामोश अवाक्, गुमसुम चुप मौन।

खामोशी १ चुप्पी मौन २ नीरवता शांति सन्नाटा।

खार १ क्षार, रेह सोडा साजी सज्जी २ ईर्ष्या (खारखाना)।

खार दे० काँटा।

खारा १ क्षारयुक्त नमकीन २ अरुचिकर कड़वा।

खारिज करना (dismiss) निरस्त करना (म प्र) (set aside) अपास्त करना (केन्द्र तथा कई) निराकृत करना (उ प्र) रद्द करना (हि म प्र)।

खारिश खाज खुजली।

खाल चमड़ा चमड़ी चर्म त्वचा।

खाला मातृभगिनी मातृष्वसा मासी मौसी।

खालिस निखालिस परिशुद्ध प्योर विशुद्ध शुद्ध।

खाली १ छूछा रिक्त रीता शून्य २ कोरा ब्लैंक सादा ३ असार खोखला निरर्थक निष्फल निस्सार, व्यर्थ साराहीन ४ फ़कत भर, महज़ मात्र सिर्फ़ ही।

खाविंद कांत खसम घरवाला पति बालम भर्ता भर्तार, मर्द मियाँ वल्लभ शौहर, साजन सैयाँ स्वामी।

खास १ ठेठ विशिष्ट, विशेष स्पेशल २ प्रधान प्रमुख मुख्य।

खासा १ अच्छा, अच्छा-खासा बढ़िया भला २ काफ़ी पर्याप्त प्रचुर, भरपूर।

खासियत १ विशिष्टता विशेषता सिफ़त २ प्रकृति स्वभाव।

खाहमखाह नाहक निरर्थक रूप से यों ही व्यर्थ में।

खाहिश दे० ख्वाहिश।

खिचड़ी १ कृशरान्न खिचड़ खिचरी २ मिला-जुला मिश्रण ३ गड़बड़ (जैसे खिचड़ी पकना) गोलमाल घपला घोटाला ४ मकर संक्रांति।

खिंचाव १ आकर्षण कशिश खिंचावट सम्मोहन २ तनाव।

खिजाँ पतझड़ हेमंत।

खिड़की गवाक्ष खोखा जँगला झाँझरी झरोखा दरीचा बारी वातायन।

खिताब उपाधि पदवी।

खित्ता अंचल क्षेत्र प्रदेश प्रांत भूभाग।

खिदमत खिदमतगारी टहल टहल-सेवा परिचर्या सेवा सेवा शुश्रूषा।

खिदमतगार अनुचर किंकर, खादिम चाकर टहलुआ नौकर परिचारक

शून्य।

खिन्न १ अनमना अन्यमनस्क अवसादग्रस्त उचाट उदास उद्विग्न उन्मन चिंतित दुखी विमनस्क व्यग्र २ अप्रसन्न क्रुद्ध नाराज रुष्ट।

खिन्नता अनमनापन अन्यमनस्कता उचाट उदासी दुख।

खिलना १ कुसुमित होना पुष्पित होना फूलना २ आनंदित होना आह्लादित होना उत्फुल्ल होना उल्लसित होना खुश होना प्रफुल्ल होना प्रफुल्लित होना प्रमुदित होना प्रसन्न होना।

खिलाड़ी खेलने वाला प्लेयर।

खिलाफ १ असहमत उलटा प्रतिकूल बरखिलाफ, विपरीत विरुद्ध २ तुलना में मुकाबिले में विपरीत विरोध में।

खिला हुआ १ उत्फुल्ल कुसुमित पुष्पित २ आनंदित आह्लादित उल्लसित प्रमुदित प्रफुल्ल प्रफुल्लित मुस्कुराता हुआ ३ अम्लान निखरा हुआ।

खिल्ली उपहास मखौल मजाक हँसी।

खीज कुढ़न कुढ़ना खीझ क्षोभ (दे) चिढ़ चिढ़ना झल्लाना झल्लाहट झुँझलाना झुँझलाहट रोष (दे)।

खील खीला मुरमुरा लवा लाई लाजा लावा लावा।

खुजली १ खुजाहट खसरा खाज खारिश २ खुजलाहट सुरसुरी।

खुद अपने आप आप आपसे आप खुद-ब-खुद स्वतः स्वयं।

खुदकशी आत्मघात आत्महत्या।

खुदगरज दे खुदगर्ज।

खुदगरजी दे खुदगर्जी।

खुदगर्ज खुदगर्जी मतलबी स्वार्थपरायण स्वार्थांध स्वार्थी।

खुदगर्जी १ मतलब मतलब मतलबीपन मतलबीपना स्वार्थ स्वार्थपरायणता स्वार्थांधता २ दे खुदगरज।

खुदमुख्तार : आजाद स्वच्छंद स्वतंत्र स्वाधीन स्वायत्त।

खुदरा : १ फुटकर, फुटकल रिटेल स्फुट २ छुट्टे पैसे चिल्लर, फुटकर रेजगारी रेजगी।

खुदा अल्ला अल्लाह अल्लाहताला इलाही करीम खालिक खुदावंद गफ्फार, परवरदिगार रज्जाक रहमान रहीम सत्तार। दे ईश्वर भी।

खुदाहाफ़िज़ अलविदा गुडबाई, टा-टा या बाइ-बाइ।

खुदी अभिमान (दे.) अहंकार गर्व गुरूर घमंड।

खुद्दार आत्मसम्मानी।

खुफ़िया १ गुप्तचर चर जासूस भेदिया २ गुप्त छिपा छिपा हुआ पोशीदा।

खुमार, खुमारी १ नशा हलका नशा २ आलस्य ढीलापन थकावट शिथिलता हलकी थकावट।

खुर टाप शफ़ सुम।

खुरदरा असमतल खुरखुरा-खुरखुरा नाहमवार, विषमतल।

खुराक आहार, खाद्य खाना गिज़ा भोजन।

खुराफ़ात उपद्रव झगड़ा बखेड़ा लफड़ा।

खुर्दबीन माइक्रास्कोप सूक्ष्मदर्शक यंत्र।

खुर्राट १ घाघ, चालाक चालू धूर्त २ अनुभवी, तजुर्बेकार ३ बूढ़ा बूढ़ा-खुर्राट वृद्ध।

खुला लंबा चौड़ा विशद विशाल विस्तीर्ण विस्तृत २ जाहिर, प्रकट स्पष्ट ३ खोला खुला हुआ।

खुलासा १ निचोड़ मूलतत्त्व मूलपाठ लुब्बेलुबाब संक्षेप सार-तत्त्व सार-संक्षेप सारांश २ साफ़ स्पष्ट स्पष्टीकरण।

खुले आम खुल्लम-खुल्ला डंके की चोट पर दिन-दहाड़े सबके देखते सरेआम।

खुले तौर पर १ खुले आम खुल्लम-खुल्ला सरे आम सार्वजनिक रूप से २ दो-टूक बिना लाग-लपेट के साफ़-साफ़ स्पष्टत:।

खुश १ आनंदित आह्लादित उत्फुल्ल उल्लसित प्रफुल्लित प्रसन्न प्रसन्नचित्त मगन २ अच्छा बढ़िया (जैसे खुशकिस्मत में)।

खुशकिस्मत खुशनसीब तकदीरवाला भाग्यवान भाग्यशाली सौभाग्यशाली।

खुशकिस्मती खुशनसीबी सौभाग्य।

खुशदिल १ आनंदी खुशमिज़ाज ज़िंदादिल प्रसन्नमुख प्रसन्नहृदय मौजी विनोदी हँसमुख २ खुशमिज़ाज मखौलिया मज़ाकिया मसखरा हँसोड़।

खुशनसीब दे. खुशकिस्मत।

खुशनसीबी दे. खुशकिस्मती।

खुशबू सुगंध सुरभि सुवास सौरभ।

खुशबूदार सुगंधयुक्त सुगंधवाला सुवासयुक्त सुवासवाला।
खुशमिजाज दे खुशदिल।
खुशहाल खाते-पीते संपन्न समृद्ध सुखी दे धनी।
खुशामद चाटुकारिता चाटुकारी चापलूसी झूठी प्रशंसा।
खुशामद करना दे चापलूसी करना।
खुशामदी खुशामदी टट्टू (विशेष रूप से अनादरसूचक) चाटुकार, चापलूस।
खुशी १ आनंद आह्लाद उल्लास प्रसन्नता हर्ष २ इच्छा मर्जी रजा।
खुश्क १ शुष्क सूखा २ अरसिक नीरस रूखा।
खुश्की रूखापन शुष्कता।
खूंखार दे खूंख्वार।
खूंख्वार १ खौफनाक डरावना भयंकर, भयानक भयावह भीषण हौलनाक २ क्रूर, निर्दय ३ खतरनाक।
खूंट किनारा कोना पार छोर।
खूंटा खलान कोटा कील यूप।
खूंटी कील टेंगना टेंगनी मेख।
खून १ रक्त रुधिर, लहू लोहू शोणित २ कत्ल वध हत्या।
खूनखराबा खूनखराबी मारकाट, हिंसा।
खूनी १ क़ातिल खून करनेवाला घातक घाती मार डालनेवाला २ दे खूंख्वार।
खूब १ अच्छी तरह छककर ज्यादा नाक तक बहुत भर-पेट (जैसे 'खूब खाया') २ काबिलेतारीफ़, प्रशंसनीय (जैसे खूब काम किया) ३ अच्छा उत्तम उमदा भला।
खूबसूरत दे सुंदर।
खूबसूरती दे सुंदरता।
खूबी अच्छाई खासियत गुण विशिष्टता विशेषता सिफ़त सिफ्त।
खूराक दे खुराक।
खूसट १ बेरौनक मनहूस २ उल्लू (दे)।
खेतिहर काश्तकार किसान कृषक हलवाहा।
खेती काश्त काश्तकारी किसानी कृषि कृषिकर्म खेती-बाड़ी खेती-बारी फॉर्मिंग।
खेद अफ़सोस ग़म ग्लानि दुःख मलाल रंज शोक।

खेद है क्षमा करें दुख है सॉरि।

खेमा कैंप खीमा छोलदारी डेरा तंबू पड़ाव शामियाना शिविर।

खेल १ क्रीड़ा खेल-कूद स्पोर्ट २ दिलबहलाव खेल-तमाशा मन बहलाव मनोरंजन ३ कौतुक लीला लीला ४ आसान काम हलका काम ५ अठखेलियाँ केलि आमोद-प्रमोद ६ अभिनय नाटक नौटंकी स्वांग।

खेल-कूद १ क्रीड़ा खेल स्पोर्ट्स २ खेल-तमाशा मनबहलाव मनोरंजन।

खेवैया केवट खेवट खेनेवाला नाविक मल्लाह माँझी।

खैर कत्था।

खैर १ कुशल कुशल-मंगल क्षेम क्षेम-कुशल खैरियत २ अच्छा अस्तु कुछ चिंता/परवा नहीं कोई बात नहीं।

खैरखाह, खैरख्वाह शुभचिंतक शुभेच्छु हितचिंतक हितू।

खैरात दान दान-पुण्य धर्मार्थ।

खोखला १ पोपला पोला २ खाली शून्य सूना रिक्त ३ असार, निस्सत्व निस्सार।

खोखलापन १ पोलापन २ निस्सारता।

खोज १ अनुसंधान अन्वेषण खोज-बीन गवेषणा २ आविष्कार, ईजाद ३ अन्वीक्षण अन्वीक्षा ४ तलाश संधान ५ अता पता खोज-खबर पता-ठिकाना ६ तलाशी छर्च।

खोजना अता-पता लगाना खोज करना खोज-ढूँढ़ करना खोज-बीन करना चिराग लेकर ढूँढ़ना छान डालना छान-बीन करना छानबीन करना छान मारना तलाश करना तलाशना पता लगाना।

खोट १ मिलावट मिश्रण २ अवगुण ऐब कमी कसर, दोष दुर्गुण बुराई ३ कपट छल छल-कपट छल-छंद दगा धोखा फरेब।

खोटा १ मिलावटी मिश्रणवाला (जैसे सोना) २ नकली (जैसे सिक्का) ३ अवगुणी ऐबी कपटी खराब बुरा।

खोता दे गदहा।

खोना गँवाना छूटना हाथ से निकल जाने देना।
खोपड़ी कपार कपाल शीश सर सिर।
खोया : खोआ खोवा मावा।
खोह कंदरा गुफा गुहा।
खौफ़ दे डर।
खौफ़नाक दे डरावना।
खौलना उफनना उबलना उबाल आना गरम होना गरमाना जोश खाना पकना।
ख्यात
ख्यातनामा दे प्रसिद्ध।
ख्याति कीर्ति नाम नामवरी प्रतिष्ठा प्रसिद्धि मशहूरी यश शोहरत।
ख्यातिप्राप्त दे प्रसिद्ध।
ख्याल १ खयालात विचार २ भाव भावना ३ मनोवृत्ति ४ ध्यान याद स्मरण स्मृति।
ख्याली अवास्तविक कल्पित फ़र्ज़ी।
ख्वाब सपना स्वप्न।
ख्वाहिश दे इच्छा।

ग

गंगा अलकनंदा जाह्नवी त्रिपथगा देवनदी देवापगा भागीरथी मंदाकिनी विष्णुपदी सुरतरंगिणी सुरधुनि सुरनदी सुरसरि सुरसरिता स्वर्गापगा।
गंगाजमनी खिचड़ी दुरंगा मिला-जुला मिश्रित संकर।
गंज १ गल्लामंडी गोला बाजार हाट २ गंजा रोग चँदलाई चाई।
गंजा खल्वाट चँदला चँदोर, चमोर।
गंजी बंडी बनियायन सदरी।
गँठिया आमवात जोड़दर्द गठिया वाय वातशूल।
गंडमाला कंठमाला गलगंड।

गंडा गंडा-ताबीज ताबीज।

गंतव्य गन्तव्य स्थान मंज़िल मंज़िल-ए-मक़सूद, लक्ष्य लक्ष्य-स्थान।

गंदगी १ कूड़ा २ मल ३ मैल ४ मलिनता मैलापन।

गंदला गंदा मलिन मैला।

गंदा १ अपवित्र अशुद्ध गँदला गलीज़ चिपचिट नापाक मलिन मैला मैला-कुचैला २ कुत्सित गर्हित घिनौना घृणित नापाक बुरा ३ अशिष्ट अश्लील फुहड़ फूहड़।

गंदुम कनक गेहूँ गोधूम गोहूँ।

गंध १ बास बू, महक २ खुशबू, सुगंध सुवास सौरभ ३ दुर्गंध बदबू।

गंधकी ईषत् पीत गंधकरंगी गंधकवर्णी हलका पीला दे पीला।

गंधर्व किन्नर दिव्यगायक देवगायक विद्याधर सुरगायक।

गंधर्वविद्या संगीत।

गंधवह दे हवा।

गबी मलार, मौखिक सुस्त-दिमाग।

गंभीर १ अगाध अतल अथाह गहरा २ विचारशील शांत संजीदा सीरियस (व्यक्ति) ३ कठिन गूढ़ जटिल (समस्या) ४ घोर भारी (संकट) ५ गहरी प्रगाढ़ (नींद) ६ गहन गहरा (चिंतन अध्ययन) ७ अगाध अथाह गहरा (विद्वान) ८. चिंताजनक चिंतनीय चिंत्य सीरियस।

गँवई दे गँवार।

गँवाऊ अमितव्ययी फ़ज़ूलखर्च फेंकू अपव्ययी मुक्तहस्त लुटाऊ, उड़ाऊ।

गँवाना खोना लुटाना हाथ से निकल जाने देना।

गँवार १ अनाड़ी अशिष्ट,असभ्य उजड्ड गँवई ग्रामीण ग्रामीण देहाती बेशऊर बेसलीका २ बुद्धू बेवकूफ़, मूर्ख (दे) ३ अनपढ़ अशिक्षित भाषावर्ती बेपढ़ा-लिखा निरा मोटा पढ़ पत्थर।

गऊ १ गाय पशु, २ निरीह निष्कपट भोला भोला भाला सरल सीधा सीधा-साधा।

गगन : दे आकाश।

गगनचुंबी गगनस्पर्शी अत्यंत उच्च उत्तुंग गगनभेदी बहुत ऊँचा।

गगरा कलश कलसा कलसी कुंभ गगरी घट घड़ा।

गज दे हाथी।

गजक तिलपपड़ी तिलशकरी।

गजट राजपत्र।

गजटिड / गजटेड राजपत्रित।

गजब १ अद्भुत अनूठा अपूर्व आश्चर्यजनक गजब का कमाल का निराला २ अंधेर अत्याचार, अन्याय जुल्म -ढाना—कयामत ढाना कयामत बरपा करना कहर ढाना गाज गिराना बिजली गिराना।

गजरदम उष:काल में तड़के भोर में सुबह-सवेरे, सुबह-सुबह सवेरे सवेरे बहुत तड़के बहुत सुबह।

गजरा पुष्पमाला पुष्पहार, माला।

गजानन दे गणेश।

गट्ठर गांठ गांठी गट्ठा गठरी गड्ड गड्डी पुलिंदा पूला पोटली बंडल बकुचा बकुची बुकचा बोझ मुट्ठा।

गठन बनावट रचना-विन्यास विन्यास संघटना संरचना।

गठरी दे गट्ठर।

गठिया आमवात जोड़ दर्द वात वातशूल।

गठीला कसा हुआ गठा सुगठित सुडौल हृष्ट-पुष्ट।

गड़बड़ १ अस्तव्यस्तता अव्यवस्था कुप्रबंध गड़बड़घोटाला गड़बड़ झाला गड़बड़-सड़बड़ गड़बड़ी गड़-बड़ गोलमाल घपला घोटाला २ उथल-पुथल उपद्रव गड़बड़ी ३ झगड़ा (दे) झगड़ा-झंझट लफड़ा ४ अस्तव्यस्त गड्डमड्ड (दे)।

गड़बड़ी १ दे गड़बड़ २ विकार।

गड़मड़ दे गड्डमड्ड।

गड़रिया भड़रिया गड़री भड़ियारा भेड़िहारा।

गड्डमड्ड १ उलटा-पुलटा उलटा-सीधा उलटा-सुलटा अटपटांग गड़बड़ अव्यवस्थित अस्तव्यस्त बेतरतीब व्यवस्थाहीन २ मिला-जुला मिला हुआ मिश्रित।

गड्डी गड्ड गट्ठर (दे) ढेर ढेरी पुलिंदा पोटली (दे)।

गड्ढा खड्ड खड्डा खता खोह गढ़हा गढ़ा गर्त गार।

गढ़ — क़िला, कोट गढ़ी दुर्ग फोर्ट।

गढ़ना — कल्पना कर लेना कल्पित करना कल्पित कर लेना गढ़ लेना जाली बना लेना जालसाजी करना झूठे गढ़ या बना लेना।

गढ़ी — दे गढ़।

गण — जन झुंड दल वर्ग पूग श्रेणी संघ सभा समुदाय समूह (दे) २ प्रमथ शिवगण शिवपारिषद् शिवपार्षद ३ अनुचर, परिचारक सेवक (दे)।

गणतंत्र — गणराज्य जनतंत्र प्रजातंत्र लोकतंत्र।

गणना — १ गिनती शुमार २ तादाद संख्या ३ हिसाब हिसाब किताब ४ आकलन ५ जनगणना मर्दुमशुमारी।

गणनायक, गणपति, गणाधिप — दे गणेश।

गणिका — दे वेश्या।

गणित — अंकगणित अरिथमैटिक गणितशास्त्र मैथमैटिक्स मैथ्स हिसाब।

गणेश — अंबिकेय आदिपूज्य एकदंत गजबदन गजानन गणनायक गणपति गणाधिप ढुंढि द्विमातुर हैमातुर भवानीनंदन लंबोदर, वक्रतुंड विघ्नहर विघ्नेश विनायक शूर्पकर्ण सिद्धि विनायक हस्तिमुख हेरम्ब।

गण्यमान्य — ख्यातनामा ख्यातिप्राप्त जाने-माने नामी नामी-गिरामी प्रतिष्ठित मान्य यशस्वी लब्धप्रतिष्ठ।

गत — १ अतीत गया हुआ गुज़िश्ता बीता हुआ भूत विगत व्यतीत २ अंतिम पिछला लास्ट ३ मरहूम मरा हुआ मृत यशःशेष स्वर्गीय (दे)।

गतप्रयोग — अप्रचलित अप्रयुक्त प्रयोगबाह्य।

गतानुगतिक : अंधानुकरण करने वाला परंपरानुयायी परंपरावादी लकीर का फ़क़ीर।

गतावधिक : अप्रचलित गतप्रयोग पुराकालीन पुराना प्राचीन भूतकालिक।

गति — १ चाल प्रवाह रफ़्तार, वेग स्पंदन (जैसे हृदयगति) हरकत २ अवस्था दशा हाल हालत ३ माया लीला (जैसे ईश्वर

की गति) ४ मुक्ति मोक्ष।

गतिविधि १ कार्य-कलाप क्रिया-कलाप २ सरगर्मी हलचल।

गतिशील १ गतिमान चलता-फिरता मोबाइल २ प्रगतिवादी (दे)।

गदगद आनंदित खुश प्रसन्न (दे)।

गदर १ बगावत विद्रोह विप्लव २ उथल-पुथल खलबली गड़बड़।

गदहा दे गधा।

गद्दा गदेला गिलम (गुदगुदा) बिछावन बिछौना तोशक मैट्रेस (मोटा) लेवा।

गद्दी १ आसन कुर्सी राजसिंहासन सिंहासन तख्त २ पद पोस्ट ३ गदेला तोशक लेवा।

गद्यगीत गद्यकाव्य।

गधा १ खर खोता गदहा गर्दभ रासभ रासभ वैशाखनंदन शंकुकर्ण शीतलावाहन २ मूर्ख (दे)।

गनीमत अच्छी बात संतोष की बात।

गन्ना इख ईख उखु ऊख पौंडा।

गप गपशप गप्प झूठी खबर, झूठी बात बकवाद बकवास व्यर्थ की बात।

गप मारना गपशप करना गप हाँकना झूठ-सच बोलना बकवास करना।

गप्पी १ गपबाज गप मारनेवाला गप हाँकनेवाला गपोड़ा गपोड़ी जल्पक बड़बड़िया गपक्कड़ लबार २ बातू बक्की बड़बोला बतक्कड़ बतक्कड़ी बहुभाषी बातूनी भड़भड़िया वाचाल।

गफ गाढ़ा घना घनी बुनावट वाला।

गफलत १ असतर्कता असावधानी बेपरवाही लापरवाही चूक गलती भूल।

गबन १ (embezzlement)—गबन (सभी) धनहरण (म प्र) अपहरण (म प्र) व्यपहरण (म प्र) (defalcation) —गबन (सभी) खयानत (म प्र) व्यहरण (म प्र) हड़प (म प्र)।

गम अफ़सोस दुःख (दे) रंज शोक।

गमखोर सहनशील सहिष्णु।

गमगीन उदास दुखी रंजीदा।

गमछा अँगोछा अँगोछी अंगौछा अगौछी।

गमन चलना जाना प्रस्थान यात्रा करना रुख़सत होना।

गरज १ आवश्यकता ज़रूरत (दे) २ इच्छा (दे०) चाह ३ मतलब स्वार्थ।

गरजना १ गर्जन करना गरजन-तरजन २ चिंघाड़ना दहाड़ना ३ गड़गड़ाना ४ गड़गड़ाहट गरज गर्जन-तर्जन घनरव।

गरजमंद १ आवश्यकतावाला ज़रूरतमंद २ इच्छुक (दे) चाहने वाला ३ गरजी गरजू।

गरदन दे गर्दन।

गरम दे गर्म।

गरमागरम ताजा बिलकुल गरम।

गरमी दे गर्मी।

गरल दे ज़हर।

गरिमा गंभीरता गुरुत्व महानता संजीदगी।

गरिष्ठ कष्ट करनेवाला दुष्पाच्य भारी।

गरीब १ अकिंचन कंगाल तंगदस्त दरिद्र धनहीन नादार, निर्धन मुहताज मुफ़लिस २ दयनीय दीन दीन-हीन।

गरीबी अकिंचनता कंगाली गुरबत तंगदस्ती तंगी दरिद्रता दारिद्र्य धनहीनता नादारी निर्धनता मुहताजी मुफ़लिसी।

गरुड़ खगराज खगेश खगेन्द्र नागांतक पक्षिराज पन्नगारि भुजग भोजी विष्णुवाहन विहंगराज वैनतेय सुवर्णपक्ष हरिवाहन।

गरूर दे घमंड।

गरूरी दे गुरूरी।

गर्ज मतलब स्वार्थ (दे)।

गर्जन गर्जना : गर्जन-तर्जन चिंघाड़ दहाड़ मेघगर्जन।

गर्जमंद आवश्यकतावाला इच्छुक गरजी गरजू ज़रूरतमंद ज़रूरत वाला तलबगार, सस्पृह साकांक्ष हाजती।

गर्त दे गड्ढा।

गर्द दे धूल।

गर्दन कंठ कंध कंधर गटई गला ग्रीवा घाँटी।
गर्दभ दे गधा।
गर्भ पेट हमल।
गर्भपात गर्भस्राव।
गर्भवती दे गर्भिणी।
गर्भाधान गर्भधारण।
गर्भाशय बच्चेदानी।
गर्भिणी गर्भवती गाभिन सगर्भा हामिला।
गर्म उष्ण कुनकुना गरम गरमागरम गुनगुना जलता तप्त ताता।
गर्मी १ आतप उष्णता ऊष्मा गरमाहट गरमी तपन तपिश ताप निदाघ २ ग्रीष्म ग्रीष्मकाल निदाघ ३ आतशक उपदंश गरमी फ़िरंगरोग।
गर्व अहंकार, अभिमान गुमान घमंड (दे) दंभ दर्प फख्र।
गर्वीला अकड़बाज अकड़ू अभिमानी अहंकारी गुमानी गरूरी मगरूरी घमंडी दंभी।
गर्हित अधम कमीना कुत्सित खराब निंदित निकृष्ट नीच बुरा।
गलगंड घेघा।
गलत १ अयथार्थ असत्य झूठ, झूठा मिथ्या २ अशुद्ध त्रुटिपूर्ण दोषपूर्ण सदोष ३ अग्राह्य अनुपयुक्त अयुक्त अवांछनीय ४ अनुचित असमीचीन गैरवाजिब गैरमुनासिब नाजायज नामाकूल नामुनासिब ५ अनैतिक नीति-विरुद्ध बेक़ायदा।
गलतफ़हमी धोखा भ्रम भ्रांति मतिभ्रम मुगालता विभ्रम।
गलती १ अपराध जुर्म २ अशुद्धि त्रुटि दोष भूल भूलचूक ३ धोखा भ्रम मतिभ्रम विभ्रम।
गला १ गरदन गर्दन ग्रीवा २ गरेबान ३ कंठ ४ आवाज ५ कंठस्वर, सुर स्वर।
गली कूचा खोर, खोरी गली-कूचा गैल वीथिका वीथी।
गलीचा क़ालीन गालीचा।
गलीज १ गंदा चीकट मलिन मैला मैला-कुचैला २ अपवित्र अशुद्ध नापाक ३ कूड़ा-करकट गंदगी गंदी वस्तु, मैला विष्ठा।

गम्मा गुड़ दम रेहड़ (चौपायों का)।
गल्ला अनाज अन्न धान्य पैदावार फसल।
गवर्नमेंट शासन सरकार।
गवर्नर राज्यपाल।
गवाक्ष खिड़की मोखा भँभरा झरोखा वातायन।
गवाह प्रत्यक्षदर्शी साक्षी।
गवाही शहादत साक्ष्य।
गवेषणा अनुसंधान अन्वेषण खोज रिसर्च शोध।
गश : बेहोशी मूर्च्छा।
गश्त चक्कर दौरा राउंड रौंद दौर।
गश्ती चिट्ठी (circular) परिपत्र सर्कुलर।
गस्सा कौर ग्रास निवाला।
गहन १ गंभीर गहरा २ घना दुर्भेद्य निबिड़ सघन ३ कठिन क्लिष्ट गूढ़ दुरूह दुर्बोध।
गहना दे आभूषण।
गहरा १ अथाह अतल अतलस्पर्शी अगाध गंभीर (जैसे पानी) २ प्रगाढ़ (जैसे नींद) ३ घना दुर्भेद्य निबिड़ तमोमय (जैसे अंधकार) ४ घनिष्ट नजदीकी (जैसे संबंधी) ५. गंभीर गहन (अध्ययन) ६ शोख चटक (रंग)।
गहराई गंभीरता गहरापन।
गह्वर १ बिल विवर २ कंदरा गुफा गुहा ३ गड्ढा गर्त गार।
गाँठ १ ग्रंथि गुत्थी ग्रंथि फंदा बंधन २ अड़चन उलझन उलझाव ३ अनबन (दे) मनमुटाव।
गांभीर्य दे गंभीरता।
गाँव खेड़ा ग्राम टोला देहात पुरवा पुर बस्ती।
गाइड १ पथप्रदर्शक मार्गदर्शक २ अगुआ नेता।
गाइडेंस देख-रेख निदेशन मार्गदर्शन।
गागर गगरा कलसा गगरा घघरा गगरी गागरी घड़ा।
गाड़ी १ ट्रेन रेल रेलगाड़ी २ कार, मोटर मोटरगाड़ी ३ यान वाहन सवारी ४ छकड़ा बैलगाड़ी शकट।
गाढ़ा १ गहरा घनिष्ठ (मित्र) २ चटक चटकीला शोख (रंग) ३ परिश्रम मेहनत श्रम (गाढ़े की कमाई) ४ आसन्न

विपत्ति संकट (गाढ़े दिन)।

गात गात्र दे शरीर।

गाथा १ अफ़साना आख्यान कथा कहानी किस्सा दास्तान फ़साना २ वृत्तांत समाचार, हाल-चाल।

गान दे गाना।

गाना १ गान गीत तराना नग़मा २ मौसीकी म्यूज़िक संगीत।

ग़ाफ़िल १ असावधान बेपरवाह लापरवाह २ बेख़बर, बेसुध।

गाय १ गऊ, गऊमाता गोमाता गैया गौ धेनु, पयस्विनी सुरभी २ अल्लाह की गाय निरीह भोला भोला-भाला सरल सीधा सीधा-सादा बहुत सीधा।

गायक गानेवाला गवैया।

गायकी गानविद्या गाना गायन गायनविद्या गायनशास्त्र।

ग़ायब अंतर्धान अदृश्य अदृष्ट, अनुपस्थित अप्रकट ओझल ग़ैर हाज़िर छूमंतर तिरोभूत तिरोहित रफ़ूचक्कर, लुप्त विलुप्त विलीन। -होना—उपर्युक्त पर्यायों में 'होना' जोड़कर इसके पर्याय बनेंगे। इसके अतिरिक्त 'नौ दो ग्यारह होना' 'ऐसे ग़ायब जैसे गधे के सिर से सींग' आदि भी पर्याय हैं।

गार दे गड्ढा।

गार्जियन अभिभावक संरक्षक।

गार्ड १ गारद पहरेदार सुरक्षागार्ड २ चौकी पहरा रखवाली ३ रेलवेगार्ड।

गार्हस्थ्य गृहस्थाश्रम।

गाल कपोल रुख़सार।

ग़ालिबन कदाचित् शायद संभवतः संभव है हो सकता है।

गाली अपशब्द गाली-गलौज गाली-गुफ़्ता दुर्वचन बदज़बानी।

गावतकिया मसनद।

गाहक क्रेता ख़रीददार, ख़रीदनेवाला ख़रीदार, ग्राहक मोल लेने वाला।

गिड़गिड़ाना अनुनय-विनय करना दया की भीख माँगना नाक रगड़ना मिन्नत करना रिरियाना हाथ-पैर जोड़ना।

गिद्ध गीध गृध्र दूरदृष्टि।

गिनती १ गिनना २ अदद नग ३ गणना तादाद नंबर शुमार,

संख्या।

गिनना १ गणना करना गिनती करना शुमार करना २ महत्व समझना (तुम्हें वे कुछ भी नहीं गिनते)।

गिनेगिनाए, गिनेचुने इने-गिने कुछ कुछ थोड़े से थोड़े-थाड़े।

गिफ्ट उपहार, तोहफा प्रेजेंट भेंट।

गिरमिट कुआमुक हलफनामा गिरौना गिरमिटाम सरटा।

गिरजा गिरिजा गिर्जाघर, चर्च।

गिरना १ अवनति उतार गिराव गिरावट उलटसुली पतन स्खलन ह्रास २ अवनत होना अवनति होना उतार-आना गिरना पड़ना पतन होना पतित होना लुढ़कना स्खलन होना स्खलित होना ह्रास होना ३ कमी आना गिरावट आना घटना लुढ़कना (सोना लुढ़का) ४ बैठना (छत) ५ टपकना (आम)।

गिरफ्तार करना : अरेस्ट करना नजरबंद करना पकड़ लेना बंदी बनाना हिरासत में लेना।

गिरवी बंधक रेहन।

गिरह गांठ, ग्रंथि।

गिरहकट १ जेबकटा २ जेबकतरा पाकेटमार।

गिरां अधिक दाम वाला महंगा महार्घ।

गिरा दे सरस्वती।

गिरानी महंगाई, महंगी।

गिरि दे पहाड़।

गिरिजा दे पार्वती।

गिरिराज
गिरीश १ दे हिमालय २ गोवर्धन पर्वत ३ शिव (दे)।
गिरीश

गिरोह गुट जत्था टोली दल मंडली।

गिलहरी गट्टो गिलाई गिल्की गिल्ली चीधुर चेखुर।

गिला गिला-शिकवा शिकवा शिकवा-शिकायत।

गिलाफ १ आवरण खोल २ रजाई लेहाफ।

गिलास : ग्लास।

गीत १ गान गाना तराना नग़्मा सांग २ लोकगीत ३ मद्य गीत ४ बड़ाई, यथा (वे तो तुम्हारे ही गीत गाते फिरते हैं)।

गीदड़ १ दे सियार, २ कायर, डरपोक बुजदिल।

गीध गिद्ध गृध्र।

गीला आर्द्र भीगा डूबा (पानी या रस में) तर तरबतर, नम पुर नम भीगा (पानी में) सजल सीमयुक्त सीला।

गीलापन आर्द्रता नमी सीलन।

गुंचा दे कली।

गुंजन गूँजना भनभनाहट।

गुंजा घुँघची चिमा चिमी।

गुंजाइश १ जगह स्थान २ अवकाश वक्त समय ३ सुभीता सुविधा ४ धारिता समाई।

गुंडई आवारगी गुंडापन बदमाशी लोफरी शोहदई।

गुंडा आवारा कुमार्गी बदचलन बदमाश लोफर, शोहदा।

गुच्छा : गुच्छ गुच्छक स्तबक।

गुजरना १ कटना बीतना व्यतीत होना (समय) २ पड़ना (किसी पर गुजरना) ३ जाना (उधर से गुजरो तो) ४ मरना (जामा के साथ वे गुजर गए)।

गुजर-बसर गुजारा निर्वाह, समय-यापन।

गुजारना काटना बिताना व्यतीत करना।

गुजारा १ गुजर, निर्वाह २ गुजारा-भत्ता जीवन-निर्वाह-वृत्ति -करना— बसर करना गुजर-बसर करना जीवन-यापन करना।

गुजारिश अर्ज निवेदन प्रार्थना विनती।

गुजिश्ता गत पिछला बीता हुआ व्यतीत।

गुट गिरोह गुट्ट जत्था टोली दल धड़ा मंडली।

गुटिका १ वाटिका बटी २ गोली पिल।

गुड़हल अड़हुल गुड़हर जपा जपाकुसुम देवीपुष्प।

गुड्डी कनकौवा चंग पतंग।

गुण १ अच्छाई अच्छी बात २ खूबी सिफ़त ३ खासियत विशिष्टता विशेषता ४ असर, तासीर, प्रभाव ५ काबिलियत योग्यता लियाकत ६ कला फ़न विद्या हुनर ७ प्रशंसा

(दे०) (पीछे गुणगान) ८ काव्यगुण ९ डोरा डोरी धागा तागा रस्सी।

गुणकीर्तन / **गुणगान** गुणकथन तारीफ प्रशंसा बड़ाई यशोगान श्लाघा सराहना।

गुणग्राहक कद्रदान गुणग्राही।

गुणानुवाद दे० गुणकीर्तन।

गुणी १ गुणवान, गुणवाला गुनी २ ओझा झाड़-फूंक करनेवाला सयाना सोखा ३ योग्य लायक हुनरमंद।

गुत्थी १ गाँठ गिरह, ग्रंथि २ उलझन उलझाव कठिनाई मुश्किल मुश्किलाहट समस्या।

गुदगुदा गुदकार गुदकारा गुदार, गुदेदार, गूदेवाला नरम मांसल मुलायम।

गुदड़ी १ कथरी गूदड़ २ फटी-पुरानी चीज बेकार चीज रद्दी चीज -का लाल— कीचड़ में कमल गुदड़ी का हीरा कीच का सामान्य परिवार में जन्मा बहुत प्रतिभाशाली व्यक्ति।

गुदा पीठ गुदाद्वार मलद्वार।

गुनगुना कुनकुना ठंडागर्म नीमगर्म सिरगर्म शीरगर्म।

गुनहगार १ अपराधी कुसूरवार खताकार, दोषी मुजरिम २ पातकी पापी।

गुनाह १ पातक पाप २ अपराध कसूर, खता दोष।

गुपचुप गुप्त रूप में चुपके-चुपके चुपचुप चुपचाप छिपे-छिपे, छिपे तौर पर, छिपे हुए।

गुप्त १ अंतर्निहित गूढ़ गोपनीय छिपा छिपा हुआ प्रच्छन्न रहस्यमय २ गुप्ता (नाम के साथ)।

गुप्तचर खुफिया गुर्गा जासूस भेदिया।

गुफा १ कंदरा गुहा २ खोह गर्त गह्वर दरार ३ बिल मांद विवर।

गुफ्तगू बात बातचीत वार्ता वार्तालाप सम्भाषण संलाप संवाद।

गुमनाम १ बिना नाम २ अज्ञात अप्रसिद्ध।

गुमान अकड़ अभिमान अहंकार, गर्व गुरूर घमंड (दे०) दंभ दर्प नाज।

गुमानी अभिमानी अहंकारी गर्वीला घमंडी दंभी नाजकर।

गुरु अध्यापक आचार्य टीचर, मास्टर शिक्षक।
गुरुता गुरुत्व बड़प्पन महानता।
गुरुवार बीफे बीरवार बृहस्पतिवार।
गुरूर दे घमंड।
गुरूरी अक्खड़बाज अकड़ू अभिमानी अहंकारी गर्वीला गुमानी घमंडी दंभी।
गुर्गा १ गुप्तचर (दे) २ चर ३ अनुचर, चाकर टहलुआ नौकर।
गुल दे फूल।
गुलगपाड़ा दे शोर।
गुलजार १ हराभरा २ चहल-पहलवाला रौनकवाला।
गुलनार दे लाल।
गुलशन उपवन बाग वाटिका।
गुलाब पाटल सेवती।
गुलाबी १ प्याजी प्याजू हलका लाल २ कम थोड़ा हलका (जैसे गुलाबी जाड़ा)।
गुलाम १ परतंत्र परवश पराश्रित २ चाकर, दास नौकर परिचर ३ क्रीत दास।
गुलामी १ दासता परतंत्रता परवशता २ चाकरी नौकरी ३ परिचर्या सेवा।
गुसलखाना बाथ बाथरूम स्नानघर स्नानागार।
गुस्ताख दे ढीठ।
गुस्ताखी दे ढिठाई।
गुस्सा दे क्रोध।
गुस्सावर दे क्रोधी।
गुस्सेवाला दे क्रोधी।
गुस्सैल दे क्रोधी।
गुहा दे गुफा।
गुहार दुहाई पुकार।
गूँगा १ अनबोलता मूक बेजबान २ चुप चुप्पा चुप्पी साधे रहने वाला।
गूढ़ अभिप्रायगर्भित गुप्त गुह्य रहस्यमय रहस्ययुक्त सांकेतिक-

२ गंभीर, गहन गहरा ३ अस्पष्ट छिपा प्रच्छन्न ४ कठिन जटिल दुरूह दुर्बोध मुश्किल।

गूदड़ कथरी चिथड़ा चिरकुट फटा-पुराना कपड़ा।

गूलर अपुष्पफल उदुंबर ऊमर गुल्लर।

गृध्र गिद्ध गीध -दृष्टि— १ तीव्रदृष्टि तेजनजर २ दूरदर्शी।

गृह दे घर।

गृहयुद्ध सिविलवार।

गृहस्थ कुटुम्बी गृही गृहस्वामी घरबारी घरद्वारवाला।

गृहस्वामी गृहपति घरवाला।

गृहिणी १ गृहस्वामिनी मालकिन २ घरवाली जाया पत्नी बीवी भार्या स्त्री।

गेंद कंदुक फुटबॉल बॉल बालीबॉल हैंडबॉल।

गेट फाटक।

गेम क्रीड़ा खेल।

गेरुआ कषाय काषाय गेरुवा जोगिया भगवा।

गेह दे घर।

गेहुँआ गंदुमी गोरा बादामी।

गेहूँ कनक गंदुम गोधूम गोहूँ।

गैर अन्य अपर अलग दूसरा न्यारा पर परकीय पराया बिराना बेगाना भिन्न।

गैरइंसाफी दे अन्याय।

गैरकानूनी अवैध नियमविरुद्ध बेजाब्ता।

गैरमुमकिन असंभव (दे)।

गैरमुस्तकिल अस्थायी।

गैरमौजूदगी दे अनुपस्थिति।

गैरवाजिब दे अनुचित।

गैरहाजिर अनुपस्थित अविद्यमान ऐबसेंट।

गैरहाजिरी अनुपस्थिति ऐबसेंस।

गोडाउन गोदाम भंडार भंडारगृह मालगोदाम।

गोता डुबकी डुब्बी।

गोताखोर डुबकी मारने / लगाने वाला पनडुब्बा।

गोद १ अंक उत्संग कोरा कोड़ गोदी २ अंचल आंचल (जैसे

पालन हस्ती आदि से गोद भरते [illegible] -भरना—औलाद होना पुत्रवती होना -लेना— दत्तकपुत्र ग्रहण करना।

गोदाम गोडाउन भंडार भांडागार (म प्र) मालगोदाम संग्रहागार (उ प्र) स्टोर।

गोधूलि गोधूलि वेला दिनांत प्रदोष शाम संध्या साँझ सांध्यवेला सायं सायंकाल।

गोप अहीर, आभीर गोपाल ग्वाला।

गोपन छिपाव तिरोभाव दुराव।

गोपनीय कान्फिडेंशल गुप्त।

गोपाल १ अहीर आभीर, गोप ग्वाला २ कृष्ण (दे)।

गोपी अहिरिन गोपिका ग्वालिन।

गोपीनाथ
गोपीवल्लभ दे कृष्ण।

गोबरगणेश अक्ल का दुश्मन अहमक़ गावदी घनचक्कर भोंदू जड़बुद्धि जड़मति जाहिल बुद्धू बेअक्ल बेवकूफ़, बोदा बौड़म मंद बुद्धि मंदमति।

गोया जैसे कि मानो।

गोरस १ दूध (दे) २ इंद्रिय-सुख।

गोरा गेहुँआ गोरा-चिट्टा गौर, गौरवर्णी गौरांग श्वेतांग २ अंग्रेज़ अमरीकी फिरंगी यूरोपीय।

गोरी १ गोरी-चिट्टी गौरवर्णी गौरांगी श्वेतांगी २ सुंदरी (दे)।

गोल मंडलाकार, गोल-मटोल गोला गोलाकार, चक्राकार मंडला-कार, वर्तुल वर्तुलाकार वृत्ताकार।

गोलमाल अव्यवस्था गड़बड़ गड़बड़ी घपला घोटाला हेराफेरी।

गोली १ पिल वटिका २ गोलगोली ३ छोटा गोला (बारूदी) बुलेट।

गोलोक दे स्वर्ग।

गोलोकवासी दे स्वर्गीय।

गोशा एकांत स्थान कोना निर्जन स्थान।

गोशाला गऊशाला गौशाला।

गोश्त : मांस मीट।

गोष्ठी बैठक साहित्य-सभा सुहृद्गोष्ठी।
गोसाईं १ दे॰ गोस्वामी २ दे॰ ईश्वर।
गोस्वामी गुसाईं गोसाईं, जितेंद्रिय तपस्वी यती योगी संन्यासी।
गौ १ दे॰ गाय २ बैल बलीवर्द वृषभ।
गौण अप्रधान अप्रमुख उप सहायक।
गौतम दे॰ बुद्ध।
गौतमी अहल्या अहिल्या गौतमपत्नी।
गौर दे॰ गोरा।
ग़ौर १ चिंतन चिंतन-मनन विचार, सोच-विचार; २ ध्यान ख्याल विचार।
गौरव इज्जत कीर्ति यश सम्मान २ बड़प्पन महत्ता महिमा।
गौरवशाली इज्जतदार कीर्तिमान महिमावान यशस्वी सम्मान्य।
गौरांग दे॰ गोरा।
गौरी दे॰ पार्वती।
गौरीशंकर महादेव शिव (दे॰)।
ग्रंथ किताब कृति पुस्तक रचना।
ग्रंथकार ऑथर, कृतिकार पुस्तककार राइटर, लेखक।
ग्रंथि गाँठ गिरह, गुत्थी जोड़।
ग्रस्त ग्रसित ग्रहण लगा हुआ निगला हुआ पकड़ा हुआ पीड़ित मुब्तला।
ग्रहण १ अंगीकार, मंजूर, स्वीकार २ पकड़ना (पाणिग्रहण)।
ग्रहणीय १ ग्रहण करने योग्य मान्य स्वीकार्य २ उचित मुनासिब।
ग्राह अनुराग मुहब्बत।
ग्राउंड कोर्ट क्रीड़ास्थल फ़ील्ड मैदान।
ग्राम १ खेड़ा गाँव देहात पुरवा पुर बस्ती मौजा २ सप्तक (संगीत) सरगम।
ग्रामर दे॰ व्याकरण।
ग्रामीण १ ग्रामवासी ग्राम्य देहाती २ अशिष्ट उजड्ड गँवई गँवार, ३ ग्रामविषयक ग्रामसंबंधी (जैसे ग्रामीण समस्याएँ)।
ग्राह घड़ियाल मगर मगरमच्छ।
ग्राहक कस्टमर क्रेता खरीददार खरीदार गाहक।
ग्राह्य ग्रहणीय मान्य स्वीकार्य २ उचित (दे॰)।

ग्रीटिंग बधाई।
ग्रीटिंगकार्ड बधाई पत्र बधाई कार्ड।
ग्रीवा दे गर्दन।
ग्रीष्म गर्मी निदाघ।
ग्रुप दे दल।
ग्रेड कोटि क्रम श्रेणी सोपान।
ग्रेच्युटी अनुग्रहराशि आनुतोषिक उपदान।
ग्रेजुएट स्नातक।
ग्रैमर ग्रामर, व्याकरण शब्दानुशासन।
ग्लानि अवसाद अफ़सोस खेद दुख (दे) शोक।
ग्लास १ शीशा २ गिलास।
ग्वाला अहीर, आभीर, गोप दूधवाला।

घ

घंटा १ घड़ियाल २ पीरियड।
घंटी छोटा घंटा घंटिका।
घट १ दे घड़ा २ दे शरीर।
घटक अंग अवयव यूनिट रचनावयव संघटक संरचनांग।
घटती कसर कमी न्यूनता।
घटना १ कम होना २ घटित होना ३ कांड माजरा मामला वाक़या दुर्घटना वारदात हादसा।
घटा उमड़ते बादल कादंबिनी घटाटोप मेघपंक्ति मेघमाला मेघसमूह मेघावली दे बादल।
घटाटोप कादंबिनी मेघपंक्ति मेघमाला मेघसमूह मेघावली।
घटित जो घटा जो हुआ जो हुआ हो।
घटिया १ अधम खराब तुच्छ दो कौड़ी का निकृष्ट, पतित पोच बुरा बेकार का लचर हीन हेय (व्यक्ति) २ खराब तुच्छ दो कौड़ी की बुरी बेकार की सस्ती (वस्तु)।
घटिहा १ पतित बदमाश लंपट व्यभिचारी २ काइयाँ चार सौ बीस चालाक होशियार, ३ दुष्ट बुरा।

घड़ा कलश कलसा कुंभ गगरा गगरी घट ठिल्ली।
घड़ियाल मगर २ घंटा।
घड़ी क्षण घटिका पल २ कलाई घड़ी दीवाल घड़ी मेज घड़ी ३ अवसर, क्षण मौका वक्त समय।
घन १ दे बादल २ गहरा घनघोर, घना घनीभूत निबिड़ सघन।
घनघोर १ बहुत तेज भीषण मूसलाधार, २ गहरा घना बहुत घना।
घनचक्कर दे मूर्ख।
घनत्व घनापन सघनता।
घनश्याम १ दे कृष्ण। २ अधिक काला कृष्ण श्याम श्यामल साँवला स्याह, ३ दे बादल।
घनसार दे कपूर कर्पूर।
घना : १ अधिक घन गहन घन (घन अंधकार मोटा घन बोआई) घनघोर घनीभूत निबिड़ संहत सघन सूचीभेद्य (अंधकार) २ अंतरंग गहरा घनिष्ठ जिगरी दाँतकाटी रोटी (वाले) खासे दिली निकट के (दोस्त) ३ अनवरत अविरल लगातार।
घनिष्ठ अंतरंग गहरा गाढ़ा घना जिगरी दाँतकाटी रोटी वाले पास दिली निकट का निकटस्थ समीपी।
घनेरा अतिशय अधिक ज्यादा बहुत अधिक बहुत ज्यादा।
घपला गड़बड़ गड़बड़झोटाला गड़बड़ी घोलमाल घुटाला घोटाला।
घबराना १ अधीर होना अशांत होना आकुल होना आतुर होना उतावला होना उद्विग्न होना उन्मथित होना क्षुब्ध होना घबरा जाना चकरा जाना चकराना दीन होना विकल होना विह्वल होना व्यग्र होना व्याकुल होना हड़बड़ा जाना हड़बड़ाना २ चकराना चकित होना भौचक्का होना परेशान होना विस्मित होना हैरान-परेशान होना हैरान होना ३ औसान खता होना चेहरे पर हवाइयाँ उड़ना दिन में तारे दिखाई पड़ना दिल धक से रह/हो जाना पैरों तले से जमीन खिसकना हवाइयाँ उड़ना हाथ-पैर फूल जाना हाथों के तोते उड़ जाना होश उड़ना होश गुम होना होश फाख्ता होना।
घबराहट १ अधीरता आकुलता आतुरता उतावलापन उतावली

उद्विग्नता क्षोभ घबराहट, बेचैनी व्यग्रता २ कशमकश परेशानी हड़बड़ी हैरानी।

घमंड अकड़ अभिमान अहंकार, अहम्मन्यता गरूर मद गुमान गुरूर, दम्भ दर्प नाज़ फ़ख़्र मद मदान्धता वृथाभिमान हेकड़ी।

घमंड करना 'घमंड' के पर्यायों में यथास्थान 'करना' या 'दिखाना' जोड़कर इसके पर्याय बन सकते हैं। इसके अतिरिक्त अकड़ना सातवें आसमान पर होना इतराना घमंड में चूर होना दिमाग आसमान पर होना दिमाग हवा के घोड़े पर होना दिमाग हवा में होना पैर ज़मीन पर न पड़ना आदि कई मुहावरे भी इसी अर्थ में आते हैं।

घमंडी अकड़बाज़ अकड़ू अकड़ख़ाँ अभिमानी अहंकारी गुमानी दम्भी मग़रूर मदान्ध हेकड़ीबाज़।

घमासान १ घमसान घोर, भयंकर; २ घमासान युद्ध घनघोर युद्ध भयंकर लड़ाई।

घमौरी दे अम्हौरी।

घर १ आवास गृह गेह डेरा धाम निवास बसेरा बासा वास वासस्थान २ भवन आलय ओक निकेत निकेतन निलय वेश्म सदन ३ कक्ष कमरा कोठरी ४ कोठी निलय प्रासाद बँगला बँगलो महल वेश्म सदन हवेली ५ कुटिया कुटी कुटीर घरौंदा झुग्गी झोंपड़ा झोंपड़ी ६ अधिवास ठाँव ठिकाना ठौर, ठौर-ठिकाना जगह स्थान ७ जन्मभूमि जन्मस्थान निवास-स्थान स्वदेश ८ कोठा खाना ९ गृहस्थी। दे मकान।

घरनी अर्धांगिनी गृहिणी घरवाली गृहस्वामिनी जाया जोरू दारा धर्मपत्नी पत्नी (दे) बीबी भार्या स्त्री।

घरबार १ गृहस्थी घरद्वार, २ निवास-स्थान ठौर-ठिकाना।

घरबारी कुटुंबी गृहस्थ परिवारवाला बालबच्चोंवाला।

घरवाला १ गृहस्वामी २ आदमी खाविंद पति (दे) मर्द स्वामी।

घराती कन्यापक्ष कन्यापक्षीय लोग।

घराना १ कुल खानदान परिवार, वंश २ अस्ल आस्पद, गोत्र ३ संगीत का घराना।

घरेलू १ घर का घरऊ, घरू २ अपना आपस का घर का स्वकीय ३ घर में बना स्वनिर्मित।

घर्षण घिसाई रगड़।

घसुआ घसुआ घासू घसुआ जैसा।

घसियारा घसकटा घसकट्टा।

घाघ काइयाँ घुटघुट घुटा हुआ चट चलता-पुर्जा (पश्चिमी हिंदी क्षेत्र के अर्थ में) चालाक।

घाघरा स्कर्ट।

घाटा कमी घटी टोटा डेफ़िसिट नुकसान हानि।

घाटी दर्रा द्रोणी घाट वैली।

घात १ खून वध हत्या २ आघात चोट प्रहार, वार।

घातक १ आक्रामक मार डालने वाला (जैसे प्रहार हमला) २ कातिल खूनी हत्यारा।

घाती घातक हंता (जैसे आत्मघाती)।

घाम १ आतप धूप २ दे गर्मी।

घामड़ दे मूर्ख।

घायल आहत क्षतविक्षत चोट खाया हुआ चोटिल जख्मी विक्षत।

घालमेल गड़बड़ मिलावट, मिश्रण।

घाव क्षत चोट जख्म व्रण।

घास १ चर, चर-पतवार, घास-पात चारा-भूसा तृण २ तुच्छ मामूली।

घिघियाना गिड़गिड़ाना मिमियाना प्रार्थना करना।

घिचपिच १ उलटा-पुलटा गड़बड़ अव्यवस्थित २ संकुल सघन स्थानाभाव ३ अस्पष्ट घिचपिच (लिखावट)।

घिन दे घृणा।

घिनौना १ घिनावना घृणास्पद घृणित २ कुत्सित गर्हित बुरा बीभत्स ३ गंदा मलीन मलिन मैला।

घिया कद्दू लौकी।

घियाकश कद्दूकश।

घिराव घेराबंदी घेराव।

घिसाई १ घिसावट रगड़ाई रगड़ाहट, २ घुटाई पिसाई ३ पारिश्रमिक मजदूरी मेहनताना (घिसने का)।

घिसा-पिटा १ टूटा-फूटा पुराना-धुराना पुराना-धुराना २ पिष्टपेषित ३ दकियानूसी पुराने ढर्रे/ख्यालों/विचारों का।

घिस्सा १ रगड़ रगड़ा २ ठोकर धक्का।

घी घृत।

घुँघची : गुंजा घुँमची।

घुँघराला ऐंठदार, ऐंठनदार, कुंचित कुटिल घुमराला घुमावदार, चक्करदार, छल्लेदार।

घुँघरू नूपुर।

घुटना १ गाँठि जानु ठेंघुना ठेहुना पावसंधि २ रुकना (साँस)।

घुटन्ना १ पाजामा पायजामा २ अंडरवियर जाँघिया निकर।

घुड़कना घुड़कना झिड़कना झिड़की देना डपटना डाँटना डाँटना फटकारना डाँट फटकार करना ताड़ना करना नाराज होना फटकारना बिगड़ना।

घुड़की १ झिड़की डाँट डाँट-डपट, डाँट-फटकार, ताड़ना धमकी भभकी (गीदड़ भभकी) भभकी (गीदड़ भभकी) २ बंदर घुड़की झूठी धमकी।

घुड़सवार अश्वपति अश्वारोही घुड़चढ़ा तुरगारूढ़ तुरंगी।

घुड़साल अश्वशाला अस्तबल घुड़सार।

घुन काष्ठकीट घुण।

घुन्ना घुम्मा चुप्पा भीतरघाउम।

घुमक्कड़ टूरिस्ट, पर्यटक भ्रमणशील यायावर।

घुमाव १ टर्न मोड़ २ चक्कर, फेर, ३ बल लपेट।

घुलना १ मिल जाना हल होना २ गलना पिलपिला होना ३ कमजोर होना क्षीण होना घुल-घुलकर काँटा होना।

घुसना अंदर आना/जाना गड़ना चुभना ठुसना दाखिल होना धँसना धसना पैठना प्रविष्ट होना प्रवेश करना भीतर जाना हेलना।

घुसपैठ गति पहुँच प्रवेश रसाई।

घूँघट १ अवगुंठन आवरण पर्दा २ ओट ३ नक़ाब।

घूँट चुस्की।

घूँस दे घूस।

घूँसा घूसा मुक्का मुष्टिप्रहार।

घूमना १ चक्कर काटना चक्कर खाना चक्कर लगाना चारों ओर फिरना परिक्रमा करना फेरे लगाना २ अटन करना घूमना फिरना पर्यटन करना भ्रमण करना मटरगश्ती करना यात्रा करना सैर करना सैर-सपाटा करना ३ अटन घुमक्कड़ घुमाई परिभ्रमण पर्यटन भ्रमण मटरगश्ती यात्रा सैर, सैर सपाटा यायावरी ४ फिरना मुड़ना।

घूस १ उत्कोच चाँदी का चश्मा चाँदी का जूता रिश्वत लाँच २ चूहा (बड़ी जाति का)।

घूसखोर रिश्वतखोर।

घृणा १ घिन जुगुप्सा नफ़रत २ अरुचि घिन वितृष्णा विरति।

घृणास्पद अप्रिय अरुचिकर, गंदा गर्हित घिनौना घृणित घृणोत्पादक वितृष्णाजनक विरक्तिकारी बीभत्स।

घृणित दे० घृणास्पद।

घृत दे० घी।

घेरा १ अहाता बाड़ा हाता २ चक्कर, चक्र दायरा परिधि मंडल वलय वृत्त ३ मर्यादा सीमा सीमारेखा चहारदीवारी चारदीवारी।

घोंघाबसंत घोंचू जड़ बेवकूफ़ मूर्ख (दे०)।

घोंचू दे० घोंघाबसंत।

घोटना १ घिसना पीसना २ आवृत्ति करना घोखना दुहराना याद करना बार-बार पढ़/बोल/पढ़कर कंठस्थ करना रटना ३ भींचना रगड़ना।

घोंसला नीड़ आशियाना खोता नशेमन।

घोटाला गड़बड़ गड़बड़झाला गड़बड़ी गोलमाल घपला हेराफेरी।

घोड़ा अश्व घोट, घोटक तुरंग तुरंगम तुरग वाजि सैंधव हय।

घोड़ी १ अश्वा घोटिका २ ऊँचा स्टूल ३ दुसीढ़ी एक में बँधी दो सीढ़ियाँ।

घोर १ उग्र उत्कट प्रचंड प्रबल २ तीक्ष्ण तीव्र तेज प्रखर, ३ जबरदस्त जोरदार ४ अतिशय अधिक बहुत बहुत अधिक ५ सघन सकसा ६ डरावना भयंकर, भयानक विकराल ७ घना दुर्गम सघन ८ कठिन कड़ा।

घोषणा अधिसूचना उद्घोषणा एलान ऐलान डंके की चोट पर घोषणा ढिंढोरा मुनादी विज्ञप्ति सूचना।

च

चंग कनकौआ गुड्डी पतंग।
चंगा १ आरोग्य तंदुरुस्त नीरुज नीरोग भला-चंगा २ अच्छा (दे.) भला सुंदर (दे.) ३ निर्मल शुद्ध साफ।
चंगुल १ पंजा २ काबू, पकड़ बस वश।
चंचरीक दे. भौंरा।
चंचल अधीर अशांत अस्थिर आतुर उतावला कंपमान चटुल चपल चल चलचित्त चलायमान चिलबिल चिलबिला चुलबुला चुलबुली डाँवाडोल डगमग दोलायित नटखट, मुरहा लोल विचलित हलचलयुक्त।
चंचलता अधीरता अस्थिरता आतुरता आतुरी उतावलापन चपलता चिलबिलापन चुलबुलाहट।
चंचला १ दे. लक्ष्मी २ दे. बिजली।
चंचु चोंच ठोर, टुंड।
चंट काइयाँ चाक घुटा हुआ चालाक सयाना।
चंडाल १ चांडाल श्वपच २ अत्याचारी क्रूर (दे.) क्रूरकर्मा जालिम ३ कमीना नीच (दे.)।
चंडिका दे. चंडी।
चंडी १ दे. दुर्गा २ उग्र कर्कशा चंडालिनी झगड़ालू (स्त्री)।
चंद अल्प कुछ कुछ-एक कुछेक थोड़े थोड़े-से।
चंदन गंधराज गंधसार मलयज मलयोद्भव श्रीखंड संदल सर्पावास सर्पेष्ट पीला चंदन—पीतगंध पीतचंदन हरिचंदन हरिप्रिय लाल चंदन—कुचंदन ताम्राभ भास्करप्रिय रक्तचंदन रक्तसार।
चंदला खल्वाट गंजा।
चंदा १ दे. चंद्रमा २ उगाही चगाही बेहरी।
चाँद दे. चंद्रमा।

चंद्रचूड दे शिव।

चंद्रप्रभा दे चाँदनी।

चंद्रमा अत्रिज अब्धिज अमीकर, अमृतकर, अमृतरश्मि अमृतांशु, इंदु, उडुपति उडुराज उदधिसुत ओषधीश कलाधर, कलानिधि कुमुदबंधु, कुमुदिनीपति क्षपाकर, क्षपानाथ ग्रहराज चंदा चंद्र चाँद छायांक तमोहर तारकेश्वर, ताराधीश तारानाथ तारापति तुषाररश्मि तुषारांशु दधिसुत दोषाकर, नक्षत्रनाथ निशाकर निशानाथ निशिनाथ मयंक महताब माहताब मृगलांछन मृगांक मेहताब रजनीपति रजनीश राकेश विधु शशधर, शशांक शशि सिंधुजन्मा सुधांशु, सुधाकर, सुधारश्मि सोम हरिणांक हिमकर, हिमांशु।

चंद्रमुखी दे सुंदरी।

चंद्रवार सोमवार।

चंद्रशेखर दे शिव।

चंद्रिका दे चाँदनी।

चंपक चंपा चाम्पेय स्वर्णपुष्प हेमपुष्प।

चँवर चमर।

चकनाचूर खंड-खंड चूर-चूर, टुकड़े-टुकड़े।

चकमा झाँसा दगा धोखा फरेब भुलावा।

चकला १ चौकी होरसा २ रंडीखाना वेश्यालय।

चकवा चक्रवाक भूरिप्रेमा रात्रिवियोगी सुरखाब।

चकाचक १ अच्छी तरह अधिक मात्रा में खूब भरपूर भरपेट २ अच्छा खूब बढ़िया ठाटदार, नवाबी बढ़िया राजसी।

चकित अवाक आश्चर्यचकित दंग भौचक भौचक्का विस्मित स्तंभित स्तब्ध हक्काबक्का हैरान।

चकोर अंगारभक्षी कौमुदीजीवन चंद्रिकापायी।

चक्कर १ झगड़ा झंझट पेंच फेर बखेड़ा २ घुमटा घुमनी सिर चकराना ३ गोल चक्कर, घेरा ४ परिक्रमा फेरा मंडलाकार गति वलयाकार गति ५ असमंजस परेशानी हैरानी (दे)।

चक्का पहिया।

चकरी चक्की चकिया जाँत जाँता।

चक्र १ चक्रास्त्र सुदर्शन चक्र २ तमगा पदक मेडल (जैसे वीर चक्र महावीरचक्र)।

चक्रधर चक्रपाणि चक्रधारी चक्रायुध विष्णु (दे)।

चक्रवाक दे चकवा।

चक्रवात बवंडर, वातचक्र वात्याचक्र।

चक्षु दे आँख।

चक्षुहीन दे अंधा।

चखना आस्वादन करना चीखना जबान पर रखना जायका लेना रसास्वादन करना स्वाद लेना।

चचा अंकल काका चाचा पितिया पितृव्य पित्ती।

चचेरा चचाजाद पितियाउत।

चट जल्द जल्दी झट, तुरंत तुरत तुरत-फुरत फ़ौरन फौरन से पेश्तर शीघ्र।

चटकीला गहरा गाढ़ा चटक भड़कीला शोख।

चटनी अवलेह, मौंम।

चटपट अभी चट, जल्द जल्दी झट तुरत तुरत तुरत-फुरत यथा-शीघ्र शीघ्र।

चटाई कुशासन मोनर, मोनरी करमा पाटी भैंदरी सायरी शीतलपाटी।

चटोरा चटपटाप्रिय स्वादप्रेमी स्वादलोलुप स्वादव्यसनी।

चट्टान पत्थर प्रस्तरखंड शिलाखंड।

चढ़ाई १ दे आक्रमण २ आरोहण चढ़ाव ३ अभियान।

चतुरंगिणी दे सेना।

चतुर कुशल चालाक दक्ष निपुण पटु, प्रगल्भ प्रवीण बुद्धिमान (दे) विज्ञ सयाना सुजान।

चतुरता
चतुराई कुशलता चातुरी चातुर्य चालाकी दक्षता निपुणता पटुता प्रगल्भता प्रवीणता बुद्धिमानी (दे) सयानापन।

चतुरानन दे ब्रह्मा।

चतुर्दिक चतुर्मुख चारों ओर, चारों तरफ़, सभी ओर, सभी दिशाओं मे।

चतुर्भुज दे विष्णु।

चद्दर १ चादर बेडशीट २ गाटी ओढ़नी खेस चदरा चादर, दूस धूस शाल।

चना चणक छोला बूट, रहिला।
चपटा चिपटा।
चपत दे थप्पड़।
चपरासी अर्दली चपड़ासी प्यून।
चपल अस्थिर, अस्थिरचित्त चंचल चुलबुला नटखट शोख।
चपलता अस्थिरता चंचलता चुलबुलापन नटखटपना शोखी।
चपला १ दे बिजली २ दे लक्ष्मी।
चपाती फुलका चपाती रोटी।
चपेट १ आघात चपेटा धक्का २ झापड़ तमाचा थप्पड़।
चबूतरा चत्वर चौतरा।
चबेना चना-चबेना चर्वण दाना भूँजा भूना।
चमक १ आब आभा कांति चमक-दमक चमचमाहट तेज दमक दीप्ति पानी रौनक २ दे प्रकाश ३ कौंध कौंधा ४ चटक चमक चिक चिलक दर्द।
चमकदार दे चमकीला।
चमकना कांतिमान होना कांतियुक्त होना कौंधना चमचम करना चमचमाना जगमगाना झिलमिलाना दमकना दीप्तिमान होना।
चमकीला अभिराम आबदार, आभावान आलोकित उज्ज्वल कांतिमान चमकदार, चमचमाता चमाचम जगमग जगमगाहट वाला जगर-मगर, जाज्वल्यमान ज्योतिमय ज्योतिर्मय ज्योतिमान तेजवान दीप्त दीप्तिमान देदीप्यमान, द्युतिमान प्रकाशमान प्रभावान भास्वर रौनकदार।
चमचा १ चम्मच चिम्मच २ चमटा चिमटा ३ पिछलग्गू।
चमड़ा चमड़ी खाल चमड़ी चर्म चाम जिल्द त्वचा।
चमड़ी दे चमड़ा।
चमत्कार १ अप्रत्याशित कार्य अलौकिक कार्य आश्चर्य करामात करिश्मा विस्मय विस्मयजनक कार्य २ अनूठापन काव्य सौंदर्य विलक्षणता।
चमार चर्मकार, मोची।
चमू दे सेना।
चम्मच दे० चमचा।

चयन १ चयन-क्रिया चुनना चुनाई, चुनाव वरण २ चयनिका संग्रह संचय संचयिका सिलेक्शन (पुस्तक आदि)।

चयन करना चुनना चुनाव करना छाँटना निर्वाचन करना निर्वाचित करना।

चर १ गुप्तचर (दे.) जासूस भेदिया २ एलची क़ासिद सफ़ीर ३ पत्रवाहक संदेशवाहक संवादवाहक।

चरका चकमा छल झाँसा दगा धोखा फ़रेब।

चरण १ पग पद पाँव पैर २ छंद-चरण छंद-पद श्लोक-चरण।

चरणचिह्न नक्शेक़दम पदचिह्न।

चरपरा तीक्ष्ण तीखा तीता तेज़ परपरा।

चरपरापन तिताई तीक्ष्णता तीखापन तीतापन परपरापन।

चरबी चर्बी मेद वसा।

चरम १ अंतिम अंत्य आख़िरी पश्चवर्ती २ उच्चबिंदु, चरमबिंदु, चरमसीमा पराकाष्ठा सीमांत हद।

चरमवादी अतिवादी चरमपंथी।

चरित १ आत्मकथा इतिवृत्त इतिहास कथा जीवनी वृत्तांत २ आचार, आचार-विचार, आचार-व्यवहार, चरित्र चाल चलन ३ करतूत करनी कृत्य।

चरितार्थ होना १ खरा होना ठीक-ठीक घटित होना ठीक-ठीक लागू होना २ कृतकृत्य होना कृतार्थ होना सफलकाम होना सफल मनोरथ होना सार्थक होना।

चरित्र : १ आचरण आचार, आचार-विचार, आचार-व्यवहार, चाल चलन शील शील-स्वभाव २ सच्चरित्रता सदाचार ३ आत्मकथा इतिवृत्त इतिहास कथा जीवनी वृत्तांत ४ कास्ट कैरेक्टर, पात्र।

चरित्रवान आचरणवान शीलवान सच्चरित्र साधु।

चरित्रहीन अधम आवारा दुश्चरित्र पतित पापी बदकार, बदचलन बदमाश लफंगा लुच्चा शोहदा।

चर्चा १ उल्लेख ज़िक्र नामलेना बयान वर्णन २ बात बातचीत वार्तालाप ३ बहस बहस-मुबाहिसा वाद-विवाद विवाद ४ विचार, विचार-विमर्श ५ चर्चा-परिचर्चा।

चर्चित ख्यात ख्यातनामा जाना-माना जिसकी चर्चा हो नामी

प्रसिद्ध मशहूर।

चर्म खाल चमड़ा (दे.) चमड़ी त्वचा।

चर्मकार चमार (दे.) मोची।

चर्मचक्षु आँख चक्षु (दे.) नयन नैन नैन।

चर्वितचर्वण पिष्टपेषण।

चल : १ अस्थिर, चंचल चलायमान चलता जंगम जो अचल न हो (mobile) चलता-फिरता (वि. म० प्र०) चलनशील (म०प्र.) चलिष्णु (म. प्र.)।

चलचित्र फिल्म, मूवी सिनमा सिनेमा।

चलता-पुरजा १ (पश्चिमी क्षेत्र में) कायदों जाने घुटा हुआ चंट चालाक चालबाज दुनियादार, २ (पूर्वी क्षेत्र में) चतुर, व्यवहारकुशल व्यावहारिक होशियार।

चलन प्रचलन प्रचार प्रथा रस्म रीति रिवाज।

चलना आगे बढ़ना जाना चालू होना उमकना खिसकना गुजरना निकलना फुदकना चंचल होना चलता बनना टरकना टलना टसकना ठुमकना डिगना डोलना दौड़ना निकलना मो को प्राप्त होना फिरना बिचरना भाग जाना भागना रफूचक्कर होना रेंगना लोटना सरकना हटना।

चलनी झँझिया झाझा चालनी छन्नी छलनी।

चलान चालान रवन्ना।

चलायमान चंचल चल डगित विचलित।

चश्मदीद जिसने आँखों से देखा हो प्रत्यक्ष प्रत्यक्षदर्शी (गवाह)।

चश्मा १ ऐनक गॉगल्स लेन्स स्पेक्स २ जलस्रोत नाला सोता।

चषक जाम प्याला मद्यपात्र मधुपात्र सुरापात्र।

चस्का आदत चाट टेव बान लत व्यसन शौक।

चह पीपा-पुल पुल बंध बाँध मौसमी पुल।

चहक कलरव चहचह चहकार मधुर शब्द।

चहकना १ (पक्षी) कलरव करना कूजना चहकारना चहचहाना बोलना मधुरव करना २ (बोलना) फुदकना चहकना गुटुर गुटुर करना बोलना ३ (उमंग और प्रसन्नता से इधर-उधर) फुदकना।

चहचहाना दे. चहकना।

चहल-पहल धूमधाम रौनक।
चहारदिवारी अहाता चारदीवारी छरदिवारी प्राचीर, हाता।
चाँटा दे थप्पड़।
चांडाल १ अंत्यज डाम श्वपच २ अधम चंडाल नीच पतित।
चाँद १ दे चंद्रमा २ कपाल-केंद्र मध्य खोपड़ी।
चाँदनी १ कौमुदी चंद्रिका चंद्रप्रभा जुन्हाई, जुन्हैया ज्योत्स्ना २ सफेद जाजिम सफेद फर्श सफेद बड़ी चद्दर, ३ चँदवा चँदोवा चंद्रातप वितान।
चाँदी कलधौत रजत रूपा रौप्य।
चांस अवसर, मौका वक्त संयोग समय।
चांसलर कुलपति (पहले चलता था) कुलाधिपति (अब)।
चाकर दे नौकर।
चाकरी दे नौकरी।
चाकू दे छुरी।
चाचा अंकल काका चचा ताऊ, पितिया पितृव्य पित्ती।
चाची : आंटी काकी चची ताई।
चाटुकार दे चापलूस।
चाटुकारिता दे चापलूसी।
चातक पपिहरा पपीहा।
चातुरी १ कुशलता चतुराई, चातुर्य दक्षता निपुणता पटुता २ दुनियादारी व्यवहारकुशलता व्यवहारदक्षता व्यवहार पटुता व्यावहारिकता ३ चार सौ बीसी चालाकी प्रवंचना होशियारी।
चादर १ दे चद्दर १ २ उत्तरपट उत्तरासंग उत्तरीय दुकूल शाल ३ ओढ़नी चुन्नी दुपट्टा दुपट्टा पिछौरा पिछौरी।
चाप : १ दे धनुष २ अर्धवृत्त ३ वृत्तांश।
चापलूस खुशामदी खुशामदी टट्टू, चाटुकार लल्लोचप्पो करनेवाला।
चापलूसी खुशामद चाटुकारिता चाटुकारी ठकुरसुहाती लल्लोचप्पो स्तवन।
चापलूसी करना खुशामद करना ठकुरसुहाती करना तेल लगाना तेल मालिश करना तेल-मालिश बूट-पॉलिश करना बूट पॉलिश करना मक्खन लगाना मखनियाना मसका लगाना सुर-म-सुर

मिलाना स्वर-में-स्वर मिलाना हाँ-में-हाँ मिलाना।

चाबी कुंजी कोसनी चाभी ताली।

चाबुक कशा कोड़ा (दे०) बेंत सोंटा सोटा हंटर।

चाभी दे० चाबी।

चाम दे० चमड़ा।

चामर चँवर, चँवरी चौंर।

चामुंडा दे० दुर्गा।

चाय चा चाहा टी।

चायपानी कलेवा जलपान नाश्ता।

चारण कीर्तिगायक बंदीजन भाट।

चारदीवारी चहारदीवारी (दे०) बाउंड्री शहरपनाह।

चारपाई खटिया खटोला खटोलना खट्वा खाट पर्यंक पलंग पलँगड़ी पलँगरी मची मैया सेज।

चारबाग उद्यान उपवन पार्क बगिया बगीचा बाग।

चारा १ उपाय (दे०) तदबीर (दे०) तरकीब युक्ति २ कुट्टी घास लेहना।

चारु आकर्षक कमनीय खुशनुमा खूबसूरत दिलकश मनोरम मनोहर रमणीक रमणीय रम्य रुचिर रूपवान ललाम ललित सलोना सुंदर (दे०) सुरम्य सौम्य हसीन हृदयग्राही।

चारुता दे० सुंदरता।

चार्ज १ आरोप २ कार्यभार, जिम्मेदारी जिम्मेवारी।

चार्ट १ तालिका २ आरेख नक्शा रूपरेखा।

चाल १ चाल-ढाल २ गति, तेजी रफ्तार, वेग ३ चतुराई छल बल चालाकी धूर्तता धूर्ततापूर्ण चाल ४ ट्रिक दाँव पेंच हथकंडा ५ उपाय तदबीर तरकीब तरीका युक्ति।

चालक १ ड्राइवर २ पायलट ३ संचालक।

चालचलन आचरण (दे०) चरित्र (दे०)।

चालढाल १ तौर-तरीका व्यवहार २ आचरण चरित्र (दे०) चाल चलन।

चालबाज कपटी चाइयाँ चलता-पुर्जा (पश्चिमी हिंदी क्षेत्र में प्रचलित अर्थ में) छली मक्कार, धूर्त। दे० चालाक भी।

चालबाजी १ कपटीपना काइयाँपन छल धूर्तता नीचता पाजीपन पाजीपना मक्कारी। दे चालाकी भी।

पराधीन — अंदर, अधीन अधीनस्थ गुलाम ताबे परतंत्र परमुखापेक्षी परवश पराश्रित बेबस मातहत मोहताज वशवर्ती विवश शासित।

पराधीनता — अधीनता अधीनस्थता गुलामी ताबेदारी परतंत्रता परवशता पराश्रितता बेबसी मातहती विवशता।

पराभव — पराजय मात शिकस्त हार।

पराभूत — चारों खाने चित्त पराजित मात खाया हुआ शिकस्त खाया/पाया हुआ हराया हुआ हारा हुआ।

परामर्श — मंत्रणा मशविरा राय सम्मति सलाह-मशविरा।

परायण — १ प्रवण प्रवृत्त लगा हुआ (धर्मपरायण) २ अनुरक्त आज्ञाकारी भक्त वशीभूत (स्त्रीपरायण)।

पराया : अन्य अन्य का गैर गैर का दूसरा दूसरे का पर (जैसे परोपजीवी परपुरुष परस्त्री) परकीय बिराना बेगाना।

परायापन — बेगानगी बेगानापन।

परावर्त / परावर्तन — १ प्रत्यावृत्ति विनिमय बदला-बदली २ प्रत्यावर्तन रिफ्लेक्शन ३ फेंकना उलटना।

पराश्रित — १ अधीन अधीनस्थ गुलाम परमुखापेक्षी परवश पराधीन मुहताज २ परोपजीवी पैरासाइट।

परास्त — पछाड़ा हुआ पराजित पराभूत मात खाया विजित शिकस्त खाया हराया हुआ हारा हुआ।

परास्त करना — चारों खाने चित करना धराशायी कर देना पछाड़ना पराजित करना पराभूत करना मात देना विजित करना शिकस्त देना हराना।

परिकर — १ समूह २ परिजन परिवार, ३ अनुचर वर्ग सहचर।

परिक्रमा — घुमाई, चक्कर प्रदक्षिणा फेरी।

परिखा — खंदक खाई।

परिचय — १ अभिज्ञता जानकारी ज्ञान वाकफियत २ घनिष्ठता जान-पहचान जान-पहिचान पहचान मेल-जोल मेल-मिलाप मेल-मुलाकात वाकफियत।

परिचयपत्र — (letter of introduction) परिचायकपत्र (म प्र)।

परिचर — १ दे नौकर २ (bearer) अनुचर (उ प्र) धारक

(म प्र) पत्र-वाहक (वि)।

परिचर्चा गोष्ठी विचारण परिसंवाद बातचीत संगोष्ठी।

परिचर्या खिदमत टहल सेवा सेवा-टहल सेवा शुश्रूषा।

परिचायक ज्ञापक परिचय करानेवाला (दे) सूचक।

परिचारक १ अनुचर, किंकर, टहलुआ तीमारदार दास नौकर (दे) भृत्य सेवक २ नर नर्स।

परिचारिका १ अनुचरी किंकरी चेरी दासी नौकरानी सेविका २ नर्स।

परिचालक चलानेवाला संचालक।

परिचालन चलाना प्रचालन संचालन।

परिचित अभिज्ञ चिन्हार, जानकार जाना-पहचाना ज्ञात मुलाकाती वाकिफ़, मुआरफ़।

परिच्छेद १ पैराग्राफ़ २ अध्याय (दे) चैप्टर प्रकरण प्रस्ताव बाब।

परिणत परिवर्तित बदला हुआ रूपांतरित।

परिणति १ अंजाम अंत (दे) फल २ नतीजा परिणाम फल हश्र।

परिणय दे विवाह।

परिणाम १ अंत उपसंहार नतीजा निष्कर्ष परिणति फल २ अंजाम नतीजा परीक्षाफल रिज़ल्ट।

परिणामत अंतत नतीजतन निष्कर्षत फलत।

परिताप १ क्लेश दुःख पीड़ा वेदना व्यथा २ पछतावा पश्चात्ताप (दे) ३ ग़म रंज शोक संताप ४ अति उष्णता अत्यधिक ताप।

परितुष्ट १ खूब संतुष्ट तुष्ट परितृप्त संतुष्ट (दे) २ खुश (दे) प्रसन्न।

परितृप्त दे संतुष्ट।

परितृप्ति दे संतोष।

परितोष दे संतोष।

परित्यक्त छोड़ा हुआ त्यक्त त्यागा हुआ।

परित्यजन छोड़ना त्याग त्यागना परित्याग।

परित्याग करना अलग करना छोड़ना तजना तिलांजलि देना त्याग करना त्यागना परित्याग करना संन्यास लेना (राजनीति से संन्यास लेना)।

परित्याज्य अस्वीकार्य छोड़ने योग्य त्यागने योग्य त्याज्य।

परित्राण त्राण बचाव रक्षा (दे.) हिफ़ाज़त।

परिधान कपड़ा पहनावा पोशाक (दे.) लिबास वस्त्र।

परिधि १ चक्र, घेरा दायरा परिवेश फैलाव मंडल वृत्त वेष्टन २ कक्षा क्षेत्र बाड़ा ३ सीमा हद।

परिनिर्वाण पूर्ण निर्वाण मोक्ष।

परिपक्व १ पका पका हुआ पक्का पक्व सुपक्व २ अनुभवी (दे.) तजुर्बेकार ३ कुशल प्रौढ़ सिद्ध ४ पुष्ट।

परिपत्र गश्ती चिट्ठी सरक्यूलर सूचना-पत्र।

परिपाटी १ चलन चाल ढर्रा दस्तूर, परंपरा प्रथा रिवाज रीति रूढ़ि लीक २ कार्यप्रणाली कार्यविधि क्रियाविधि ढंग तरकीब तरीका पद्धति प्रणाली विधि शैली ३ व्यवस्था।

परिपालन १ परवरिश पालन पालन-पोषण पोषण २ बचाव रक्षण रक्षा हिफ़ाज़त।

परिपूर्ण खूब पूरा पूर्ण भरपूर भरा भरा-पूरा संपूर्ण।

परिपृच्छा जिज्ञासा परिप्रश्न पूछताछ पूछना प्रश्न।

परिप्रेक्ष्य (perspective) १ अनुदृष्टि (वि.) दृष्टिकोण (म. प्र.) परिदृष्टि (उ. प्र.) २ पृष्ठभूमि।

परिभ्रमण भ्रमण घूमना घूमना-फिरना टहलना पर्यटन।

परिमाण नाप नाप-जोख नाप-तोल मात्रा माप मिकदार, वज़न।

परिमार्जन अशुद्धि शोधन परिशोधन परिष्करण शुद्धि शोधन संशोधन संस्कार।

परिमार्जित अशुद्धि-शोधित परिष्कृत शोधित संशोधित संस्कारित संस्कृत।

परिमित अल्प कम थोड़ा नपा-तुला सीमित।

परियोजना (project) निर्माण-योजना (म. प्र.) परिकल्पना प्रायोजना (राज. उ. प्र.) प्रोजेक्ट, योजना।

परिरंभ, परिरंभण आलिंगन गले लगाना छाती से लगाना बाहुपाश में भरना हृदय से लगाना।

परिरक्षण अनुरक्षण देखभाल रक्षण संरक्षण।

परिवर्जन अलग रहना छोड़ना त्यागना दूर रखना, दूर रहना बचना।

परिवेष्टन

परिशिष्ट (

परिशीलन

परिश्रय

परिशोधन (

परिशोधन करना (

करना

करना।

परिशोधित करना (revise)

करना (

करना (

करना।

परिश्रम अध्यवसाय

परिश्रमी अध्यवसायी

परिषद् अंजुमन अधिकरण आयोग ऐसोसिएशन पंचायत बोर्ड मंडल संगठन संघ संसद संस्था।

परिष्कार दोष-मार्जन परिमार्जन मार्जन परिशोधन शुद्धि शोधन संशुद्धि संशोधन संस्कार, सुधार।

परिष्कृत परिमार्जित परिशोधित प्राञ्जल संस्कारित सुधारा हुआ सुसंस्कृत।

परिसंपत्ति पूँजी माल-मत्ता संपत्ति।

परिसंवाद (symposium) गोष्ठी विचारगोष्ठी संगोष्ठी (म प्र) वाद विवाद-गोष्ठी।

परिसमाप्ति दे अंत।

परिसर (premises) कैंपस प्रिमिसेस स्थान (बि)।

परिसीमन (delimitation) सीमांकन (उ प्र) सीमानिर्धारण (बि) हदबन्दी (म प्र)।

परिस्थिति अवस्था स्थिति हाल हालत।

परिहार १ खंडन निराकरण निवारण २ प्रायश्चित्त ३ इलाज उपचार उपाय ४ छोड़ना त्याग परित्याग।

परिहार्य १ छोड़ने योग्य त्याज्य दूर करने योग्य २ निवार्य बचने योग्य बचाने योग्य।

परिहास चुहल ठिठोली दिल्लगी मखौल मजाक लीला हँसी हँसी खेल हँसी-ठट्ठा हँसी-दिल्लगी हँसी-मजाक हास-परिहास हास्य-विनोद।

परी दे अप्सरा।

परीक्षक १ इम्तिहानगर, मुमतहिन २ पारखी।

परीक्षण (experiment) एक्सपेरिमेंट प्रयोग २ ट्रायल ३ परीक्षा (दे)।

परीक्षा १ इम्तिहान २ आजमाइश परीक्षण ३ टेस्ट ४ ट्रायल ५ अग्निपरीक्षा ६ जाँच जाँच-परख जाँच-पड़ताल ७ खोजबीन छानबीन।

परीक्षापत्र पर्चा पेपर, प्रश्नपत्र।

परीक्षाफल नतीजा परिणाम फल।

परीक्षित अनुभूत आजमाया आजमूदा परखा हुआ जाँचा-परखा।

परीजाद रूपवान सुंदर (दे)।

परीशान दे. परेशान।
परुष दे. कठोर।
परुषता दे. कठोरता।
परे १ उधर उस ओर, उस तरफ़ २ दरकिनार दूर ३ अगम (दे.) ४ बाहर (दे.)।
परेड क़वायद।
परेवा १ कबूतर २ पंडुक पेंडकी फ़ाख़्ता।
परेशान अपसेट, आजिज़ उद्विग्न घबराया तंग लाचार व्याकुल हैरान।
परेशानी आपदा आफ़त झंझट तंगी मुसीबत विपत्ति विपदा संकट।
परोक्ष अप्रत्यक्ष इनडाइरेक्ट, असाक्षात गुप्त।
परोक्षतः अप्रत्यक्षतः गुप्त रूप से पीठ-पीछे।
परोपकार दान नेकी परहित परकल्याण भलाई।
परोपकारी दानी परहितकारी।
परोपजीवी परजीवी परमुखापेक्षी पराश्रित पैरासाइट।
पर्चम दे. झंडा।
पर्चा १ परीक्षापत्र पेपर, प्रश्नपत्र २ काग़ज़ चिट पुरज़ा ३ ख़त चिट्ठी पत्र पाती ४ निबंध लेख शोधपत्र शोध लेख।
पर्ची १ चिट्ठी पत्र २ (slip) चिट (बि म प्र) पर्ची (बि म प्र०) पुर्ज़ी (बि)।
पर्जन्य दे. बादल।
पर्ण दे. पत्ता।
पर्णकुटी कुटिया कुटी झोंपड़ा झोंपड़ी पर्णशाला।
पर्दा १ आच्छादन आवरण चिक चिलमन परदा यवनिका २ स्क्रीन ३ घूँघट।
पर्दानशीन दे. परदानशीन।
पर्यंक खटिया खाट, चारपाई, पलंग मंचा सेज।
पर्यय नाश समाप्ति।
पर्यटक घुमक्कड़ टूरिस्ट, यायावर सैरबाज़।
पर्यटन घुमक्कड़ी घूमना घूमना-घामना घूमना-फिरना टूरिज़्म परिभ्रमण भ्रमण यायावरी सैर सैर-सपाटा।

पर्यवसान अंत अवसान आखिर, उपसंहार, ख़ात्मा पटाक्षेप समाप्ति।
पर्यवेक्षण अच्छी तरह देखना देखभाल निरीक्षण भली-भाँति देखना सुपरविज़न।
पर्याप्त काफ़ी पूरा पुष्कल प्रचुर, प्रभूत बहुत भरपूर, यथेष्ट, यथोचित विपुल।
पर्याय एकार्थबोधक एकार्थवाचक एकार्थवाची एकार्थी पर्यायवाची समानार्थी समार्थी।
पर्यावरण परिवेश माहौल वातावरण वायुमंडल।
पर्व १ तीज-त्योहार, त्योहार, त्यौहार, २ उत्सव जश्न समारोह।
पर्वत दे पहाड़।
पर्वतीय १ पहाड़ पर बसा/रहने वाला पहाड़ी २ पहाड़ विषयक/संबंधी पहाड़ी ३ पहाड़ी भाषा।
पर्वरिश देख भाल देखना-भालना परवरिश (दे) पालन पोसन पोषण पालना-पोसना भरण-पोषण लालन-पालन।
पर्वाना दे परवाना।
पर्स बटुआ।
पर्सनल निजी वैयक्तिक व्यक्तिगत।
पर्सनैलिटी व्यक्तित्व।
पर्हेज़ दे परहेज़।
पर्हेज़ी दे परहेज़ी।
पलंग खटिया खाट, चारपाई, पर्यंक सैया सेज।
पलंगपोश चद्दर, चादर बेडशीट, बेडकवर।
पल (२४ सेकेंड) क्षण छिन दम (दम भर में) निमिष लमहा लम्हा।
पलक अक्षिपटल चक्षुपट, दृगंचल नयनपट, मिचनी।
पलटन फ़ौज सेना (दे)।
पलटना १ उलटना २ लौटना वापस होना ३ उलट-पलट करना/होना परिवर्तन करना/होना बदल देना बदलना बदल जाना।
पलड़ा तुलापट पलरा बाट पल्ला।
पलना तैयार होना पनपना परवरिश पाना पाला-पोसा जाना

पालित होना पोषण पाना पोषित होना प्रतिपालित होना बढ़ना संरक्षण पाना संरक्षित होना।

पलस्तर प्लास्टर लेप लेट।

पलायन, **पलायन करना** काफूर होना चंपत होना डरकर भागना नौ दो ग्यारह होना रफूचक्कर होना सिर पर पाँव रखकर भागना।

पलाश किंशुक टेसू पलास।

पल्लव दे पत्ता।

पल्लवग्राही उथला ऊपरी छिछला सतही।

पल्ला १ कपाट, पलड़ा पलरा पल्ला (तराजू का) २ आँचल दामन ३ अधिकार में (उसके पल्ले पड़ेंगे दो) पास।

पल्लू किनारा आँचल छोर, दामन।

पल्लेदार बया मजदूर (दे) मेहनतकश श्रमिक।

पवन दे हवा।

पवनकुमार दे हनुमान।

पवनतनय दे हनुमान।

पवनपुत्र दे हनुमान।

पवमान दे हवा।

पवाड़ा दे पँवाड़ा।

पवि १ कुलिश वज्र २ अशनि करका गाज तड़ित, बिजली विद्युत्।

पवित्र १ पाक पावन पुनीत पूत २ अदूषित अमलिन निर्मल पाक-साफ विमल विशुद्ध शुचि शुद्ध साफ़, स्वच्छ ३ निष्कलंक निष्पातक निष्पाप पवित्र व्यक्ति।

पवित्रता १ पुनीतता २ निष्कलंकता निष्पातकता ३ निर्मलता शुचिता शुद्धता सफ़ाई स्वच्छता।

पशु १ चतुष्पद चौपाया जंतु, जानवर, डंगर, ढोर, ढोर-डंगर, पशुधन मवेशी २ असंस्कृत असभ्य जंगली जानवर, हैवान ३ क्रूर, जालिम निष्ठुर, नृशंस बर्बर।

पशुता १ अमानवता जंगलीपन जंगलीपना पाशविकता हैवानियत २ क्रूरता निष्ठुरता नृशंसता बर्बरता।

पशुपति दे महादेव।

पशुशाला बाड़ा पिंजरापोल मवेशीखाना।

पश्चात् अनंतर, उत्तर (साठोत्तरी साहित्य) उपरांत पीछे, फिर बाद (में)।

पश्चात्ताप : अनुताप अनुशय अफ़सोस पछतावा।

पश्चात्ताप करना अनुताप करना अफ़सोस करना/प्रकट करना कान पकड़ना ग्लानि होना तौबा करना पछताना हाथ मलना।

पश्चाद्वर्ती अनुवर्ती परवर्ती बाद का।

पश्चिम १ पच्छिम प्रतीची मगरिब २ अस्ताचल ३ पश्च पश्चवर्ती पिछला।

पश्चिमी पच्छिमी पाश्चात्य प्रतीच्य।

पसंद रुचि।

पसंद आना अच्छा लगना जँचना भाना रुचना सुहाना।

पसंदीदा अच्छा लगनेवाला पसंद का रुचि का।

पसारना प्रसारित करना फैलाना।

पसीजना १ द्रवित होना द्रवीभूत होना पिघलना २ दयार्द्र होना द्रवित/द्रवीभूत होना पिघलना।

पसीना : प्रस्वेद श्रमवारि श्रमबिंदु श्रमसीकर स्वेद।

पसोपेश अंतर्द्वंद्व असमंजस आगा-पीछा उधेड़-बुन ऊहापोह कशमकश द्वंद्व धर्मसंकट मनोमंथन संकल्प-विकल्प साँप-छछूँदर की स्थिति।

पस्त १ थका थका-माँदा थका-हारा २ पराजित हारा हुआ ३ दबा हुआ दमित।

पस्तहिम्मत कायर डरपोक भीरु साहसहीन हतोत्साह।

पहचान १ जान-पहचान परिचय वाकफ़ियत २ जानकारी ज्ञान तमीज़ विवेक ३ चिह्न निशान निशानी लक्षण अलामत ४ (identification) अभिज्ञान (उ प्र म प्र) अभिज्ञापन (म प्र) अभिज्ञा (बि)।

पहचानना १ अभिज्ञ होना जानना परिचय होना परिचित होना सम्यक् जानना वाकिफ़ होना २ नस-नस से परिचित होना ३ समझना।

पहचानपत्र (identity card) अभिज्ञापत्र (उ प्र) आइडेंटिटी कार्ड परिचयपत्र (म प्र) पहचानपत्रक।

पहनावा कपड़ा-लत्ता कपड़े पोशाक परिधान लिबास वस्त्र वेश।

पहर (तीन घंटे का समय) प्रहर, याम।

पहरा चौकी, देखरेख, निगहबानी।

पहरेदार चौकीदार, ड्योढ़ीदार, द्वारपाल, पहरी, पहरुआ, प्रतीहार, प्रहरी, रखवाला, संतरी।

पहरेदारी चौकीदारी, ड्योढ़ीदारी, रखवाली।

पहलवान कुश्तीबाज, मल्ल।

पहलवानी कुश्तीबाजी, कुश्ती लड़ना, मल्लकला, मल्लविद्या, मल्लवृत्ति।

पहला १ अव्वल, आद्य, पहले नंबर का, प्रथम २ आदिम, प्राथमिक, प्रारंभिक।

पहले १ आगे, अग्र, पूर्व, पेश्तर, प्राक्, २ आदि में, आरंभ/प्रारंभ/शुरू में ३ अव्वलन, प्रथमतः, सबसे पहले, सर्वप्रथम ४ कल (अतीतकाल)।

पहले-पहल पहली बार, प्रथमतः, सबसे पहले, सर्वप्रथम।

पहाड़ १ अद्रि, अचल, कुधर, कूट, कोह, गिरि, धराधर, नग, पर्वत, पहाड़ी, भूधर, भूभृत्, भूमिधर, महीधर, मेरु, शैल २ भारी व्यक्ति, विशालकाय व्यक्ति ३ अत्यंत कठिन/दुष्कर (जैसे कार्य) ४ न टलने वाला, न बीतने वाला, बहुत बड़ा (आज का दिन तो जैसे पहाड़ है)।

पहाड़ी १ पर्वत-निवासी/संबंधी, पर्वतीय, पार्वतीय, पार्वतेय २ बड़ा ढूह, बड़ा टीला, लघु पर्वत ३ पर्वतीय/पहाड़ी व्यक्ति ४ पर्वतीय/पहाड़ी भाषा।

पहिचान दे. पहचान।

पहिचानना दे. पहचानना।

पहिनावा दे. पहनावा।

पहुँच दखल, पैठ, प्रवेश, रसाई।

पहुँचा कलाई, प्रकोष्ठ, मणिबंध।

पहेली १ गूढ़प्रश्न, प्रहेलिका, बुझनी, बुझौवल, मुकरी २ उलझन, गाँठ, जटिल समस्या, समस्या।

पाँचवाँ पंचम, पंजम।

पाँचाली गुड़िया, गुड्डा-गुड़िया, डोकरी, खिलौना, बेटिया, मैंठी।

पांडव पांडवगण, पांडुपुत्र, पांडुसुत।

पाँडु १ दे. पीला २ पीतवर्णिता।

पांडुर १ दे पीला २ दे सफ़ेद।

पांडुलिपि (manuscript) पांडुलेख पोथी मैन्युस्क्रिप्ट हस्तलिपि (उ प्र म प्र) हस्तलेख (उ प्र म प्र)।

पांत पाँति १ कतार पंक्ति (दे) २ पंगत (भोज की) भोजपंक्ति।

पांथ दे पथिक।

पाँव क़दम गोड़ चरण टँगड़ी टँगरी टाँग पग पद पाद पैर।

पाँवड़ा पायंदाज़ पायदान फ़ुटरग।

पाइप नल नलका नली।

पाइलट चालक पायलट यानचालक विमानचालक।

पाउडर १ अंगराग पोडर, पौडर, प्रसाधनचूर्ण २ चूर्ण बुकनी।

पाक १ पकना पकाया हुआ परिपाक २ निर्दोष निष्कलंक पवित्र शुद्ध साफ़-सुथरा।

पाकदामन पतिव्रता सच्चरित्रा सती सती-साध्वी सदाचारिणी साध्वी सीता-सावित्री।

पाकशाला किचेन चौका बावर्चीख़ाना रसोई रसोईघर।

पॉकिट पॉकेट खीसा जेब जेबा बगिसती थैली।

पॉकेटमार गिरहकट जेबकट जेबकतरा।

पाक्षिक १ अर्धमासिक पखवाड़ा-विषयक पखवाड़े से संबद्ध २ अर्धमासिक (पत्र/पत्रिका) हर पखवाड़े में प्रकाशित।

पाखंड १ आडंबर, छल-छंद छल-छद्म ढकोसला ढोंग ढोंगबाज़ी प्रपंच प्रवंचना बनावट, मिथ्याडंबर २ धर्माडंबर।

पाखंडी १ आडंबरी कपटी छल-छंदी ढकोसलेबाज़ ढोंगबाज़ ढोंगी प्रवंचक बगुलाभगत बनावटी मिथ्याडंबरी २ धर्मध्वजी धर्माडंबरी।

पाख पक्ष पखवाड़ा।

पाख़ाना १ ग़लीज़ गुह गू टट्टी पुरीष बीट, मल मैला लैट्रिन विष्ठा शौच २ खुड्डी जनसुविधाएँ, टट्टी ट्वॉयलेट प्रसाधन संपुलित बाथरूम लैट्रिन शौचालय सडास।

पागल १ उन्मत्त जुनूनी दीवाना बावला विक्षिप्त २ खब्ती झक्की झकवाला मूडी सनकवाला सनकी ३ अहमक़ उजबक जाहिल नादान नासमझ बेअक्ल बेवक़ूफ़, मूढ़ मूर्ख (दे)।

पागलपन १ उन्मत्तता उन्माद जुनून दीवानापन बावलापन क्रेज़

२ विक्षिप्तता खब्त झक धुन सनक ३ अहमकपना अहमकपन नादानी नासमझी मूढ़ता मूर्खता (दे.)।

पाजी कमीना दुष्ट नीच (दे०) बदमाश लुच्चा शरारती शातिर, शैतान।

पाजीपन पाजीपना कमीनापन दुष्टता नीचता (दे.) शरारत शैतानी।

पाटल दे. गुलाब।

पाठ १ टेक्स्ट मूल मूलपाठ २ अध्याय (दे.) चैप्टर, बाब ३ सबक सीख उपदेश (दे.)।

पाठक १ पढ़नेवाला वाचक २ अध्यापक।

पाठभेद पाठांतर।

पाठशाला अकादमी कालिज गुरुकुल मकतब मदरसा विद्यापीठ विद्यालय स्कूल।

पाठ्यक्रम (course) कोर्स शिक्षाक्रम (उ० प्र०) शिक्षाक्रम (म. प्र.)।

पाठ्यपुस्तक टेक्स्टबुक।

पाणि दे. हाथ।

पाणिग्रहण दे. विवाह।

पात १ अधःपतन गिरावट पतन २ दे. मृत्यु (शरीर-पात) ३ दे. पत्ता।

पातक दे. पाप।

पातकी दे. पापी।

पाताल अधोलोक नागलोक नागावर्त पातालपुरी रसातल (दे०)।

पातिव्रत पतिनिष्ठा पतिभक्ति सतीत्व।

पाती दे. पत्र।

पात्र १ बर्तन भाजन भांड (जैसे कुपात्र) भांडा २ (eligible) अधिकारी प्राप्य (म. प्र.) योग्य (बि. म. प्र.) ३ अभिनेता अभिनेत्री कैरेक्टर, चरित्र।

पात्रता क्षमता योग्यता।

पाथेय पथभोजन पथव्यय राहखर्च सफरखर्च संबल।

पाथोज दे. कमल।

पाद १ अधोवायु अपानवायु गोज हवा २ चरण पग पद पाँव

पैर, ३ चरण पद (छंदांश) ४ चतुर्थांश चौथाई, चौथा भाग।

पादत्राण १ खड़ाऊँ, चरणपादुका २ उपानह जूता जोड़ा पनही।

पादप दे पेड़।

पादुका १ खड़ाऊँ चरणपादुका २ उपानह जूता जोड़ा पनही।

पान १ तांबूल २ खिल्ली गिलौरी बीड़ा बीरा ३ पीना (जल पान धूम्रपान मद्यपान)।

पाना अर्जन करना अर्जित करना ग्रहण करना प्राप्त करना प्राप्ति होना हस्तगत करना हासिल करना।

पानी १ अंबु, अंभ अप आप आब उदक क्षीर जीवन तोय नीर, पय पानीय पाथ जल वारि, सलिल २ आब (मोती की) आभा कांति चमक चमक-दमक ३ आबरू इज्जत गौरव पत-पानी प्रतिष्ठा मान मान-सम्मान सम्मान ४ आब जौहर (तलवार आदि का) धार।

पाप १ अघ अधर्म अशुभ कल्मष कलुष गुनाह पातक २ अत्याचार अपकर्म अपकृत्य अपराध कुसूर गलती दुष्टता दोष।

पापात्मा दे पापी।

पापी अघी अधर्मी अपकर्मी कुकर्मी गुनहगार दुरात्मा दुष्टात्मा पातकी पापकर्मा पापात्मा पामर।

पाबंद नियमित (पालनकर्ता) प्रतिबद्ध बँधा हुआ बद्ध मजबूर।

पाबंदी प्रतिबंध प्रतिषेध रोक रोक-टोक बद्धता।

पामर १ दे पापी २ कमीना खल दुर्जन दुष्ट पाजी बदमाश शैतान।

पामाल १ पददलित रौंदा हुआ २ चौपट तबाह नष्ट भ्रष्ट बर्बाद।

पायँदाज पाँवड़ा फुटरग।

पायताबा जुराब मोजा पैताबा।

पाया १ गोड़ा पावा २ खंभा टेक स्तंभ ३ ओहदा दर्जा पद, भूमिका स्थान।

पारंगत कुशल दक्ष निपुण पटु प्रवण प्रवीण योग्य विज्ञ विदग्ध विशेषज्ञ सुयोग्य सुविज्ञ।

पारंपरिक क्रमागत परंपरागत पारंपरीण पारंपरीय।

पार १ दूसरा किनारा २ अंत आखिर, छोर सीमा हद (पार पाना)।

पार करना इस पार से उस पार जाना एक ओर से दूसरी ओर/तरफ़ जाना दूर जाना छलांग लगाना लांघना फलांदना फांदना।

पारखी परखनेवाला पहचान-परख करनेवाला।

पारतंत्र्य दे परतंत्रता।

पारद दे पारा।

पारपत्र पासपोर्ट।

पारस्परिक आपस का आपसी।

पारा चपल हिमकर पारद महारस रसनाथ रसराज रसोत्तम सिद्धधातु।

पारावत १ कपोत कबूतर २ पंडुक परेवा पिंडकी।

पारावार १ दे समुद्र २ आर-पार।

पारिजात कचनार, परजाता कल्पवृक्ष मंदार, हरसिंगार।

पारित मंजूर, पास स्वीकृत।

पारितोषिक इनाम पुरस्कार, विजयोपहार।

पारिभाषिक १ टेकनिकल तकनीकी तात्त्विक २ परिभाषा का परिभाषा-विषयक/संबंधी।

पारिवारिक १ कुल-विषयक खानदानी परिवार-विषयक/संबंधी २ ऐतिहासिक (जैसे भाषाओं का पारिवारिक वर्गीकरण)।

पारिश्रमिक १ उजरत दिहाड़ी मजदूरी मेहनताना २ फ़ीस शुल्क ३ तनख्वाह पगार, वेतन।

पारिषद १ पार्षद सभासद कौंसिलर २ अनुचर गण।

पारी पाली बारी शिफ्ट।

पार्क उद्यान उपवन बाग।

पार्ट १ अदाकारी भूमिका २ अंश खंड टुकड़ा भाग हिस्सा।

पार्टी १ गुट दल मंडली २ पक्ष ३ ज़ियाफ़त खाना दावत भोज।

पार्थ अर्जुन कपिध्वज गांडीवधर गांडीवी धनंजय।

पार्थक्य अलगाव जुदाई पृथकता वियोग विलगाव संबंध-विच्छेद

(accession उ प्र म प्र)।

पार्थिव १ पृथ्वी से उत्पन्न/संबद्ध २ भौतिक लौकिक सांसारिक ३ राजसी राजोचित।

पार्लियामेंट संसद।

पार्वती अपर्णा गिरिजा गिरिनंदिनी गिरिसुता गौरा गौरी दक्षसुता दाक्षायणी पर्वतजा पर्वतनंदिनी भवानी रुद्रप्रिया रुद्राणी शंकरप्रिया शंकरा शिवा शैलकुमारी शैलजा शैलनंदिनी शैलपुत्री शैलसुता सती स्कंदजननी हिमगिरिसुता।

पार्श्व १ पास बगल २ नजदीक निकट पास समीप ३ पड़ोस पड़ोस आस-पास पास पास-पड़ोस।

पार्श्ववर्ती १ नजदीकी निकटवर्ती पास का समीपवर्ती २ परिचारक सहचर।

पार्षद १ कौंसिलर पारिषद सभासद २ अनुचर गण।

पार्सल पुलिंदा पैकिट पैकेट।

पालक परिपालक पालक-पोषक पालनकर्ता पालनेवाला भरण-पोषण करनेवाला लालन-पालन करनेवाला।

पालकी खड़खड़िया डोली नालकी म्याना शिविका।

पालतू पाला-पोसा पाला हुआ पालित।

पालथी आलथी-पालथी पलथी।

पालन १ परवरिश पालन-पोषण भरण-पोषण लालन-पालन २ अनुसरण अनुपालन अनुवर्तन परिपालन ३ पूर्ति बजा लाना शिरोधार्य करना (आज्ञा आदेश हुक्म आदि) ४ निभाना निर्वाह करना निबाहना पूरा करना।

पालना १ निर्वाह करना परवरिश करना पालन-पोषण करना पालना-पोसना पोषण करना भरण-पोषण करना रख-रखाव करना २ रखना (तोता बिल्ली कुत्ता आदि) ३ न टालना न तोड़ना पूरा करना भंग न करना (वचन आदि) ४ गहवारा झगुला झूला पिंगुरा हिंडोला।

पाला १ तुषार तुषार, २ बर्फ हिम।

पालागन चरणस्पर्श दंडवत नमस्कार नमस्ते प्रणाम।

पॉलिटिक्स राजनीति।

पॉलिसी कार्य-नीति नीति।

पाली पारी बारी सिफ्ट।
पावँ दे पाँव।
पावँड़ा दे पाँवड़ा।
पावक दे आग।
पावती प्राप्ति रसीद रिसीट।
पावन दे पवित्र।
पावनता दे पवित्रता।
पावर १ ताकत (दे) शक्ति २ बिजली ३ अधिकार।
पावस १ दुर्दिन बरसात बारिश मेह वर्षा वर्षाऋतु, वर्षाकाल वृष्टि २ चौमासा ३ असाढ़-सावन सावन सावन भादों।
पाश फंदा फाँस बंधन।
पाशविक अमानवीय अमानुषिक क्रूर क्रूरतापूर्ण निर्मम नृशंस पैशाचिक बर्बर, बर्बरतापूर्ण।
पाश्चात्य पश्चिमी।
पाषाण दे पत्थर।
पाषाणहृदय पत्थरदिल संगदिल। दे क्रूर।
पास १ आस-पड़ोस आस-पास करीब नजदीक निकट पड़ोस पास-पड़ोस सन्निकट समीप २ उत्तीर्ण कामयाब सफल ३ अधिकार/कब्ज़े में पल्ले ४ मंजूर स्वीकृत ५ घाटी दर्रा ६ अनुमतिपत्र प्रवेशपत्र।
पासपोर्ट १ पारपत्र वीसा (उ प्र)।
पासबुक लेखापुस्तिका।
पाहन दे पत्थर।
पाहुना अतिथि अभ्यागत पाहुन मेहमान।
पाहुर उपहार नजर, भेंट सौगात।
पिंगल १ दे पीला २ छंदशास्त्र।
पिंड १ गोला ढेला लोंदा २ ढेर, राशि (दे) ३ काया गात्र गात तन देह शरीर।
पिंडी १ लोंदा २ (सूत आदि का) गोला लच्छा।
पिक दे कोयल।
पिकनिक वनविहार।
पिक्चर १ दे चित्र चित्रपट तसवीर फ़िल्म मूवी सिनेमा।

पिघलना १ गलना द्रवित होना द्रवीभूत होना पसीजना २ अनुकूल हो जाना दयार्द्र हो जाना द्रवित/द्रवीभूत हो जाना नर्म/मुलायम पड़ जाना/हो जाना।

पिचकारी टीका सिरिंज सुई।

पिचकना चुचुकना दबना पचकना पिचिकना सिकुड़ना सिमिटना।

पिछड़ना पीछे छूट जाना पछियाना पिछियाना पीछे रह जाना।

पिछलगा अंधानुगामी अनुगामी अनुयायी पिछलग्गू पिट्ठू हिमायती।

पिछलग्गू दे पिछलगा।

पिछला अंतिम अतीत का गत गुजरा हुआ बीता हुआ भूतकालिक विगत।

पिटारा झाँपा झाँपी पिटारी संदूक।

पिटारी झाँपी संदूक संदूकचा संदूकड़ी।

पिट्ठू अंधानुगामी अंधानुयायी पिछलग्गू हिमायती।

पिट्रोल १ खनिज तेल तेल पेट्रोल २ गश्त पतरोल।

पिता अब्बा जनक जनयिता जनिता जन्मदाता तात पितृ पिदर अप्पा बाप बापू, बाबू, वालिद।

पितामह दादा बाबा।

पितृव्य काका चाचा ताऊ।

पिन आलपिन।

पिनहाँ छिपा हुआ।

पिनाक १ अजगव शिवधनुष २ कमान धनुष (दे)।

पिनाकी दे महादेव।

पिपासा दे प्यास।

पिपासु तृषित प्यासा।

पिपीलिका चींटी।

पियक्कड़ मद्यप मद्यसेवी शराबी।

पिया पति (दे) प्रिय।

पिलना १ टूट पड़ना पिल पड़ना भिड़ जाना २ प्रवृत्त होना लग जाना।

पिशाच जिन प्रेत बैताल भूत शैतान।

पिशुन इधर-की-उधर लगानेवाला चुगलखोर, चुगला चुगली करनेवाला लुतरा।

पिष्टपेषण पुनरुक्ति।
पिष्टोक्ति मसीमे।
पिसान आटा चून मैदा।
पिस्तौल तमंचा पिस्टल रिवाल्वर।
पीक थूक।
पीकदान उगालदान ओगलदान थूकनी पिकदानी।
पीछा पश्चभाग पिछवाड़ा पिछाड़ी।
पीछा छुड़ाना बला छुड़ाना छुटकारा पाना जान छुड़ाना जी छुड़ाना दामन छुड़ाना पल्ला छुड़ाना पिंड छुड़ाना।
पीछे १ अनन्तर उपरांत तदनंतर, फिर, पश्चात् पुनः, बाद में २ पश्च भाग में पिछले भाग में पीठ पे पृष्ठ भाग में ३ कारण खातिर, निमित्त लिए, वजह से वास्ते।
पीछे चलनेवाला अंधानुगामी अंधानुयायी अनुगामी अनुयायी पिछलग्गा पिछलग्गू।
पीछे पड़ जाना/पड़ना १ कहते रहना गर्दन पर सवार होना गले पड़ जाना घेरना तंग करना पीछा न छोड़ना बार-बार कहना बार-बार कहते रहना २ काम कराने पर तुल जाना।
पीछे/पीछे-पीछे चलना अंधानुकरण करना अनुकरण करना अनुगमन करना अनुसरण करना नकल करना।
पीटना आघात करना चोट करना चोट पहुँचाना ठोकना प्रहार करना मारना मारना-पीटना।
पीठ १ पश्च पीछा पुश्त पृष्ठ, पृष्ठभाग २ आसन चौकी पीठिका पीढ़ा पीढ़ी ३ अधिष्ठान संस्थान (जैसे विद्यापीठ)।
पीठिका १ पूर्वपीठिका पृष्ठभूमि भूमिका २ आधार, आसन नींव।
पीड़ा कष्ट टीस तकलीफ, दर्द दुख-दर्द पीर वेदना व्यथा शूल।
पीड़ित ग्रस्त दुखी परेशान बीमार रुग्ण रोगग्रस्त।
पीढ़ा आसन पटरा पाटा पिढ़ई पीढ़ी।
पीढ़ी १ कुल २ आसन पटरा पाटा पिढ़ई पीढ़ा।
पीन दे पीना।
पीन १ पुष्टपुष्ट मोटा स्थूल स्थूलकाय २ बड़ा विशाल (पीन पयोधर)।

पीना १ आचमन करना गटकना गड़पना गले से नीचे उतारना पान करना सटकना २ दबा लेना (जैसे गुस्सा) प्रकट न होने देना ३ धुआँ भीतर खींचना (तंबाकू पीना) धूम्रपान करना ४ जज़्ब करना सोख लेना।

पीप पस पीब मवाद।

पीपल अश्वत्थ वासुदेव।

पीपा कनस्तर टिन डिब्बा ड्रम।

पीब पस पीप मवाद।

पीयूष १ अमिय अमृत आबेहयात सुधा २ दूध (दे)।

पीर दे पीड़ा।

पीरियड १ अवधि कालावधि २ घंटा घंटी।

पीलवान महावत हाथीवान।

पीला १ अमरसी कपिल केसरिया गंधकी चंपई ज़र्द ज़र्दचमेली ज़ाफ़रानी नारंगी नारंजी पांडुर पिंग पिंगल पीत पीताभ पीतारुण बसंती बासंती बसंती सरसी सुनहरी हल्दिया
२ आभाहीन फीका निष्प्रभ।

पीलापन ज़र्दी पांडुरता पियराई, पीतिमा सुनहलापन।

पीलिया कमलरोग जांडिस पांडुरोग।

पीवर अतिकाय तुंदिल गुलगुला मांसल मोटा स्थूल स्थूलकाय।

पीस टुकड़ा नग।

पीसना चूरना चूर्ण करना बारीक करना रगड़ना।

पीहर नैहर पितृगृह मायका मैका।

पुंगव १ उत्तम श्रेष्ठ (कपिपुंगव नरपुंगव आदि में) २ बैल सांड।

पुंज कलाप (जैसे कार्य-कलाप) चय जमघट ढेर भीड़ राशि संकलन संकुल संग्रह संचय समुच्चय समूह।

पुंडरीक दे कमल।

पुंश्चली कुलटा छिनाल व्यभिचारिणी स्वैरिणी।

पुंस आदमी नर पुरुष मर्द।

पुंसत्व/पुंस्त्व पुरुषत्व पौरुष मर्दानगी।

पुकार आवाज़ आवाहन आह्वान गुहार, टेर दुहाई, फ़रियाद बुलाहट, रट, हाँक।

पुकारना आवाज़ लगाना आवाहन/आह्वान करना गुहार लगाना चिल्लाकर कहना टेरना फ़रियाद करना बुलाना रट लगाना हाँक मारना हाँक लगाना।

पुख़्ता टिकाऊ, दृढ़ पक्का पायदार, मज़बूत।

पुचकारना चूमना चूमना-चटकारना चूमना-चाटना प्यार करना प्यार जताना।

पुच्छल्ला १ बड़ी पूँछ लंबी दुम २ चाटुकार, चापलूस पिछलग्गा पिछलग्गू।

पुजापा पूजन-सामग्री पूजा का सामान।

पुजारिन आराधिका उपासिका पूजन-अर्चन करनेवाली भक्तिन।

पुजारी अर्चक आराधक उपासक पूजक पूजा-अर्चा करनेवाला भक्त।

पुट अन्तर्मिश्रण छींटा भावना हल्का छिड़काव हल्का मेल।

पुण्य १ धर्म सत्कर्म सत्कार्य सुकृत २ पवित्र पावन पुनीत शुभ ३ अच्छा कल्याणकारी धर्मविहित शुभ शोभन।

पुण्यतिथि बरसी मृत्युतिथि।

पुण्यवान धर्मात्मा पुण्यात्मा सत्कर्मी सुकृती।

पुतली १ कठपुतली गुड़िया पुत्तलिका २ अक्षितारा अक्षिपुतली कनीनिका तारा।

पुत्र अंगज अपत्य आत्मज औरस औलाद कुमार छोकड़ा छोकरा छोरा छोहरा जाया ढोटा तनय तनुज नंदन पिसर फरज़ंद बालक बेटवा बेटा लड़का लाल लौंडा वत्स सुत सुवन।

पुत्रवधू पतोहू बहू वधू स्नुषा।

पुत्री अंगजा आत्मजा कन्या छोकरी छोरी ढोटी तनया तनुजा दुख़्तर दुहिता धी धिया नंदना नंदिनी बेटी लड़की लाड़कवाली सुता।

पुन एक बार और फिर दुबारा दोबारा।

पुनः पुनः बारंबार बार-बार।

पुनरीक्षण १ अनुवाद-शोधन अनुवाद-संशोधन वेटिंग संशोधन सुधार २ पुनरावलोकन पुनर्दृष्टि पुनर्विचार।

पुनरुक्ति १ आवृत्ति रिवीज़न २ पिष्टपेषण ३ पुनरुक्तवदाभास।

पुनरुत्थान नवजागरण नवोत्थान पुनर्जागरण रिनेसाँ।

पुनर्मूल्यन (revaluation) पुनःपरीक्षण पुनरंकन (म प्र) पुनर्मूल्यांकन।

पुनर्वास (rehabilitation) पुनर्वासन (बि) पुनःस्थापन (बि प्र)।

पुनीत पवित्र पाक पाक-साफ पुण्य (पुण्यतिथि पुण्यस्मृति) पूत।

पुरंदर दे इंद्र।

पुर दे नगर।

पुरखा १ पूर्वज पूर्वपुरुष बाप-दादे २ (घर का) बड़ा-बूढ़ा बुजुर्ग बुजुर्गवार, वयोवृद्ध वृद्ध।

पुरवा १ कुल्हिया कुल्हड़ चुक्कड़ मटका सकोरा २ दे पुरवैया ३ खेड़ा छोटा गाँव पुरा बस्ती।

पुरवासी नगरवासी शहरी।

पुरवैया पुरवा पुरवाई।

पुरस्कार १ इनाम पारितोषिक प्राइज विजयोपहार २ इनाम इकराम उपहार टिप दान-दक्षिणा भेंट बख्शीश ३ प्रतिदान।

पुरा खेड़ा छोटा गाँव पुरवा बस्ती।

पुरातत्वज्ञ पुरातत्वविद् (उ प्र) पुरातत्ववेत्ता (म प्र)।

पुरातत्ववेत्ता पुरातत्वज्ञ (केन्द्र) पुरातत्वविद् (उ प्र बि)।

पुरातन दे पुराना।

पुरातनता पुरानापन प्राचीनता।

पुराना १ कदीम कदीमी चिरंतन पुराकालीन पुरातन पुराना चिराना प्राचीन पूर्वकालीन प्राक्कालीन प्राक्तन सनातन २ अतीत गत बीता हुआ विगत ३ घिसा-पिटा जीर्ण जीर्ण-शीर्ण फटा-पुराना ४ अनुभवी तजुर्बेकार परिपक्व मँजा हुआ ५ अप्रचलित अप्रयोग ६ बूढ़ा (दे) वृद्ध ७ दकियानूसी परंपरावादी पुरातनतावादी।

पुरातनत्व पुरातनता पुरातनवादिता प्राचीनता सनातनता।

पुरारि दे शिव।

पुरावृत्त इतिहास पुराना वृत्तांत पुराना हाल प्राचीन वार्ता।

पुरी १ जगन्नाथपुरी २ नगरी शहर।

पुरीष गुह गू पाखाना (दे) मल विष्ठा।

पुरुष १ आदमी घरवाला नर पति धव (विधवा) पुंस मर्द लोग २ आदमी इंसान मनुष्य मानव ३ कर्मचारी (राजपुरुष) ४ आत्मा चेतन जीव परमात्म (सांख्य दर्शन में)।

पुरुषार्थ १ अध्यवसाय उद्यम पराक्रम दम-खम पौरुष साहस हिम्मत २ परिश्रम मेहनत ३ बल-बूता शक्ति सामर्थ्य।

पुरुषार्थी १ अध्यवसायी उद्यमी उद्योगशील पराक्रमी साहसी हिम्मती २ परिश्रमी मेहनती ३ दम-खम वाला बल-बूते वाला सामर्थ्यवान ४ बहादुर (दे) वीर।

पुरोधा १ पाधा पुरोहित २ अगुआ (दे) अग्रणी।

पुरोहित कुलपुरोहित पाधा पुरोधा।

पुरोहिताई पुरोहिती पौरोहित्य।

पुर्जा १ अंश टुकड़ा पर्चा पर्ची पुर्जी २ नुस्खा प्रेस्क्रिप्शन ३ मशीनी पुर्जा।

पुर्जी दे पुर्जा-१ २।

पुल पुलिया झूलापुल सीमापुल ब्रिज (सिटोब्रिज निलंब ब्रिज) सागरसेतु सेतु, सेतुबंध (राम द्वारा समुद्र में बनवाया गया पुल)।

पुलक रोमहर्ष रोमांच लोमहर्षण।

पुलिंदा गट्ठर गठरी ढेर, पैकिट, बंडल मोटरी सर्वेष्टिका (packet, अ प्र)।

पुलिन कगार, किनारा कूल तट तीर।

पुलिया दे पुल।

पुलिस सिपाही सिपाही-दल।

पुश्त १ पीढ़ी २ पश्चभाग पीठ पृष्ठभाग।

पुश्ता १ ढलवाँ मेड़ पुश्त और बाँध २ (पुस्तक का) पुट्ठा।

पुश्तैनी कई पीढ़ियों का परंपरागत पुश्त-दर-पुश्त का।

पुष्कर १ कमल (दे) २ तालाब।

पुष्कल काफ़ी (दे) पर्याप्त प्रचुर प्रभूत विपुल।

पुष्ट १ तगड़ा पला हुआ परिपुष्ट मुस्टंड मुस्टंडा सुगठित हट्टा कट्टा हृष्ट-पुष्ट २ कसरतिया तगड़ा मोटा-ताजा ३ आरोग्यवान तंदुरुस्त स्वस्थ ४ पुष्टिकर पुष्टिकारी

बलवर्धक शक्तिवर्धक स्वास्थ्यवर्धक ३ प्रमाणित प्रामाणिक संपुष्ट समर्थित साधार।

पुष्टि (confirmation) अनुमोदन ताईद पुष्टिकरण (म प्र) पुष्टीकरण (उ प्र) संपुष्टि (बि) समर्थन।

पुष्टिकारक पुष्ट पुष्टिकर, पौष्टिक बलवर्धक बलवीर्यवर्धक।

पुष्प दे फूल।

पुष्पधन्वा दे कामदेव।

पुष्पबाण दे कामदेव।

पुष्पमाला गजरा फूलमाला माला हार।

पुष्परज दे पराग।

पुष्परस मकरंद मधु।

पुष्पशर दे कामदेव।

पुष्पायुध दे कामदेव।

पुष्पित कुसुमित पुष्पयुक्त फूला हुआ।

पुस्तक १ किताब ग्रंथ पुस्तिका पोथा पोथी २ कृति रचना।

पुस्तकालय कुतुबखाना ग्रंथागार, ग्रंथालय लाइब्रेरी।

पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रंथपाल (म प्र) ग्रंथाध्यक्ष (उ प्र०) ग्रंथागारिक (बि) लाइब्रेरियन।

पुस्तिका (pamphlet) १ पत्रिका पैम्फ्लेट (बि) लघुपुस्तिका (म प्र०) किताबिया २ अभ्यास-पुस्तिका कॉपी।

पूँछ दुम पुच्छ पुछल्ला लांगूल।

पूँजी १ जमा जमाधन धन-दौलत रुपए-पैसे संचित धन सरमाया २ जमीन-जायदाद जायदाद धन-संपत्ति मिल्कियत संपत्ति ३ दौलत ४ मूलधन लागत।

पूँजीपति अमीर, धनकुबेर धनाढ्य धनी धन्नासेठ संपत्तिशाली संपन्न समृद्ध सरमायादार सुसंपन्न सेठ।

पूँजीवाद कैपिटलिज़्म।

पूँजीवादी १ कैपिटलिस्ट २ पूँजीवाद-विषयक/संबंधी ३ पूँजीवादी व्यवस्था वाला।

पूआ ठेकुआ पूड़ा मालपूआ।

पूछ १ आदर इज़्ज़त कद्र मान २ [illegible] चाह, माँग जरूरत तलब।

पूछताछ १ इस्तफ़्सार पूछपछ २ खोजबीन छानबीन जाँच पड़ताल पूछपाछ पूछाताछी पूछापाछी २ जिरह ३ इस्तफ़्सारी जिज्ञासा (सि०) परिपृच्छा (म० प्र)।

पूछना १ छानबीन करना जानकारी लेना ज्ञात करना ज्ञान प्राप्त करना दरियाफ़्त करना पूछताछ करना मालूम करना प्रश्न करना २ खोज-खबर लेना समाचार पूछना हाल चाल पूछना ३ कद्र करना।

पूजन अर्चन अर्चना अर्चा आराधन आराधना पूजा पूजा अर्चन पूजा अपना मूर्ति-पूजन।

पूजना अर्चना करना आराधना करना इबादत करना परस्तिश करना पूजन करना पूजा-अर्चा करना मूर्ति पूजना।

पूजनीय १ आदरणीय पूज्य माननीय श्रद्धेय सम्माननीय सम्मान्य २ अर्चनीय आराध्य उपासनीय उपास्य पूजा-योग्य पूजार्ह पूज्य वंदनीय।

पूजा १ अर्चन अर्चना अर्चा पूजन पूजन-अर्चन पूजन-वंदन मूर्ति पूजा विग्रह-पूजा २ आराधना उपासना इबादत परस्तिश ३ डाँट-फटकार ताड़ना मार-पीट।

पूज्य दे पूजनीय।

पूज्यवर अत्यंत पूज्य अत्यंत सम्मान्य परम आदरणीय समादरणीय।

पूत पाक पाक-साफ़, पावन पुनीत।

पूनम पूनो पूनमासी पूर्णिमा राका।

पूनी पेउनी पेवनी।

पूरक अनुपूरक परिपूरक संपूरक।

पूरब पूर्व प्राची मशरिक़।

पूरा १ अखिल अथ-से-इति तक आद्यंत आद्योपांत तमाम सब से-सिरे तक निखिल पूर्ण मुकम्मल संपूर्ण सकल समग्र समस्त समूचा २ परिपूर्ण भरपूर, भरा भरापूरा लबालब ३ संपन्न तमाम समाप्त ४ काफ़ी पर्याप्त यथेष्ठ यथेष्ट।

पूरित परिपूर्ण भरा-पूरा भरा हुआ।

पूरी पूड़ी लुचुई।

पूर्ण १ पूरा समूचा २ संपन्न समाप्त।

पूर्णचंद्र पूर्णिमा का चाँद राकापति राकेश।

पूर्णतः अच्छी तरह से, पूरा का-पूरा, पूरी तरह से, पूर्णतया, पूर्ण रूप से, बिलकुल, संपूर्णतः, समग्रतः, समूचे का समूचा, सरासर, सर्वथा।

पूर्णता अखण्डता, संपूर्णता।

पूर्णमासी पूनम, पूनो, पूरनमासी, पूर्णिमा, राका।

पूर्णिमा पूनम, पूनो, पूर्णमासी, राका।

पूर्ति (supply) आपूर्ति (वि.), संपूर्ति (प. प्र.), सप्लाई।

पूर्व १ अग्र (अग्रगोची) आगे, प्रथम, पहले, प्राक् (शास्त्रज्ञ) २ गत, विगत ३ पूरब, प्राची, मशरिक।

पूर्वग्रह (prejudice) पक्षपात (प. प्र.), पूर्वाग्रह (वि.)।

पूर्वज बाप-दादा, पुरखे, पूर्वपुरुष, बापदादे, बुजुर्ग।

पूर्वपीठिका आमुख, आरंभिकी, प्रस्तावना, प्रस्ताविकी, प्राक्कथन, प्रारंभिकी, भूमिका।

पूर्ववत् पहले-जैसा, पहले-सा, पूर्वानुसार।

पूर्वाग्रह दे. पूर्वग्रह।

पूर्वाभ्यास रिहर्सल।

पूर्वी १ पूरब का, पुरबिया २ पूरबी, प्राच्य, मशरिकी।

पूर्वोक्त उपरोक्त, उपर्युक्त, पूर्वकथित।

पूष पौष।

पृथकता अलगाव, अलहदगी, जुदाई, पार्थक्य, पृथक्त्व, भिन्नता।

पृथकतावादी अलगाववादी।

पृथक् अलग, अलग-अलग, अलगा-बिलगी, अलहदा, जुदा, न्यारा, भिन्न, वियुक्त, विलग।

पृथु चौड़ा, मोटा, विशाल, विस्तृत।

पृथुल बड़ा, मोटा, चौड़ा, विशाल, विस्तृत।

पृथ्वी अचला, अवनि, अवनी, जगत्, जगती, जमीन, जग, धरणी, धरती, धरा, पृथिवी, भू, भूतल, भूमंडल, भूमि, मही, मेदिनी, रत्नगर्भा, रसा, वसुंधरा, वसुधा, वसुमती।

पृथ्वीनाथ दे. राजा।

पृष्ठ १ पन्ना, पेज, वरक, वर्क, सफहा, सफा २ पिछला भाग, पीठा, पीठ, पुश्त, पृष्ठभाग।

पृष्ठपोषक पक्षधर, पक्षपोषक, पीठ ठोंकने वाला, तरफदार, समर्थक

पैदा १ उत्पन्न जन्मा जन्मा हुआ प्रसूत २ आमद आमदनी आय कमाई प्राप्ति लाभ ३ अर्जित कमाया हुआ प्राप्त।
पैदाइश उत्पत्ति उद्भव जन्म प्रादुर्भाव।
पैदाइशी जन्मजात जन्म से प्राकृतिक स्वाभाविक।
पैदावार उत्पाद उत्पादन उपज फ़सल।
पैना १ तीक्ष्ण तेज़ धारदार नुकीला २ कुशाग्र तीक्ष्ण तेज़ प्रखर (जैसे पैनी बुद्धि)।
पैबंद चकती चकत्ती थिगली पेवन पैंच।
पैमाइश माप जोख नाप।
पैमाना माप मानदण्ड स्केल।
पैर दे पाँव।
पैरवी १ पक्ष-समर्थन समर्थन हिमायत २ (किसी के पक्ष में) कोशिश दौड़धूप दौड़भाग प्रयत्न प्रयास भागदौड़।
पैरा, पैराग्राफ अनुच्छेद कण्डिका।
पैराशूट छतरी हवाई छतरी।
पैरोकार पक्षधर, पक्षपोषक पृष्ठपोषक पैरवीकार हिमायती।
पैरोडी विडंबनाकाव्य विद्रूप व्यंग्यानुकरण व्यंग्यकाव्य व्यंग्यात्मक हास्यकाव्य।
पैशाचिक १ आसुरी राक्षसी २ क्रूर घोर, पाशविक निर्दय ३ बीभत्स।
पैशुन्य चुगलखोरी दुष्टता पिशुनता।
पैसा १ अर्थ टका मुद्रा लक्ष्मी-नारायण दौलत जर द्रव्य धन धनराशि रुपया-पैसा २ कुछ पैसे चार पैसे ३ कीमत दाम मूल्य ४ धन-दौलत धन-संपत्ति संपत्ति रुपया सरमाया।
पैसेंजर पसेंजर पैसेंजर मुसाफ़िर यात्री।
पोशीदा अदृश्य अज्ञात तिरोहित प्रच्छन्न गुप्त छिपा।
पोखर पोखरा जलाशय जोहड़ झील डाबर, तड़ाग तलैया ताल तालाब पुष्कर, मानस मानसरोवर सर सरसी सरोवर।
पोटली गठरी गट्ठर गठड़ी पैकिट बकुचा।
पोत जलयान जहाज़ बजरा बड़ी नौका युद्धपोत शिप।
पोतना पुचारना लीपना लीपना-पोतना।

पोता १ पौत्र २ दौहित्र नवासा नाती ३ अंड अंडकोष फोता ४ पोतने का कपड़ा।

पोती १ पौत्री २ नतिनी नातिन।

पोथा बड़ी किताब बड़ी पुस्तक बड़ी पोथी।

पोथी १ किताब ग्रंथ पुस्तक पुस्तिका २ कृति रचना ३ पांडुलिपि मैन्युस्क्रिप्ट।

पोपला निर्दंत बिना दाँत का बेदाँती (मज़ाक में प्रयुक्त)।

पोर्टफोलियो १ मंत्रालय विभाग संविभाग २ थैला ब्रीफ़केस हैंडबैग।

पोल १ ऐब कमी दोष बुराई (पोल खुलना) २ खोखला खालीपन रिक्ति (ढोल में पोल) ३ खंभा डंडा स्तंभ।

पोला १ अठोस खाली खुक्ख खोखला रिक्त २ पुलपुला ३ असार, तत्त्वहीन निस्सार।

पोलो चौगान।

पोशाक कपड़े कपड़े-लत्ते ड्रेस परिधान पहनावा लिबास वर्दी वस्त्र वेश वेश-भूषा।

पोशीदगी अप्रत्यक्षता गोपनीयता गुप्तता गुह्यता छिपाव प्रच्छन्नता।

पोशीदा अप्रकट अप्रत्यक्ष गुप्त गूढ़ छिपा प्रच्छन्न।

पोषक १ पालक पालक-पोषक पालने वाला २ पौष्टिक वर्धक सेहतमंद स्वास्थ्यवर्धक।

पोषण १ पालन-पोषण २ वर्धन संवर्धन ३ मदद सहायता ४ रक्षण।

पोषित १ पाला हुआ पालित पालित-पोषित २ रक्षित।

पोस्ट ओहदा जगह नौकरी पद स्थान।

पोस्टऑफिस डाकखाना डाकघर पत्रालय।

पोस्टकार्ड कार्ड।

पोस्टपोन करना (बाद के लिए) टाल देना विलंबित करना मुल्तवी करना स्थगित करना।

पोस्टमार्टम चीरफाड़ शवपरीक्षा।

पोस्टमैन चिट्ठीरसाँ डाकिया।

पोस्टर इश्तहार विज्ञापन।

पोस्टेज टिकट डाकव्यय महसूल।

पोस्ती १ अफ़ीमची काहिल नशेबाज़ नशेड़ी २ आलसी ढीला

ढीला-ढाला शिथिल सुस्त।

पौ १ प्रातःकालीन किरण/प्रकाश २ पौ फटने का समय प्रातः भोर, सवेरा सुबह।

पौड़ी दे सीढ़ी।

पौढ़ना पड़ रहना बिस्तर पर जा पड़ना लटना शयन करना सोना।

पौत्र १ पोता २ दौहित्र नवासा नाती।

पौत्री १ पोती २ नतिनी नवासी नातिन।

पौद १ छोटा पौधा पौधीरी बेहन २ पीढ़ी (नई पौद)।

पौधा १ दे पौद १ २ २ क्षुप पौधा।

पौधा क्षुप नया छोटा पेड़ लघुगुल्म।

पौनःपुनिक आवृत्तिक पुनरावृत्तिक।

पौनःपुन्य आवृत्ति पुनरावृत्ति बारंबारिता।

पौर १ नागरिक पुरवासी २ नगर-विषयक/संबंधी पुर का/संबंधी।

पौरजन नगर-निवासी नागरिक शहरी।

पौरमुख्य (alderman) एल्डरमैन (वि) नगरमुख (उ प्र वि) पौरमुख (बि)।

पौरस्त्य पूरबी पूर्वी प्राच्य मशरिकी।

पौरुष १ पुंसत्व पुरुषत्व मर्दानगी २ उद्यम पराक्रम पुरुषार्थ साहस हिम्मत।

पौरुषेय आदमी का किया हुआ मनुष्यकृत मानवकृत मानवीय।

पौरोहित्य पुरोहिताई पुरोहिती।

पौष पूस।

पौष्टिक पुष्टिकारक (दे) बल-वीर्यवर्धक स्वास्थ्यकर।

प्याऊ । जलसत्र पौसला पौसरा सबील।

प्यादा १ पैदल २ पैदल सिपाही ३ दूत हरकारा।

प्यार अनुराग आशनाई, आशिकी इश्क उलफत उल्फत चाह दुलार प्यार प्रणय प्रीति प्रेम प्रेमभाव ममता ममत्व मुहब्बत मोह रति राग लगाव लाड़ लाड़प्यार, लौ वात्सल्य स्नेह हेतु।

प्यारा १ अच्छा खूबसूरत बढ़िया भला (जैसे प्यारा आदमी) २ दुलारा प्रिय प्रेमी मनमोहन लाडला लाड़ला।

प्यारी चहेती जनिया जानी दिलजानी दिलरुबा दुलारी प्राण प्यारी प्राणवल्लभा प्रियतमा प्रिया प्रीतिमा प्रमिका प्रेयसि प्रेयसी वल्लभा माशूक माशूका माशूक रानी हृदयेश्वरी।

प्याला कटोरा गिलास जाम पियाला प्याली।

प्यास १ तिश्नगी तृषा पिपासा २ लालच लोभ ३ प्रबल कामना ललक लालसा।

प्यासा तृषार्त तृषित पिपासु।

प्यून चपरासी हरकारा।

प्योर असली खालिस शुद्ध।

प्रकट अभिव्यक्त अनावृत्त अयाँ उजागर खुला जाहिर नुमायाँ प्रकटित प्रकाशित प्रगट प्रत्यक्ष प्रत्यक्षीभूत फाश रोशन व्यक्त साफ स्पष्ट।

प्रकरण प्रसंग विषय संदर्भ।

प्रकर्ष : अभ्युदय उत्कर्ष उन्नति तरक्की।

प्रकल्पित कल्पित (बिहार) संभावित (बि) संभावी (म प्र) (जैसे प्रकल्पित वेतन presumptive pay)।

प्रकांड उत्तम प्रशस्त बहुत बड़ा (प्रकांड पंडित) श्रेष्ठ।

प्रकार १ किस्म टाइप रूप भेद २ ढंग तरह, तरीका पद्धति भाँति शैली (जैसे इस प्रकार से इस ढंग/तरह/पद्धति/भाँति/शैली से)।

प्रकार्य काम कार्य फंक्शन।

प्रकाश आभा आलोक उजाला उँजियार उजियारी उजियाला उजेला कांति चाँदना चाँदनी ज्योति तेज दीप्ति प्रदीप्ति प्रभा लाइट विभा।

प्रकाशक पब्लिशर।

प्रकाशन १ प्रकाशित कृति/रचना आदि २ पब्लिकेशन ३ अभिव्यक्ति प्रकटीकरण प्रकाश में लाना विज्ञापन।

प्रकाशमय आलोकमय उज्ज्वल कांतिमय कांतिमान चमकता चमकदार चमकीला जगमगाता जाज्वल्यमान ज्योतिष्मान ज्योतिर्मय तेजोमय दीप्त देदीप्यमान प्रकाशमान प्रकाशवान प्रकाशयुक्त प्रदीप्त भास्वर।

प्रकाशित १ छपा मुद्रित शाया २ विज्ञापित सूचित।

प्रगति : १ अग्रसर होना आगे बढ़ना बढ़ती बढ़ोतरी २ उत्कर्ष उत्थान उन्नयन उदय ३ उन्नति तरक्की प्रोन्नति ४ सुधार ५ इंप्रूवमेंट विकास।

प्रगतिवादी १ प्रगतिशील प्रोग्रेसिव २ प्रगतिवाद-विषयक/संबंधी।

प्रगल्भ १ उच्छृंखल उद्धत गुस्ताख़ ढीठ धृष्ट २ आत्मविश्वासी निडर निर्भय निर्भीक, साहसी ३ बड़बोला बढ़-बढ़कर बातें करने वाला बेलगाम मुँहफट ४ तुर्की-ब-तुर्की जवाब देने वाला ५ साफ़गो स्पष्टवादी ६ वाक्पटु, प्रत्युत्पन्नमति हाज़िरजवाब ७ चतुर (दे)।

प्रगाढ़ १ गंभीर गहरा (प्रगाढ़ निद्रा) २ गाढ़ा सघन ३ अतिशय अत्यधिक बहुत अधिक ज़्यादा (प्रगाढ़ प्रेम)।

प्रगीत गाना गीत गीति गीतिकाव्य लिरिक।

प्रचंड १ उग्र उत्कट घोर प्रखर, भयंकर, भयानक भयावह भीषण विकट २ तीव्र तेज़ (गति)।

प्रचंडता १ उग्रता उत्कटता करालमापन भयंकरता भयानकता भयावहता भीमता भीषणता तेज़ी विकटता २ तीव्रता।

प्रचलन चलन प्रचार, रिवाज।

प्रचलित चलता चलनेवाला जारी प्रचलनवाला प्रचार में रायज।

प्रचार १ प्रोपेगेंडा विज्ञापन २ चलन प्रचलन रिवाज ३ ख्याति प्रसिद्धि (दे) ४ (publicity) विज्ञापन (व प्र) प्रकाशन (म० प्र)।

प्रचालन (*operation*) परिचालन (व प्र) चालन (उ प्र म प्र) संचालन।

प्रचुर १ अति अतिशय अतीव अत्यधिक अपरिमित अमित पुष्कल प्रभूत बहुत बहुत अधिक भरपूर, विपुल २ काफ़ी पर्याप्त।

प्रचुरता १ *अतिशयता अत्यधिकता अधिकता आधिक्य पुष्कलता* विपुलता २ काफ़ी होना पर्याप्ति।

प्रच्छन्न गुप्त छिपा ढका।

प्रजनन जनना जनन।

प्रजा जनता रिआया रैयत।

प्रजातंत्र जनतंत्र जमहूरियत डिमॉक्रेसी लोकतंत्र लोकशाही।

प्रतियोगिता कंपटीशन चढ़ा-ऊपरी प्रतिद्वंद्विता प्रतिस्पर्धा मुकाबला स्पर्धा होड़ होड़ाहोड़ी।

प्रतियोगी प्रतिद्वंद्वी प्रतिस्पर्धी मुकाबला/स्पर्धा/होड़ करनेवाला।

प्रतिरक्षा (defence) बचाव (म प्र) रक्षा (केन्द्र राज उ प्र) सुरक्षा हिफ़ाज़त।

प्रतिरुद्ध अँटका/अटका हुआ अवरुद्ध फँसा हुआ रुका हुआ।

प्रतिरूप १ प्रतिमा प्रतिमूर्ति साक्षात् रूप २ अनुकृति प्रतिकृति प्रतिच्छाया ३ आदर्श ४ नमूना।

प्रतिरोध १ अड़चन अवरोध प्रत्यवरोध बाधा रुकावट रोक थाम थान व्याघात २ ख़िलाफ़त प्रतिवाद विरोध।

प्रतिलिपि (copy) अनुकृति (म प्र) कॉपी नकल।

प्रतिवाद १ खंडन २ ख़िलाफ़त प्रोटेस्ट प्रतिरोध विरोध ३ अस्वीकार, नामंज़ूर ४ जवाबी उत्तर प्रत्युत्तर।

प्रतिवादी (defendent respondent) उत्तरदाता (म प्र) उत्तरवादी (उ प्र म प्र) प्रतिपक्षी (म प्र) प्रत्यर्थी (अर्थी) मुद्दालेह।

प्रतिवेदक (reporter) रिपोर्टर (केन्द्र राज बि) वृत्तलेखक (उ प्र म प्र)।

प्रतिवेदन (report) रपट (बि म प्र) रिपोर्ट (केन्द्र राज आदि) विवरण (केन्द्र उ प्र बि)।

प्रतिवेशी पड़ोस में रहनेवाला पड़ोसी।

प्रतिशत परसेंट फ़ीसदी सैकड़ा।

प्रतिशब्द पर्याय समानार्थी समार्थी।

प्रतिशोध इंतक़ाम प्रतिकार, बदला।

प्रतिश्रुत प्रतिबद्ध वचनबद्ध।

प्रतिश्रुति प्रतिबद्धता वचनबद्धता।

प्रतिषेध १ निषेध मना मनाही रोक रोक-टोक वर्जन वारण २ पाबंदी प्रतिबंध।

प्रतिष्ठा १ आदर आबरू इज़्ज़त प्रेस्टिज समादर सम्मान २ गौरव मान मानमर्यादा ३ स्थापना।

प्रतिष्ठान निकाय संस्था संस्थान।

प्रतिष्ठित १ इज़्ज़तदार प्रतिष्ठाप्राप्त प्रतिष्ठावाला प्रसिद्ध मानमर्यादा-

मान्य मानसम्मानवाला सम्मानित २ स्थापित।

प्रतिस्पर्धा प्रतिद्वंद्विता प्रतियोगिता मुकाबला स्पर्धा होड़ होड़ाहोड़ी।

प्रतिस्पर्धी प्रतिद्वंद्वी प्रतियोगी मुकाबला करनेवाला।

प्रतिहार गेटकीपर चोबदार चौकीदार ड्योढ़ीदार दरबान द्वारपाल प्रतिहारी प्रतीहार।

प्रतीक १ (symbol) चिह्नसंकेत (म प्र) संकेत (उ प्र वि) २ चिह्न द्योतक चिह्न बोधक।

प्रतीकार दे प्रतिकार।

प्रतीक्षा इंतजार इंतजारी जोहना।

प्रतीक्षा करना आस की घड़ियाँ गिनना आने के दिन गिनना पंथ/पथ निहारना बाट जोहना/देखना बेसब्री से इंतजार करना रास्ता/राह देखना।

प्रतीची पश्चिम मगरिब।

प्रतीच्य पाश्चात्य पश्चिमी मगरबी।

प्रतीत ज्ञात मालूम विदित।

प्रतीति एतबार, प्रत्यय भरोसा यकीन विश्वास।

प्रत्यंचा चिल्ला धनुष की डोरी शिंजिनी।

प्रत्यक्ष १ अपरोक्ष आँखों के आगे/सामने उपस्थित दृष्टिगत दृष्टिगोचर, साक्षात २ डाइरेक्ट सीधा।

प्रत्यक्षत ऊपर से ऊपरी तौर पर जाहिरा देखने में।

प्रत्यय १ एतबार भरोसा यकीन विश्वास २ अवधारणा संकल्पना ३ परप्रत्यय (व्याकरण में पूर्व प्रत्यय तथा मध्य प्रत्यय से भिन्न प्रत्यय। हिंदी में इसी अर्थ में प्रत्यय शब्द का प्रयोग होता है।)

प्रत्याख्यान खंडन निराकरण निरसन प्रतिकार, प्रतीकार मुखालिफत विरोध।

प्रत्यागमन प्रत्यावर्तन लौटना वापसी।

प्रत्यायन (accreditation) अधिस्वीकृति मान्यता (म प्र)।

प्रत्याशा आशा उम्मीद संभावना।

प्रत्युत इसके बदले/बजाय/विरुद्ध उल्टे बल्कि वरन्।

प्रत्युत्तर उत्तर का उत्तर जवाब जवाब का जवाब जवाबी उत्तर।

प्रत्युत्पन्नमति १ तुरंत सोच सकनेवाला त्वरितमति २ वाक्पटु हाजिर

प्रभुता — १ अख्तियार, अधिकार, अधिपत्य आधिपत्य प्रभुत्व शासन सत्ता स्वामित्व हुकूमत २ (sovereignty) प्रभुत्व (वि) सर्वोच्च सत्ता प्रभुसत्ता (केन्द्र राज्य उ प्र आदि) सर्वोच्च सत्ता (केन्द्रादि)।

प्रभुत्व — दे प्रभुता।

प्रभूत — दे बहुत।

प्रभृति — आदि इत्यादि वगैरह।

प्रभेद — टाइप तरह प्रकार, भेद।

प्रमदा — तरुणी नवयुवती नवयौवना युवती रमणी सुंदरी।

प्रमाण — उपपत्ति सबूत, सबूत शहादत साक्ष्य।

प्रमाणपत्र — सर्टिफिकेट।

प्रमाणित — साबित सिद्ध।

प्रमाणीकरण — अधिप्रमाणन।

प्रमाद — असावधान असावधानी गफलत गलती ढील भूलचूक लापरवाही।

प्रमादी — असावधान प्रमादयुक्त लापरवाह।

प्रमुख — १ अग्रणी अग्रिम चीफ, नायक (chief म प्र) नेता प्रधान मुखिया वरेण्य २ खास मुख्य।

प्रमुखतः — मुख्यतः, खास तौर पर।

प्रमुदित — आनंदित खुश (दे) प्रसन्न मुदित हर्षित।

प्रमोद — आनंद (दे) खुशी प्रसन्नता हर्ष।

प्रयत्न — अध्यवसाय उद्योग कोशिश चेष्टा जतन दुआ दौड़-धूप प्रयास भगीरथ प्रयत्न यत्न।

प्रयत्न करना — कोशिश/चेष्टा/जतन/दौड़-धूप/प्रयास करना आकाश-पाताल एक करना जमीन-आसमान एक करना जान लड़ा देना जी-जान लड़ा देना जी-जान से कोशिश करना जी-तोड़ कोशिश करना भगीरथ प्रयास करना हर संभव प्रयत्न/प्रयास करना।

प्रयाग — इलाहाबाद, तीर्थराज संगम।

प्रयाण — कूच गमन प्रस्थान मार्च।

प्रयास — अध्यवसाय उद्योग कोशिश चेष्टा जतन दौड़-धूप भगीरथ प्रयत्न यत्न।

प्रयोग १ इस्तेमाल उपयोग उपभोग व्यवहार, सेवन २ एक्स पेरिमेंट, जाँच-परख परख परीक्षण ३ तजुर्बा ४ प्रचलन।

प्रयोजन १ अभीष्ट अर्थ (जैसे समर्थि) इष्ट उद्देश्य ध्येय लक्ष्य साध्य २ दे अभिप्राय ३ दे उपयोग।

प्रलयंकर क़यामत कहर ढानेवाला कल्पान्तकारी प्रलयकारी संहार कारी सर्वनाशकारी।

प्रलय क़यामत कल्पांत कहर विनाश सर्वनाश।

प्रलाप १ अनर्गल भाषण बकझक बकवक बकवाद बकवास २ करुण आलाप फूट-फूटकर रोना।

प्रलोभन लालच लोभ।

प्रवंचक छली ठग दगाबाज धोखेबाज धूर्त बगलाभगत मक्कार रंगा सियार।

प्रवंचना कपट छल छल-कपट छल-छंद छल-छद्म झाँसा ठगी दगा धोखा भुलावा वंचना।

प्रवचन १ तक़रीर भाषण लेक्चर व्याख्यान २ उपदेश नसीहत शिक्षा सीख।

प्रवण १ झुका हुआ (जैसे धर्मप्रवण) २ प्रवृत्त मग्न रत लीन।

प्रवर उच्चतम ज्येष्ठ प्रधान सर्वोच्च सीनियर।

प्रवर्तक आरम्भकर्ता (मतप्रवर्तक धर्मप्रवर्तक) चलानेवाला।

प्रवर्तन आरंभ प्रारम्भ शुरुआत शुरू श्रीगणेश सूत्रपात।

प्रवहमान प्रवाहशील प्रवाही बहता।

प्रवाचक रीडर।

प्रवाद १ अफ़वाह, किंवदंती जनश्रुति २ बदनामी।

प्रवास (migration) देशान्तरगमन (भ प्र) प्रव्रजन (उ प्र वि) व्रजन (उ प्र) परदेशगमन विदेशगमन विदेशवास।

प्रवासी प्रव्रजक (वि) प्रवाजक (भ प्र) प्रवासक (भ प्र) परदेशी विदेशी।

प्रवाह १ गति रफ़्तार रवानी २ तारतम्यता निरंतरता नैरंतर्य सातत्य सिलसिला ३ जलधारा धारा।

प्रवाहित प्रवहमान प्रवाहशील बहता बहाया हुआ।

प्रविधि कार्यपद्धति कार्यप्रणाली कार्यविधि क्रियापद्धति क्रियाप्रणाली क्रियाविधि ढंग तकनीक तरीक़ा पद्धति प्रक्रिया प्रणाली

रीति विधि शैली।

प्रविष्ट १ दाखिल दाखिला मिला प्रवेश पाया प्रवेशप्राप्त २ घुसा घुसा धँसा पैठा भीतर गया।

प्रवीण कुशल कामकार चतुर दक्ष निपुण पटु विदग्ध विशारद विशेषज्ञ।

प्रवीणता कुशलता कौशल दक्षता निपुणता पटुता विदग्धता विशेषज्ञता।

प्रवृत्त १ मग्न रत लीन निरत संलग्न २ झुका हुआ परायण प्रवणशील।

प्रवृत्ति प्रकृति मनोवृत्ति मिजाज रुचि स्वभाव।

प्रवेश १ ऐडमिशन दाखिला २ एंट्री प्रवेशद्वार ३ गति घुसपैठ दखल पहुँच पैठ रसाई ४ जानकारी ज्ञान।

प्रवेशपत्र ऐडमिट कार्ड पास।

प्रशंसक १ प्रशंसा करनेवाला प्रशस्तिकर्ता बखाननेवाला बड़ाई करने वाला विरुदगायक २ खुशामदी चापलूस।

प्रशंसनीय अभिनंदनीय काबिलतारीफ़ प्रशस्य श्लाघनीय श्लाघ्य सराहनीय स्तवनीय स्तुत्य।

प्रशंसा १ अभिनंदन अभिशंसा गुणकीर्तन गुणगान गुणानुवाद तारीफ प्रशस्ति बखान बड़ाई महिमागान यशोगान विरद गान श्लाघा सराहना साधुवाद स्तवन स्तुतिगान २ चाटु कारिता चापलूसी।

प्रशंसा करना 'प्रशंसा' के पर्यायों में 'करना' जोड़ने के अतिरिक्त अन्य पर्याय हो सकते हैं। अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना (अपनी प्रशंसा के लिए) आसमान पर चढ़ाना काँटों में घसीटना (बहुत प्रशंसा करके) तारीफ के पुल बाँधना भूरि-भूरि प्रशंसा करना मुक्त कंठ से प्रशंसा करना।

प्रशस्त खुला बड़ा लंबा चौड़ा विस्तीर्ण विस्तृत।

प्रशस्ति दे प्रशंसा।

प्रशासक (administration) प्रबंधक व्यवस्थापक (म प्र)।

प्रशासन १ एडमिनिस्ट्रेशन शासन २ प्रबंध व्यवस्था।

प्रशासनिक प्रशासनीय प्रशासी।

प्रशासी प्रशासनीय प्रशासनिक प्रशासन विषयक/संबंधी।

प्रश्न १ व्यक्त प्रश्न पूछताछ पृच्छा सवाल २ मसला विचारणीय विषय समस्या।

प्रश्नपत्र परीक्षापत्र पर्चा पेपर।

प्रश्नोत्तर १ सवाल-जवाब २ कथोपकथन बातचीत संवाद।

प्रश्रय १ आड़ आश्रय आश्रय-स्थान ओट शरण संरक्षण २ आसरा ३ टेक आधार, सहारा।

प्रश्रयदाता आश्रयदाता संरक्षक सहारा देने वाला।

प्रश्वास निश्वास (बाहर निकलती) सांस।

प्रसंग १ प्रकरण संदर्भ २ विषय ३ अवसर, मौका ४ घटना।

प्रसन्न १ आनंदित उत्फुल्ल उल्लसित खिला खुश निहाल प्रफुल्ल प्रमुदित प्रसन्नचित्त प्रहर्षित मगन मग्न मुदित मोदयुक्त हर्षित हुलसित २ तुष्ट संतुष्ट ३ सुखी ४ अनुकूल।

प्रसन्नता आनंद उत्फुल्लता खुशी प्रफुल्लता मोद हर्ष।

प्रसन्न होना १ आँखें खिल उठना आँखें ठंडी होना आँखों में सरसों फूलना आनंदमग्न होना आनंदित होना आह्लादित होना उत्फुल्ल होना उल्लसित होना खिल उठना खुश हो जाना दिल की कली खिलना दिल बाग़बाग़ हो जाना धरती पर पाँव न पड़ना निहाल होना प्रफुल्ल होना प्रफुल्लित होना प्रहर्षित होना फूला न समाना बाछें खिल जाना बाग़-बाग़ होना मन का कमल खिलना मन नाच उठना मन हरा होना मुदित होना हर्षित होना हर्षाना हुलसित होना २ तुष्ट होना संतुष्ट होना।

प्रसव १ जनन डिलिवरी प्रजनन प्रसूति २ उत्पत्ति जन्म पैदाइश।

प्रसवगृह जच्चाखाना जन्मागार जापा प्रसूतिकागृह मैटर्निटी होम सौरगृह सौरी।

प्रसाद १ अनुग्रह कृपा दया मेहरबानी २ प्रसादी।

प्रसाधन टाइलेट बनाव शृंगार सजाना।

प्रसार १ पसार फैलाव विस्तार २ प्रचार प्रसारण ३ (trans mission) प्रसारण पारगमन (ज. प्र.) पारेषण (ज. प्र.) संचरण (वि.) संचारण (वि.) ४ टेलिकास्ट फैलाना ब्राडकास्ट संचार।

प्रसिद्ध अग्रगण्य कीर्तिमान ख्यात ख्यातिनामा ख्यातिप्राप्त धन्य नाम्य नामे-नामे नामवर नामी नामी-गिरामी प्रख्यात प्रतिष्ठित मशहूर माननीय मान्य यशस्वी लब्धप्रतिष्ठ विख्यात विश्रुत शोहरतयाफ्ता सुप्रसिद्ध सुविख्यात स्वनामधन्य।

प्रसिद्धि कीर्ति ख्याति नाम नामवरी प्रतिष्ठा मशहूरी यश शोहरत।

प्रसूता जलपाती जच्चा प्रसूता।

प्रसूतिकागृह दे० प्रसवघर।

प्रसून दे० फूल।

प्रस्तर दे० पत्थर।

प्रस्ताव १ तजवीज प्रस्थापना (proposal) सुझाव (केन्द्र उ प्र० म प्र०) २ निबंध लेख।

प्रस्तावना आमुख दीबाचा परिचय पुरोवाक्, प्रयोजना प्रस्ताविका प्राक्कथन भूमिका।

प्रस्तुत १ उद्यत कटिबद्ध कमर कसे हुए, तत्पर तैयार, मुस्तैद सन्नद्ध २ आलोच्य उठाया छुआ हुआ ३ उपस्थित पेश मौजूद वर्तमान विद्यमान।

प्रस्तुत करना आगे रखना (म प्र) पेश करना (बि म प्र०) समक्ष रखना सम्मुख रखना सामने रखना (बि)।

प्रस्तुतकर्ता प्रस्तोता प्रोड्यूसर।

प्रस्तुति १ प्रदर्शन प्रस्तुतीकरण २ अभिनय ३ प्रकृष्ट स्तुति प्रशंसा।

प्रस्तुतीकरण (presentation) उपस्थापन (राज म प्र) प्रतिपादन (म० प्र) प्रेजेंटेशन पेशकश।

प्रस्थान कूच गमन प्रयाण रवानगी।

प्रस्फुटित १ खुला फूटा २ खिला उत्फुल्ल प्रफुल्ल विकसित।

प्रस्वेद पसीना।

प्रहर १ पहर, याम २ पहरा।

प्रहरी चोबदार, चौकीदार, ड्योढ़ीदार, दरबान द्वारपाल पहरुआ पहरेदार, प्रतिहार प्रतिहारी प्रतीहार संतरी।

प्रहार आक्रमण आघात चोट टक्कर, ठोकर ताड़न ताड़ना थपेड़ा

थप्पड़ धक्का पिटाई मार वार।

प्रहेलिका कूटप्रश्न पहेली बुझौवल।

प्रांगण अजिर, अहाता आँगन चौक सहन।

प्रांजल १ परिमार्जित परिष्कृत सुसंस्कृत २ धाराप्रवाह प्रवाहपूर्ण मुहावरेदार ३ स्पष्ट साफ़ साफ़-सुथरा सुबोध सुगम्य स्वच्छ ४ सहज।

प्रांत १ प्रदेश सूबा स्टेट २ अंचल क्षेत्र खंड भूमिभाग ३ पृष्ठ भाग सीमा हद।

प्रांतर १ अंचल क्षेत्र खंड प्रदेश भूमिभाग २ जंगल (दे.) ३ उजाड़ निर्जन।

प्रांतीय क्षेत्रीय प्रादेशिक सूबाई।

प्राइज़ दे. पुरस्कार।

प्राइमरी (कक्षा पाठशाला) १ प्राइमरी क्लास प्राथमिक पाठशाला प्राथमिक कक्षा २ प्राइमरी स्कूल प्राथमिक पाठशाला/विद्यालय।

प्राइवेट १ निजी व्यक्तिगत २ (private) अशासकीय (म. प्र.) असार्वजनिक (उ. प्र.) ग़ैरसरकारी (केन्द्र आदि) ३ गृह पाठी (उ. प्र.) ४ गुप्त (म. प्र.) गोपनीय।

प्राकृतिक १ कुदरती नैसर्गिक प्रकृत प्राकृत स्वाभाविक २ अकृत्रिम सहज।

प्राक्कथन दे. प्रस्तावना।

प्राक्कलन अंदाज़ अटकल अनुमान कूत पूर्वानुमान।

प्राक्टर अनुशासक विद्यालय अनुशासक विश्वविद्यालय अनुशासक।

प्राचार्य प्रधानाचार्य प्रिंसिपल।

प्राची पूरब पूर्वदिशा मशरिक़।

प्राचीन १ क़दीम क़दीमी पुरातन पुराकालीन पुराना पूर्वकालीन प्राक्तन प्राक्कालीन २ दे. प्राचीनतावादी।

प्राचीनता दे. पुरानापन।

प्राचीनतावादी दकियानूसी परंपरावादी पुरातनवादी।

प्राचीर चहारदीवारी दीवार परकोटा।

प्राचुर्य दे. अधिकता।

प्राज्ञ चतुर, दक्ष बुद्धिमान महाज्ञानी विद्वान्।

प्राण १ जान जीवन २ प्राणवायु हवा (महाप्राण)।

प्राणधन दे० प्राणवल्लभ।
प्राणधारी दे प्राणी।
प्राणनाथ दे प्राणवल्लभ।
प्राणपति दे प्राणवल्लभ।
प्राणप्यारी दे प्यारी।
प्राणप्रिय १ दे प्राणवल्लभ २ दे प्रिय।
प्राणप्रिया दे प्रिया।
प्राणवत्ता जीवतता सक्रियता सजीवता सप्राणता।
प्राणवल्लभ पिया प्राणधन प्राणनाथ प्राणपति प्राणाधार प्राणेश्वर प्रियतम साजन हृदय-सम्राट हृदयेश्वर। दे 'पति तथा 'प्रेमी' भी।
प्राणवल्लभा दे प्रिया।
प्राणवान् जानदार जीवित सजीव सप्राण।
प्राणांत दे मृत्यु।
प्राणाधार दे प्राणवल्लभ।
प्राणी चेतन जंतु, जानदार जीव जीवधारी देहधारी देहवंत देहवान् प्राणधारी प्राणवान् शरीरी।
प्राणेश दे प्राणवल्लभ।
प्राणेश्वर दे प्राणवल्लभ।
प्राणेश्वरी दे प्रिया।
प्रातः दे० सवेरा।
प्रातःस्मरणीय दे० पूज्य।
प्रातराश कलउ कलेवा चाय (संदर्भानुसार) नाश्ता।
प्राथमिक आदिम आरंभिक एलिमेंटरी प्राइमरी प्रारंभिक।
प्राथमिकता १ अग्रता पूर्ववर्तिता २ (priority) पूर्वता (उ प्र म प्र) पूर्वस्थिति (म प्र) पूर्विकता (उ प्र बि म प्र) प्राथम्य (म प्र)।
प्रादुर्भाव १ आविर्भाव उदय उद्भव जन्म पैदाइश २ अथ आरंभ प्रारंभ शुरू शुरुआत।
प्रादेशिक १ प्रांतिक प्रांतीय सूबाई २ आंचलिक क्षेत्रीय।
प्राधान्य प्रधानता प्रमुखता मुख्यता श्रेष्ठता।
प्राधिकार (authority) सत्ता (बि)।

प्राधिकृत करना (authorise) प्राधिकार देना (राज उ प्र म प्र)।

प्राध्यापक १ लेक्चरर २ आचार्य ३ उपाध्याय (म प्र) व्याख्याता (उ प्र बि म प्र) ४ अध्यापक मास्टर मुदर्रिस शिक्षक।

प्रापर्टी जमीन जायदाद जायदाद भूसंपत्ति संपत्ति।

प्राप्त अर्जित अवाप्त आगत उपलब्ध उपार्जित गृहीत दस्तयाब मयस्सर मिला हुआ मुहैया लब्ध वसूल समप्राप्त हस्तगत हासिल।

प्राप्त होना उपलब्ध होना दुलभ न होना नसीब होना (प्राय निषेध में प्रयुक्त) पाना मयस्सर होना (प्राय निषेध में प्रयुक्त) मिलना सुलभ होना।

प्राप्ति अवाप्ति आगम आय उपलब्धि मिलना लाभ वसूली।

प्राप्य अभिलभ्य प्रापणीय प्राप्तव्य लभ्य सुलभ सुलभ्य।

प्रॉफिट दे लाभ।

प्रामाणिक (Authentic) अधिप्रमाणित (बन्ध राज उ प्र बि आदि) असली आधिकारिक ठीक प्रमाणयुक्त प्रमाणसिद्ध प्राधिकृत (म प्र) वास्तविक (म प्र) विश्वसनीय सत्य (म प्र)।

प्राय १ करीब-करीब तकरीबन बहुत करके लगभग २ अक्सर अधिकतर अमूमन ज्यादातर प्राय करके प्रायश बहुधा बहुत करके ३ साधारणत सामान्यत (वे प्राय आते हैं/वे साधारणत आते हैं यदि कोई विशिष्ट बात न हो) ४ पुनः पुनः, बारबार बार-बार।

प्रायश्चित १ परिशोध शुद्धि साधन २ अनुताप अफसोस पछतावा पश्चात्ताप।

प्रायिकता (probability) अभिसंभावना (उ प्र०) संभावना (उ प्र म प्र) संभाविता (उ प्र बि म प्र) संभाव्यता (उ प्र बि म प्र)।

प्रायोजक आयोजक इंतजाम करनेवाला।

प्रारंभ १ अथ आदि, आगाज आरंभ इब्तदा उद्घाटन उपक्रम बिस्मिल्ला शिलान्यास शुभारंभ शुरू शुरुआत श्रीगणेश समारंभ सूत्रपात २ आविर्भाव उत्पत्ति उदय जन्म

पैदाइश प्रादुर्भाव।

प्रारंभिक आदि आदिम आरंभिक इब्तदाई प्राथमिक प्राथ (म प्र) मूल शुरू-शुरू का।

प्रारब्ध दे भाग्य।

प्रारूप ड्राफ्ट प्रालेख मसविदा रूपरेखा।

प्रार्थना १ अनुनय अनुनय-विनय अभ्यर्थना अर्ज इल्तजा इस्तदा इस्तदआ गुजारिश निवेदन निहोरा बिनती मनौती मिन्नत विनती विनय २ अरदास इबादत उपासना कीर्तन जप भजन भजन-कीर्तन शबद-कीर्तन संध्या प्रार्थना ३ दे मांग याचना ४ अर्जी आवेदन ५ अपील।

प्रार्थी अरजीदार उम्मीदवार निवेदक (दे) सायल।

प्रावधान प्राविधान प्रबंध व्यवस्था।

मूर्ख अक्ल का दुश्मन अज्ञ अज्ञानी अनाड़ी अबोध अहमक उजबक उल्लू कमअक्ल कुंदजेहन कमसमझ गदहा गधा गावदी गोबरगणेश घामड़ घोंघाबसंत घोंचू, चुगद, जड़ जड़बुद्धि जड़मति जाहिल नासमझ निर्बुद्धि पागल बछिया का ताऊ, बज्रबट्टू बुद्धिहीन बेवकूफ बेसमझ बोदा बौड़म भोंदू मंदबुद्धि मंदमति मूढ़, मूढ़मति मोटी अक्ल का/वाला मूरख अल्पबुद्धि हीनबुद्धि।
मूर्खता अज्ञता अज्ञान अहमकपना उल्लूपना कमअक्ली जड़ता जहालत नासमझी घोंघापन पोंगापंथी बुद्धिहीनता बेवकूफी भोंदूपना मूढ़ता।
मूर्च्छा अचेतनावस्था चेतनाशून्यता बेहोशी संज्ञाशून्यता संज्ञाहीनता।
मूर्च्छित अचेत चेतनाशून्य बेसुध बेहोश संज्ञाशून्य संज्ञाहीन।

मूर्छा दे मूर्च्छा।
मूर्छित दे मूर्च्छित।
मूर्त ठोस साकार।
मूर्ति कलेवर, देवप्रतिमा प्रतिमा प्रतिरूप बुत मूरत विग्रह।
मूर्तिपूजा प्रतिमापूजा बुतपरस्ती सगुण पूजा सगुणोपासना।
मूर्धन्य मूधन्य उच्चकोटि का उच्चतम चोटी का टॉप श्रेष्ठ श्रेष्ठतम सर्वश्रेष्ठ, सर्वोपरि।
मूल १ आधार, जड़ नींव बुनियाद २ दे आदि ३ असल असल रकम असल धन असल पूंजी ४ कंद कंदमूल।
मूल्य १ क़ीमत दाम मोल वैल्यू २ दर, भाव ३ कद्र महत्व।
मूल्यवान १ क़ीमती दामी बहुमूल्य २ अनमोल अमूल्य।
मूवी तस्वीर, पिक्चर, फ़िल्म सिनेमा।
मृग दे हिरन।
मृगचर्म अजिन मृगछाला।
मृगछाला अजिन मृगचर्म।
मृगतृष्णा १ मरीचिका मृगमरीचिका २ आकाशकुसुम दिवास्वप्न।
मृगनैनी १ मृगनैना मृगलोचनी मृगलोचना मृगाक्षी २ मीनाक्षी ३ सुनैना ४ दे सुंदरी।
मृगमरीचिका दे मृगतृष्णा।
मृगया अहेर, आखेट, शिकार।
मृगराज मृगाधिप मृगेन्द्र सिंह (दे)।
मृगांक दे चंद्रमा।
मृगी कुरंगिणी हरिणी हिरनी।
मिट्टी खाक।
मृणाल १ कमलनाल २ कमलककड़ी भसिंड भसींड भें।
मृणालिनी कमलिनी कुमुद, कुमुदिनी कोईं।
मृत १ गोलोकवासी दिवंगत नामशेष निर्वाणप्राप्त ब्रह्मलीन मरहूम गतजीव शांत स्वर्गगत स्वर्गगामी स्वर्गवासी स्वर्गीय २ निर्जीव निष्प्राण बेजान बेदम मरा हुआ मुर्दा।
मृतक मुर्दा लाश शव। दे मृत।
मृतकर्म अंतिम संस्कार अंत्येष्टि, प्रेतकर्म।
मृत्तिका दे मिट्टी।

मृत्युंजय अक्षय अक्षय्य अजर, अजेय अनश्वर, अमर अमर्त्य अमिट अविनश्वर, मृत्युजेता।

मृत्यु अंत अंतकाल अवसान इंतकाल कज़ा ख़ात्मा गंगालाभ गमी गोलोकवास देहत्याग देहपात देहांत देहावसान निधन निपात निर्वाण परलोकगमन परलोकवास प्राणांत फ़ौत मरण महानिद्रा महाप्रस्थान महायात्रा मोक्ष मौत शरीर त्याग शरीरपात शरीरांत स्वर्गवास स्वर्गारोहण।

मृत्युपर्यंत दे० आजीवन।

मृदु १ कोमल नरम नर्म फूल-सा मक्खन-सा मुलायम रुई-सा स्निग्ध २ नाज़ुक सुकुमार; ३ कोमलहृदय दयालु मधुर सरल सौम्य ४ धीमा मंद (मृदुगति)।

मृदुल दे० मृदु १, २, ३।

मृषा १ असत्य अनृत झूठ मिथ्या २ झूठमूठ निष्प्रयोजन बेकार, व्यर्थ।

में बीच मध्य मद् (जैसे मद्देनज़र—दृष्टि में नज़र में)।

मेंढक दादुर भेक मंडूक।

मेंबर सदस्य सभासद।

मेंसीज़ माहवारी महीना मासिक मासिकधर्म रजोधर्म।

मेंह दे० मेह।

मेकअप बनाव-सिंगार, शृंगार, सिंगार।

मेकैनिक मिस्त्री।

मेखला करधनी किंकिणी तागड़ी।

मेघ दे० बादल।

मेघनाद इंद्रजित मघवाजित मघवारिपु, मेघनाथ शक्रारि।

मेघमाला कादंबिनी घटा घटाटोप घनमाला मेघावली।

मेज़ टेबुल [illegible]।

मेज़बान आतिथेय मेहमानदार।

मेजर १ प्रधान प्रमुख मुख्य २ बालिग वयस्क।

मेजारिटी बहुमत।

मेढक दादुर, भेक मंडूक।

मेद चर्बी वसा।

मेदा पक्वाशय पाकाशय पेट।

मेदिनी दे पृथ्वी।
मेधा दे बुद्धि।
मेधावी कुशाग्र कुशाग्रबुद्धि पहीन तीक्ष्णबुद्धि तेज प्रतिभावान प्रतिभाशाली। दे बुद्धिमान।
ममार मर्दई, मिस्त्री राज राजगीर राजमिस्त्री।
मेमो मेमोरेंडम स्मरणपत्र।
मेयर नगरनिगमाध्यक्ष (म प्र) नगरप्रमुख (उ प्र) निगमाध्यक्ष (म प्र) महापौर (केन्द्रादि)।
मेरिट कुशलता क्षमता गुण योग्यता दर्जता।
मेरुदंड बैकबोन रीढ़ रीढ़ की हड्डी।
मेल १ इत्तफ़ाक एकता एका प्रेमभाव सद्भाव सहमति स्नेह भाव मेल-जोल (दे) २ मिलन मिलाप संगम संयोग ३ संगति सामंजस्य ४ सुलह। दे मेल-जोल ५ तुलना तुल्यता बराबरी समानता ६ डाक चिट्ठी-पत्री ७ नर पुरुष।
मेलजोल आना-जाना आवाजाही आवभगत मिलना-जुलना मेल मिलाप रब्तजब्त हेलमेल।
मेला १ जमावड़ा भीड़-भाड़ मेला-ठेला सम्मेलन २ उत्सव तमाशा।
मेली १ मुलाक़ाती हेली-मेली २ दे मित्र।
मेस भोजनशाला भोजनालय।
मेसेज संदेश।
मेह बरखा बारिश मेह वर्षा वृष्टि।
मेहतर चूड़ा जमादार भंगी हलालखोर।
मेहनत अध्यवसाय उद्यम (दे) कर्मठता दौड़धूप दौड़भाग परिश्रम (दे) पुरुषार्थ मशक्कत मेहर श्रम (दे)। दे प्रयास भी।
मेहनतकश कामगार मेहनतकार मजदूर मेहर, श्रमिक।
मेहनताना १ उजरत पारिश्रमिक मजदूरी २ फ़ीस ३ वेतन (दे)।
मेहनती अध्यवसायी उद्यमी (दे) कर्मठ परिश्रमी (दे) पुरुषार्थी।
मेहमान अतिथि अभ्यागत गेस्ट पाहुन पाहुना।
मेहमानदार आतिथेय मेज़बान अतिथिसत्कारक।
मेहमानदारी अतिथिसत्कार आतिथ्य आवभगत मेज़बानी मेहमाननवाजी।

मेहमानी दे० मेहमानदारी ।

मेहरबानी दे० अनुग्रह, दया ।

मेहरा कापुरुष क्लीव जनखा नपुंसक ।

मैगज़ीन जर्नल पत्रिका ।

मैगनेट चुंबक ।

मैच १ प्रतियोगिता मुकाबिला होड़ २ जोड़ जोड़ीदार ।

मैजिक : दे० जादू ।

मैजिस्ट्रेट दंडनायक दंडाधिकारी मजिस्ट्रेट ।

मैटरनिटी होम जच्चाखाना जच्चाघर प्रसूतिकेंद्र प्रसूतिगृह मातृकेंद्र ।

मैटिरियल मैटीरियल सामग्री ।

मैडम श्रीमती ।

मैत्री १ दोस्ती मित्रता सख्य सख्यभाव सौहार्द २ दे० मेल १ २ ३ ४ तथा मेलजोल ।

मैथुन कामक्रीड़ा केलि क्रीड़ा प्रसंग भोग भोगविलास रतिक्रीड़ा रमण विलास व्यभिचार संभोग सहवास सुरति ।

मैथुन करना चुदाई/चोदाई करना चूदना जोड़ खाना परिरंभण करना प्रसंग करना भोग करना भोगविलास करना रति करना रमण करना विलास करना संभोग करना सहवास करना स्त्रीप्रसंग करना स्त्रीभोग करना स्त्रीसंग करना स्त्रीसमागम करना ।

मैदान १ चौड़ी चौरस सपाट भूमि समतल भूमि २ युद्धक्षेत्र युद्धभूमि रणक्षेत्र रणभूमि ।

मैना सारिका ।

मैनुअल नियम-पुस्तिका पुस्तिका ।

मैनेजर इंतज़ामकार, प्रबंधक प्रबंधकर्ता मुंतज़िम विधायक व्यवस्थापक ।

मैया १ जननी माँ माता (दे०) २ धाती ऐया दाई ।

मैल १ गंदगी मल २ खोट, मलिनता (उसके मन में मैल है) विकार ।

मैला : १ अस्वच्छ, कलुषित गंदला गंदा गंदा-मंदा गलीज़ चीकट, मलिन मैला-कुचैला २ गू, गू, टट्टी पाखाना पुरीष विष्ठा ३ अपवित्र अशुद्ध नापाक ।

मोक्ष अपवर्ग अमरपद अमृतत्व कैवल्य नजात निर्वाण परमगति परमपद ब्रह्मपद मुक्ति।

मोज़ा जुराब पायताबा पैताबा सॉक्स।

मोटा १ अतिकाय पीन पीवर मांसल मुस्टंड मुस्टंडा संड-मुसंड स्थूल स्थूलकाय २ दबीज ३ अमीर दौलतमंद धनवान (दे) धनी (मोटा आसामी) ४ मामूली साधारण सामान्य (मोटी बात) ५ अश्लील फूहड़ भद्दा (मोटी गाली) ६ दरदरा (मोटा आटा) ७ मोटा-मोटी स्थूल (मोटा अंदाज)।

मोटापा पीवरता मुटाई, मुटापा मोटाई, स्थूलता।

मोटा-मोटी अंदाजन अनुमानतः तख़मीनन मोटे रूप से लगभग सामान्य रूप से।

मोती मोहर, मुक्ता मौक्तिक शुक्तिज स्वातिसुत।

मोद आनंद आह्लाद खुशी प्रमोद प्रसन्नता मज़ा मुद, हर्ष।

मोदक मगदल लड्डू या लड्डू।

मोरी परनालिया।

मोर अहिभक्षी कलापी केकी नीलकंठ, मयूर, शिखी सारंग।

मोरचा १ जंग २ मुखाग्र पंक्ति हरावल पंक्ति।

मोर्चा दे मोरचा।

मोल क़ीमत दाम मूल्य।

मोलभाव मोलतोल।

मोह १ दे भ्रम २ अज्ञान भ्रम भ्रांति।

मोहक अभिराम आकर्षक चित्ताकर्षक दिलकश मनमोहक मनहर मनोमुग्धकारी मनोहर मनोहारी मुग्धकारी लुभावना सम्मोहक सुंदर, हृदयग्राही।

मोहताज दे मुहताज।

मोहन १ दे मोहक २ दे कृष्ण।

मोहर दे मुहर।

मोहित आकर्षित आसक्त फ़रेफ़्ता फ़िदा मुग्ध लट्टू लहालोट, लुब्ध विमोहित सम्मोहित।

मोहित होना अनुरक्त होना आकर्षित होना आसक्त होना मुग्ध होना रीझना लट्टू होना लुभा जाना विमुग्ध होना विमोहित होना

सम्मोहित होना।

मौका १ अवसर, २ दे समय ३ प्रसंग संदर्भ ४ घटनास्थल ५ मौका-महल जगह स्थान ६ अवकाश छुट्टी।

मौक्तिक दे मोती।

मौखिक अलिखित जबानी।

मौखिकी जबानी इम्तहान मौखिक परीक्षा वाचना वाहवावोसी।

मौज १ मजा मौज-बहार मौज-मस्ती सुख-चैन हर्ष-उल्लास २ दे लहर।

मौजा गाँव ग्राम।

मौजी अलमस्त खुशदिल खुशमिजाज तरंगी मनमौजी मस्त मस्त-मौला मस्तराम मस्ताना।

मौजूँ अवसरानुकूल उचित उपयुक्त ठीक मुनासिब समयोचित।

मौजूद उपस्थित प्रस्तुत वर्तमान विद्यमान हाजिर।

मौजूदगी उपस्थिति।

मौजूदा तात्कालिक वर्तमानकालिक सामयिक।

मौत दे मृत्यु।

मौन १ खामोश चुप निःशब्द नीरव शांत २ खामोशी चुप्पी नीरवता शांति सन्नाटा स्तब्धता।

मौलिक १ आधारभूत बुनियादी मूलभूत २ तात्त्विक सारभूत ३ अभिनव नया नवीन नूतन ४ असली वास्तविक।

मौसम दे ऋतु।

मौसमी १ मुसम्मी २ उसी ऋतु का तत्कालीन।

म्यूजियम अजायबघर संग्रहालय।

म्युनिसिपैलिटी नगरपालिका।

म्रियमाण मरणासन्न मरने को मृत्युशय्या पर।

म्लान अनुत्फुल्ल उदास कुम्हलाया मलिन मुरझाया।

म्लेच्छ १ अनार्य २ गंदा नीच।

य

यंत्र १ औजार कल कलपुर्जे मशीन संयंत्र २ उपकरण साधन ३ बाजा वाद्य वाद्ययंत्र ४ जंतर, तावीज।

यंत्रणा क्लेश तकलीफ, दुःख (दे) पीड़ा यातना वेदना व्यथा संत्रास।

यंत्र-मंत्र जादू-टोना टोना-टोटका तंत्र-मंत्र मंत्र-तंत्र।

यकबयक
यकबारगी अकस्मात् अचानक एकाएक एकाएकी सहसा।
यकायक

यकीन आस्था एतबार ऐतबार, प्रतीति प्रत्यय भरोसा विश्वास।

यकीनन अवश्य ही निश्चय ही निश्चित तौर पर।

यकृत जिगर, लीवर।

यक्ष्मा क्षय टीबी तपेदिक राजरोग।

यज्ञ क्रतु, जग्य मख याग स्तोम।

यज्ञकर्ता याजक याज्ञिक।

यज्ञोपवीत १ जनेऊ ब्रह्मसूत्र सूत्र (शिखा-सूत्र) २ उपनयन(संस्कार) उपवीत (संस्कार) व्रतबंध।

यति १ विराम २ दे साधु।

यतीम अनाथ बेसहारा माँ-बाप-विहीन।

यतीमखाना अनाथालय अनाथाश्रम।

यत्किंचित् कुछ भी जरा भी थोड़ा-बहुत थोड़ा भी लेशमात्र भी।

यत्न १ अध्यवसाय उद्यम कोशिश चेष्टा जतन प्रयत्न प्रयास २ उपाय तदबीर।

यत्र-तत्र इधर-उधर, जगह-जगह जहाँ-तहाँ।

यथा उदाहरण के लिए, उदाहरणार्थ जिस प्रकार, जैसाकि जैसे नामतः मिसाल के तौर पर।

यथाक्रम क्रमशः क्रमानुसार, तरतीबवार यथानुक्रम सिलसिलेवार।

यथातथ्य जैसा हो वैसा ही ज्यों-का-त्यों यथार्थ (दे) शुद्ध सत्य सही हूबहू।

यथापूर्व जैसा पहले था ज्यों-का-त्यों पहले-जैसा पूर्ववत् पूर्वस्थिति का ही।

यथार्थ १ उचित ठीक मुनासिब वाजिब सटीक समुचित सम्यक २ अवितथ असली जैसा होना चाहिए था वैसा प्रकृत यथातथ वास्तविक ३ वास्तविक रूप सचाई, सच्चाई ४ सच्चा सत्य सही।

यथार्थतः असल में, तथ्यतः, दरअसल, दरअसल में, यथार्थ में, वस्तुतः, वाकई, वास्तव में, वास्तविक रूप में, सच पूछा जाय तो, सचमुच, सत्यतः।

यथार्थता असलियत, यथार्थ, वास्तविकता, सचाई, सच्चाई, सत्य।

यथावत् जैसा था वैसा ही, ज्यों-का-त्यों।

यथावसर अवसरानुकूल, अवसरानुरूप, अवसरानुसार, यथावकाश, यथासमय।

यथाविधि कायदे से, के अनुसार, ठीक पद्धति से, ठीक से, नियमानुकूल, नियमानुरूप, नियमानुसार, रीत्यानुरूप, रीत्यानुसार, विधि के अनुसार, विधिवत्, विध्यनुरूप।

यथाशक्ति जैसा संभव हो, भरसक, यथासंभव, शक्ति के अनुरूप, सामर्थ्य भर।

यथासंभव परिस्थिति के अनुसार, भरसक, यथावसर, यथाशक्ति, यथासाध्य।

यथासमय समय आने पर, समय देखकर, समयानुरूप, समयानुसार।

यथासाध्य जितना हो सके, जो हो सके, भरसक, यथाशक्य, यथाशक्ति, यथासंभव, सामर्थ्य भर।

यथास्थान १ जहाँ ठीक हो, ठीक जगह पर, स्थानानुसार, २ जहाँ-का वहीं।

यथेच्छ १ इच्छानुसार; २ मनमाना।

यथेष्ट अभीष्ट, इच्छानुसार, इच्छाभर, काफ़ी, पर्याप्त, पर्याप्त मात्रा में, पूरा, पूर्ण, प्रचुर, प्रभूत, बहुत, मनचाहा, मनोनुकूल, यथाकाम्य, यथेच्छ।

यथोक्त कथनानुसार, जैसा कहा गया हो, यथाकथित।

यथोचित उचित, उपयुक्त, ठीक, मुनासिब, यथायोग्य, वाजिब, समुचित।

यदा जब, जिस समय।

यदा-कदा कभी-कभार, कभी-कभी, जब-कभी।

यदि अगर, जो, बशर्ते, मान लें/लो कि।

यदुनंदन यदुपति, यदुराज, यदुवंशमणि दे॰ कृष्ण।

यद्यपि अगरचे, यद्यपि, हालाँकि।

यम महिषवाहन, मृत्युदेव, यमराज, श्राद्धदेव।

यमज जुड़वाँ यमल युगल।

यमद्वितीया भाई दूज भयादूज यमद्वितीया।

यमलोक नरक (दे.) यमनगरी यमपुर यमपुरी।

यमुना अर्कजा कलिंदजा कलिंदशैलजा कालिंदी कृष्णा जमुना श्यामा सूर्यजा सूर्यतनया सूर्यपुत्री सूर्यसुता।

यवन १ ग्रीसवासी यूनानी २ मुसलमान ३ म्लेच्छ।

यवनिका (नाटक का) करटेन परदा।

यश कीर्ति ख्याति नाम नेकनामी प्रतिष्ठा प्रशंसा प्रसिद्धि बड़ाई मशहूरी विरद शोहरत सुख्याति सुनाम सुयश।

यशस्वी उत्तमश्लोक कीर्तिमान ख्यात ख्यातनामा ख्यातिप्राप्त नामवर, नामी-गिरामी नेकनाम पुण्यश्लोक प्रख्यात प्रतिष्ठित प्रसिद्ध मशहूर, यशी विख्यात सुख्यात सुज्ञात सुप्रसिद्ध।

यशोगान दे. प्रशंसा।

यशोदा जसोदा नंदरानी महरि, यशोमती।

यशोधरा गोपा गौतमपत्नी गौतमी राहुलमाता।

यष्टि छड़ी डंडा यष्टिका लाठी।

यहाँ अब इस जगह, इस स्थान पर।

यांत्रिक १ मिस्त्री २ यंत्र-विषयक यंत्र-संबंधी।

या अथवा वा।

याग दे. यज्ञ।

याचक दे. भिखारी।

याचना माँगना (प्राप्ति के लिए) प्रार्थना/विनती करना।

याचिका दे. आवेदनपत्र।

याज्ञसेनी दे. द्रौपदी।

यातना दे. यंत्रणा।

यातायात आना-जाना आमदरफ्त आवागमन ट्रैफ़िक (वि. म. प्र.) परिवहन।

यात्रा १ सफर, २ अटन घूमना फिरना देशाटन परिभ्रमण पर्यटन भ्रमण मटरगश्ती सैर, सैर-सपाटा।

यात्री पंथी पथिक पर्यटक पांथ बटाऊ बटोही भ्रमणकर्ता, राहगीर राही।

याद १ याददाश्त सुध सुधि सुरत स्मरण स्मरणशक्ति स्मृति।
यादगार यादगारी स्मारक स्मृतिचिह्न।
याददाश्त याद (दे) स्मरणशक्ति स्मृति।
यान १ गाड़ी वाहन सवारी २ जहाज विमान हवाई जहाज ३ जलपोत जलयान जहाज पोत।
यानी अर्थात् मतलब यह कि याने।
यापन गुजारना चलाना बिताना व्यतीत करना।
याम पहर, प्रहर।
यामिनी दे रात।
यायावर घुमक्कड़ पर्यटक रमतायोगी संन्यासी।
यार १ दे मित्र २ उपपति जार प्रेमी।
याराना दोस्ती मित्रता मैत्री यारी सौहार्द।
यारी दे याराना।
यावत् जब तक जिस समय तक।
यीशु ईसा ईसामसीह क्राइस्ट, ख्रीष्ट।
युक्त १ जुड़ा हुआ मिला हुआ संयुक्त संलग्न सम्मिलित साथ २ उचित ठीक वाजिब समुचित सही।
युक्ति १ उपाय चाल ढंग तदबीर, तरकीब २ नीति ३ चतुराई चातुरी होशियारी ४ तर्क दलील।
युक्तियुक्त उचित उपयुक्त ठीक तर्कसंगत तर्कसम्मत न्यायोचित मुनासिब मौजूं युक्तिसंगत वाजिब संगत सटीक समीचीन समुचित सही।
युक्तिसंगत दे युक्तियुक्त।
युग १ काल समय (युगधर्म) २ दीर्घकाल लंबा समय (चार युग) ३ जोड़ा युग्म।
युगपत् १ समकालिक (उ प्र) समवर्ती (अ प्र)।
युग्म १ जोड़ा युग्म २ यामा।
युगांत १ युगावसान २ प्रलय विनाश विश्वविनाश संहार।
युगांतर और युग और समय काल-परिवर्तन भिन्न समय युग-परिवर्तन समय-परिवर्तन।
युगांतरकारी १ क्रांतिकारी क्रांतिदूत २ युगनिर्माता युगप्रवर्तक युग

विधायक।

युग्म जुड़वाँ जोड़ा युगल।

युद्ध कलह जंग झगड़ा झड़प द्वंद्व रण लड़ाई, समर संग्राम संघर्ष समर।

युद्धनाद युद्धघोष ललकार, हल्ला हुंकार।

युद्धभूमि मैदान मैदान-ए-जंग युद्धक्षेत्र युद्धस्थल रणक्षेत्र रणभूमि रणस्थल वीरभूमि संग्रामभूमि समरभूमि समरांगण।

युधिष्ठिर अजातशत्रु, कौंतेय धर्मपुत्र धर्मराज।

युवक जवान तरुण नौजवान युवा।

युवती तरुणी नवयुवती नवयौवना प्रमदा प्राप्तयौवना।

युवराज राजकुँवर, राजपुत्र शहज़ादा शाहज़ादा।

युवा दे युवक।

युवावस्था जवानी जोबन तरुणाई, तारुण्य यौवन यौवनावस्था।

यूटोपिया आदर्शराज्य कल्पनालोक रामराज्य।

यूथ दे समूह।

यूनिट १ टुकड़ी दस्ता २ इकाई, एकक एकांश।

यूनिफ़ार्म १ पोशाक वर्दी २ एक-समान एक-सा समरूप।

यूनियन संघ।

यूनिवर्सिटी अकादमी विद्यापीठ, विश्वविद्यालय।

यूरिनल ट्वायलेट, पेशाबखाना पेशाबघर, बाथरूम मूत्रालय।

यों इस ढंग से इस तरह इस तरह से इस तरीके से इस पद्धति से इस प्रकार, इस प्रकार से इस भाँति ऐसे। -ही— निष्प्रयोजन बेमतलब।

योग १ मिश्रण मेल २ तप तपस्या (योगी)।

योगक्षेम कल्याण कुशल कुशल-मंगल खैरियत।

योगदान १ कंट्रीब्यूशन देन २ सहयोग सहायता ३ अंशदान।

योगफल जोड़ टोटल।

योगी आत्मज्ञानी ऋषि जोगी तपस्वी तापस त्यागी फ़क़ीर, बैरागी महात्मा मुनि यती वीतराग वैरागी संत संत महात्मा संन्यासी साधक साधु साधू, साधू-महात्मा सिद्ध।

योग्य १ क़ाबिल लायक सुयोग्य २ कुशल कार्यक्षम गुणवान्,

गुणी दक्ष निपुण पटु, प्रवीण ३ उचित उपयुक्त ठीक मालूम मुनासिब मौजूं, वाजिब समीचीन सही ४ अधिकारी अर्ह (पुनार्ह) पात्र सुपात्र हकदार, ५. सक्षम समर्थ सशक्त सामर्थ्यवान्।

योग्यता १ काबिलियत मेरिट, माइकियत लियाकत २ कार्यक्षमता कुशलता क्षमता गुण दक्षता निपुणता पटुता प्रवीणता शक्ति ३ अर्हता पात्रता सुपात्रता ४ सक्षमता सामर्थ्य ५ क्वालिफिकेशन डिग्री।

योजना (scheme) १ परियोजना (उ प्र) प्लान प्लैन (हि० म० प्र) स्कीम २ (project) आयोजन (बि) आयोजना (राज बि) परियोजना (उ० प्र) ३ (plan) रूपरेखा।

योद्धा जुझार, जुझारू भट, युद्धवीर, रणबांकुरा लड़ाका वीर, शूर वीर, सिपाही।

योनि १ उपस्थ गर्भद्वार, गर्भमुख चूत बुर भग मोसका स्त्रीलिंग २ आकर, खानि ३ प्राणिजाति प्राणिवर्ग।

योषा दे स्त्री।

यौन काम-योनि-विषयक योनि-संबंधी लैंगिक।

यौवन दे युवावस्था।

र

रंक अकिंचन कंगाल गरीब दरिद्र दीन धनहीन निर्धन मुफलिस।

रंग १ रंगत वर्ण २ आनंद आमोद-प्रमोद मौज-मजा मौज मस्ती राग रंग ३ चाल चालचलन चाल-ढाल दशा रंग ढंग हालत ४ ड्रामा नाटक नाट्य ५ असर, धाक प्रभाव (रंग जमना) ६ गुण (रंग लाना) ७ आभा कांति दीप्ति (रंग उड़ना)।

रंग-ढंग चाल चाल-चलन चाल-ढाल ढंग दशा रंग हालत।

रंगत १ रंग वर्ण २ अवस्था दशा स्थिति हालत ३ आभा

कांति दीप्ति (रंगत उड़ना) ४ आनंद मजा (रंगत आना)।

रंगदार दे रंगीन।

रंगभवन रंगमहल।

रंगभूमि १ उत्सव-स्थान २ थिएटर, नाटकगृह नाट्यशाला रंगमंच रंगमंडप रंगशाला रंगस्थल रंगस्थली।

रंगमंच (stage) चबूतरा (उ प्र) डायस नाट्यमंच मंच रंगभूमि (म प्र) स्टेज।

रंगमहल रंगभवन।

रंगरली आमोद प्रमोद भोग-विलास मौज-मस्ती रँगरेली।

रंगरूट नवनियुक्त (वि) नवसिखिया नौसिखिया रिक्रूट।

रंगरेज रंगसाज रंगाजीव रंगाजीवी।

रँगरेली दे रँगरली।

रंगशाला छविगृह थिएटर, नाचघर नाटकगृह नाटकघर नाट्यगृह
रंगस्थल प्रेक्षागृह रंगभूमि रंगस्थली।

रंगीन १ रंगदार, रंगिन २ ऐशपसंद विलासप्रिय।

रँगीला दिलदार, विलर्क्षक मनचला मौजी रंगीन रसिक रसिया रसीला रागरंगप्रिय।

रंच अत्यल्प अल्प किंचित् किंचित् मात्र जरा जरा-सा तनिक (दे) थोड़ा थोड़ा-सा नाममात्र रत्तमात्र लेशमात्र।

रंज दे दुख।

रंजिश अदावत अनबन दुश्मनी द्वेष मारामारी मनमुटाव लाग विरोध वैमनस्य वैर, वैर-विरोध वैरभाव शत्रुता शत्रुभाव।

रंजीदा उद्विग्न क्षुब्ध खिन्न दुखी नाराज परेशान विषण्ण व्यथित।

रंडापा वैधव्य।

रंडी कसबी गणिका तवायफ़ नगरभोग्या नगरवधू पतुरिया मुखजामुखी रूपाजीवा वारवधू वारवनिता वारविलासिनी वारांगना वेश्या सर्ववल्लभा सामान्या।

रंडुआ (जिसकी स्त्री मर गई हो) अपत्नीक विधुर।

रंध्र दे छेद।

रईस अमीर, ताल्लुकेदार, दौलतमंद धनवान धनिक धनी संपत्तिशाली।

रकम दौलत द्रव्य धन पूँजी पैसा वित्त।

रकाब पायदान पावदान।

रकाबी तश्तरी प्लेट।

रकीब प्रेमप्रतिद्वंद्वी प्रेमप्रतिस्पर्धी।

रक्त १ दे खून २ रक्ताभ रक्तिम लाल (दे) लाल-सुर्ख सुर्ख ३ अनुरक्त आसक्त।

रक्तपायी आदमखोर।

रक्तपात खून-खराबा खून-खराबी मारकाट।

रक्ताभ दे लाल।

रक्तिम

रक्षक १ अभिभावक त्राता पालक प्रतिपालक मुहाफ़िज़ रखवाला संरक्षक २ चौकीदार ड्योढ़ीदार दरबान दरवान द्वारपाल पहरेदार, पासबाँ प्रहरी रखवाला संतरी।

रक्षण देखभाल निगरानी पालन-पोषण बचाव रक्षाकार्य संरक्षण हिफ़ाज़त।

रक्षा १ गुजरदारी चौकसी चौकीदारी डिफ़ेंस त्राण देखभाल देखरेख परित्राण पहरेदारी प्रतिरक्षा बचाव रक्षण रखवाली संरक्षण सुरक्षा हिफ़ाज़त २ पालन (वचन की रक्षा)।

रक्षाबंधन राखड़ी राखी सलूनो।

रख-रखाव दे रक्षा।

रखवाला दे रक्षक।

रखवाली दे रक्षा।

रखैल उपपत्नी रखनी रखेल रखैली।

रग १ धमनी नस नस-नाड़ी नाड़ी रक्तरेखा शिरा २ (पत्ती) नस रेशा।

रगड़ १ रगेड़ घर्षण २ दे रगड़ा।

रगड़ा कहा-सुनी झगड़ा तकरार, तर्क-वितर्क परेशानी वाद-विवाद विवाद हुज्जत।

रघुनंदन रघुनाथ रघुनायक रघुपति रघुराज रघुवर रघुवीर

दे० रामचंद्र।

रचना १ उद्भावना कलाकृति कविता कृति ग्रंथ पुस्तक २ निर्माण निर्मिति सृजन सृष्टि ३ गठन गढ़न बनावट, रचनाविन्यास विन्यास व्यवस्था संघटना संरचना।

रचयिता कलाकार, कवि कर्ता निर्माता प्रणेता बनानेवाला मुसन्निफ़ रचनाकार, रचनेवाला सर्जक सृजनकर्ता।

रचित निर्मित प्रणीत बनाया हुआ लिखित विरचित सृजित।

रज १ आर्तव ऋतुस्राव कुसुम मासिकधर्म रजोधर्म २ पराग परागकेसर पुष्परज पुष्परेणु, मकरंद ३ रजोगुण ४ गर्द गर्द-गुबार गुबार, धूल धूलिकण मिट्टी।

रजत १ चाँदी रूपा २ पच्चीसवीं (रजतजयंती) ३ श्वेत शुभ्र सफ़ेद (रजतपट—चलचित्रों के लिए सफ़ेद पर्दा)।

रजतजयंती सिल्वर जुबली।

रजनी दे० रात।

रजनीगंधा गुलशब्बो रातरानी सुगंधराज।

रजनीश दे० चंद्रमा।

रजवाड़ा १ छोटा राजा राजक सरदार, सामंत २ देसी रियासत/राज्य।

रजस्वला ऋतुमती कुसुमवती पुष्पवती रजोपुष्पा।

रजा १ इच्छा (दे०) मर्ज़ी २ अनुमति आज्ञा रज़ामंदी स्वीकृति।

रजाई ओढ़ना तुलाई, दुलाई लिहाफ़।

रजामंद राज़ी सहमत।

रजामंदी इजाज़त मंज़ूरी सम्मति सहमति स्वीकृति।

रजिस्टर पंजिका पंजी।

रजिस्टर्ड पंजीकृत रजिस्ट्रीकृत रजिस्ट्रीशुदा।

रजिस्ट्रार १ कुलसचिव (विश्वविद्यालय) २ नियंत्रक (उ प्र) पंजीयक (केन्द्र) पंजीकार (केन्द्र) पंजीयक (केन्द्र राज्य) पंजीकरण अधिकारी।

रजिस्ट्री पंजीकृत रजिस्टर्ड रजिस्ट्रीकृत रजिस्ट्रीशुदा।

रजिस्ट्रीकृत दे० रजिस्टर्ड।

रजिस्ट्रीशुदा दे० रजिस्टर्ड।

रव कोलाहल गुल शोर, शोरगुल हल्ला हो-हल्ला।

रवाँ १ चलता २ बहता ३ कुशल दक्ष प्रवीण ४ धाराप्रवाह (बोलनेवाला लिखनेवाला)।

रवा १ अणु कण कणिका कन किनका किनकी कुटी चूर्ण परमाणु, २ सूजी।

रवाज दे रिवाज।

रवानगी निष्क्रमण प्रस्थान बाहर जाना।

रवाना होना चल पड़ना निकल पड़ना प्रस्थान करना।

रवानी तेजी धारा प्रवाहित प्रवाह।

रवि दे सूर्य।

रविवार आदित्यवार इतवार एतवार रववार रविवासर।

रवैया चाल-चलन चाल-ढाल ढंग ढंग-तौर तौर-ढंग तौर-तरीका दृष्टिकोण मवारिया बर्ताव रंग-ढंग व्यवहार, व्यवहार बर्ताव।

रश्मि १ दे किरण २ (घोड़े की) बाग बागडोर, लगाम।

रस १ जूस सत सार, सारतत्त्व २ साहित्य-रस (नौ रस) ३ स्वाद रस (षट् रस) ४ आनंद मजा ५ इश्क प्रीति प्रेम मुहब्बत (रसरंग रसप्रीति) ६ द्रव अर्क ७ जायका स्वाद।

रसज्ञ आलोचक काव्यमर्मज्ञ भावुक रसमर्मज्ञ रसवेत्ता रसिक।

रसद खाद्यसामग्री राशन।

रसदार १ रसीला २ जायकेदार सुस्वादु स्वादिष्ट स्वादु।

रसना जबान जिह्वा जीभ रसज्ञा।

रसभरी मकोय।

रसम दे रस्म।

रसमर्मज्ञ काव्यमर्मज्ञ रसज्ञ रसवेत्ता सहृदय।

रसहीन नीरस शुष्क, सूखा।

रसा १ दे पृथ्वी २ झोल शोरबा जूस।

रसाई पैठ पहुँच प्रवेश।

रसातल १ अधोलोक पाताल २ नरक यमपुर यमपुरी यमलोक।

रसाल आम आम्र चूत आमफल, सहकार।

रसिक १ काव्यरसिक काव्यमर्मज्ञ काव्यानंदी भावुक रसानंदी

सहृदय २ सौंदर्य-प्रिय ३ कामुक कामी रसिया।

रसिकबिहारी दे कृष्ण।

रसिया कामी कामुक विलासी मनचला मौजी रसिक सरस सौंदर्यप्रेमी।

रसीद १ पावती रिसीट २ पहुँच प्राप्ति।

रसीला १ रसदार, रसयुक्त सरस २ जायकेदार मजेदार, सुस्वादु, स्वादिष्ट ३ छैला बाँका।

रसूल भगवद्दूत पैगंबर।

रसोइया कुक खानसामा रसोइयादार, रसोइन्दार, बावर्ची सूपकार।

रसोई १ किचेन चौका पाकशाला भोजनालय २ खाना भोजन।

रस्म १ चलन चाल परंपरा परिपाटी प्रणाली प्रथा रवाज रिवाज रीति २ कायदा नियम।

रस्सी डोर तार, डोरी रज्जु, रसरी।

रहगुज़र दे रास्ता।

रहन-सहन खान-पान जीवननिर्वाह का ढंग जीवनस्तर (रहन का) तौर तरीका।

रहनुमाई अगुआई नेतृत्व मार्गदर्शन पथप्रदर्शन लीडरी।

रहबर दे रहनुमा।

रहमदिल कृपालु, दयालु मेहरबान।

रहस्य गुप्त बात गुप्त विषय गूढ़ रहस्य गोप्य बात भाव भेद, मर्म राज़।

रहस्यमय गुप्त गूढ़ गोप्य रहस्ययुक्त राज़भरा।

रहित बगैर, बिना वंचित शून्य हीन।

राँड़ १ बेवा विधवा २ दे रंडी।

राइट १ अधिकार, हक़ २ ठीक दुरुस्त शुद्ध सही।

राकापति
राकेश दे चंद्रमा।

राक्षस दे असुर।

राक्षसी १ आसुरी निशाचरी पैशाचिक वहशियाना २ कौणपी दानवी निशाचरी निशिचरी।

राख खार, खाक छार, भस्म।

राखी १ रक्षा रक्षासूत्र २ रक्षाबंधन सलोनो।

राग १ ट्यून धुन लय पदराग स्वर, २ अनुराग प्रीति प्रेम
(दे) ३ ईर्ष्या द्वेष मत्सर।

राघव दे राम।

राज १ अमलदारी प्रशासन बादशाही राज्य शासन सल्तनत
२ दे राजगीर ३ राज। दे रहस्य।

राजकीय प्रशासकीय राष्ट्रीय सरकारी शासकीय सार्वजनिक।

राजकुमार युवराज राजकुँवर राजपुत्र शहज़ादा शाहज़ादा।

राजकुमारी राजकुँवरि राजपुत्री शहज़ादी शाहज़ादी।

राजगद्दी गद्दी राजसिंहासन सिंहासन।

राजगीर थवई मिस्त्री मेमार, वास्तुकार।

राजतंत्र १ एकतंत्र एकनायकवाद एकराट्तंत्र २ राजव्यवस्था
राज्यव्यवस्था शासनव्यवस्था ३ राज्यशास्त्र राज्यविज्ञान।

राजतिलक अभिषेक गद्दीनशीनी टीका राजगद्दी राज्याभिषेक
सिंहासनारोहण।

राजदूत एलची एंबैसडर दूत सफ़ीर।

राजद्रोह बगावत विद्रोह विप्लव।

राजधानी कैपिटल राजमुख्यालय।

राजनय कूटनीति डिप्लोमेसी।

राजनीति पालिटिक्स सियासत।

राजनीतिज्ञ पालिटिशियन राजनीतिक।

राजनैतिक पोलिटिकल राजनीतिक सियासी।

राजपत्र गज़ट शासनपत्र।

राजपाट १ राजगद्दी सिंहासन २ राज्य शासन हुकूमत।

राजमहल प्रासाद महल राजगृह राजनिवास राजप्रासाद राजभवन।

राजमार्ग प्रधान मार्ग बड़ी सड़क मुख्य सड़क शाहराह हाईवे।

राजयक्ष्मा क्षय क्षयरोग टीबी तपेदिक दिक राजरोग।

राजसी ठाटदार, ठाटबाट वाला राजस शानदार, शाहाना शाही।

राजस्व मालगुज़ारी राजशुल्क रेवेन्यू।

राजहंस दे हंस।

राजा छत्रपति क्षितिप क्षोणिप दंडधर प्रजाधीश नरपति
नराधिप नरेंद्र नरेश नृप नृपति नृपाल बादशाह, भूप

भूपति भूपाल महाराज महाराजा महीप महीपति महीपाल राजा राजाधिराज शहंशाह सम्राट्।

राजी १ *तैयार, रजामंद संतुष्ट सहमत* २ रजामंदी सहमति ३ चंगा नीरोग राजी-खुशी सही-सलामत होना स्वस्थ ४ खुश प्रसन्न।

राजीव दे कमल।

राजी होना ऐसो करना मंजूर करना मान जाना मानना संतुष्ट होना सहमत होना स्वीकार करना स्वीकृति देना हामी भरना।

राज्य १ प्रदेश प्रांत राज स्टेट २ शासन सरकार, हुकूमत ३ देश मुल्क राज राष्ट्र।

राज्यपाल गवर्नर।

राज्याभिषेक दे राजतिलक।

राज्ञी महारानी राजपत्नी राजमहिषी रानी।

रात अमा अमावस्या कादंबरी क्षपा तमस्विनी तमा तमिस्रा त्रियामा दोषा निशा निशि निशीथ निशीथिनी यामिनी *रजनी राका रात्रि रैन विभावरी शर्वरी।*

रातदिन १ अहर्निश अहोरात्र दिनरात निशिदिन निशिवासर २ चौबीसो घंटे सदा सर्वदा हरक्षण हरदम हरवक्त हर समय हमेशा।

रात्रि दे रात।

रात्रिभोज डिनर ब्यालू।

राधा कीर्तिकिशोरी कृष्णप्रिया राधिका ब्रजरानी वृषभानुजा वृषभानुनन्दनी हरिप्रिया।

राधेय कर्ण सूतपुत्र।

रानी बेगम पटरानी महिषी महारानी राजपत्नी राजमहिषी *राज्ञी साम्राज्ञी।*

राम १ अवधेश खरारि जानकीजीवन जानकीनाथ जानकीपति जानकीश ताड़कारि दशकंठारि, दशरथसुत दाशरथ दाशरथि रघुकुलमणि रघुनंद रघुनंदन रघुनाथ रघुनायक रघुपति रघुराज रघुवंशकुमार रघुवर, रघुवीर, राघव रामचंद्र रामभद्र रावणारि, लंकारि, सीतानाथ सीतापति सीतारमण सीतावर, सीतावल्लभ २ परशुराम ३ बलदेव

बलराम। ३ ईश्वर।

रामचंद्र दे राम १।

रामचरितमानस तुलसी रामायण मानस रामायण।

रामबाण अचूक (औषधि) तुरतप्रभावी (औषधि)।

रामराम दे प्रणाम।

रामायण १ दे रामचरितमानस २ वाल्मीकि रामायण।

राय अभिमत परामर्श मंतव्य मंत्रणा मत मशविरा विचार, सम्मति सलाह।

रायज चलता जारी प्रचलित।

रायल दे रंगा।

रार कहासुनी झगड़ा झगड़ा-टंटा झमेला टंटा तकरार, वाद विवाद शोर शराबा हुज्जत होहल्ला।

रावटी छोलदारी टेंट, तंबू शामियाना।

रावण निशाचरपति हनुमेश दशकंठ दशकंध दशकंधर दशग्रीव दशमाथ दशमुख दशमौलि दशवदन दशशिर, दशशीर्ष दश-शीश दशानन दैत्येन्द्र निशाचरपति पौलस्त्य बहुबाहु राक्षसपति लंकनाथ लंकनायक लंकापति लंकाधिपति लंकेश लंकेश्वर।

राशन अनाज अन्न खाद्य पदार्थ खाद्यान्न रसद।

राशि १ धनराशि रकम २ अंबार, ढेर पुंज समूह ३ अंक संख्या ४ परिमाण ५ तारासमूह (ज्योतिष)।

राष्ट्र देश मैमन मुल्क राज्य।

राष्ट्रगान राष्ट्रगीत।

राष्ट्रपति प्रेसिडेंट।

राष्ट्रीय कौमी नेशनल।

राष्ट्रीयता १ देशभक्ति राष्ट्रप्रेम २ (नेशनैलिटी) कौमियत राष्ट्रिकता।

रास १ गोपीकृष्ण-नृत्य रासनृत्य २ बाग बागडोर लगाम रस्सा ३ अनुकूल लाभकर, लाभदायक हितकर (रास आना)।

रासभ गदहा (दे) गधा।

रास्ता १ छोर, गली गैल डगर, डगर, पगडंडी पंथ पथ बाट मग

मार्ग रथ्या रहगुज़र, राजपथ राह वर्त्म वीथि वीथिका वीथी सरणि सृति २ उपाय।

रास्ता पकड़ना चलते बनना चल देना चलता दफ़ा होना फूटना बिहारी बनना बिहारी होना रास्ता नापना।

राह दे रास्ता।

राहगीर पंथी पथिक पर्यटक बटाऊ, बटोही मार्गी मुसाफ़िर, यात्रिक यात्री राहचलता राही।

राहज़न डाकू बटमार लुटेरा। दे चोर।

राहज़नी डकैती बटमारी लूट, लूटमार।

राहत १ मदद राहतकार्य रिलीफ़ सहायता सहायता-कार्य २ आराम चैन।

राही दे राहगीर।

रिआयत दे रियायत।

रिआया प्रजा रैयत।

रिकार्ड १ अभिलेख २ विवरण ३ कीर्तिमान ४ ग्रामोफ़ोन रिकार्ड।

रिक्त १ खाली रीता हुआ २ रहित वंचित शून्य।

रिक्तता खालीपन रीतापन शून्यता।

रिक्थ उत्तराधिकार में प्राप्त संपत्ति दायदाय दायभाग पैतृकसंपत्ति वसीयती।

रिक्रूट रंगरूट।

रिज़र्व आरक्षित।

रिज़र्वेशन आरक्षण।

रिज़ल्ट १ नतीजा परिणाम फल (परीक्षाफल) २ अंजाम अंत नतीजा निष्कर्ष।

रिज़ाइन करना इस्तीफ़ा देना त्यागपत्र देना पदत्याग करना।

रिझाना अनुरक्त करना आकर्षित करना आकृष्ट करना लुभाना।

रिट (writ) आदेश (वि) प्रतिषिद्ध (म॰ प्र) प्रादेश (उ प्र म प्र) २ समादेश ३ याचिका।

रिटायर होना अवकाश ग्रहण करना पदमुक्त होना सेवानिवृत्त होना।

रिटेल खुदरा फुटकर।

रिपु दे शत्रु।

रिपेयर करना ठीक करना दुरुस्त करना मरम्मत करना सुधारना।
रिपोर्ट १ कार्यविवरण प्रतिवेदन रपट विवरण सूचना
२ संवाद।
रिपोर्टर संवाददाता।
रिफंड प्रत्यर्पण लौटाना वापसी।
रिफ्ट दे दरार।
रिफ्यूजी शरणार्थी।
रिमाइंडर अनुस्मारक तकाज़ा स्मरणपत्र।
रियायत १ नरमी २ कमी कमीशन छूट ३ अनुग्रह अनुकंपा कृपा
दया।
रियाया दे रिआया।
रियासत १ राज्य स्टेट २ अमलदारी ३ अमीरी रईसी।
रिलीज़ १ बंधविमोचन मोचार्पण २ छूटना मुक्ति।
रिवाज दे रस्म।
रिश्ता नाता नातेदारी संबंध।
रिश्तेदार नातेदार संबंधी।
रिश्तेदारी रिश्ता।
रिश्वत १ उत्कोच घूस चाँदी का चमचा चाँदी का जूता नजराना
लाँच २ इनाम बख्शिश ३ उपहार डलिया डाली भेंट
४ कमीशन पगड़ी प्रीमियम।
रिश्वतखोर घूसखोर रिश्वत खानेवाला रिश्वती।
रिश्वत देना चाँदी के जूते लगाना चाँदी के पहिए लगाना जेब भरना
पालिश करना पूजा करना मुट्ठी गरम करना।
रिश्वत लेना घूस खाना जेब भरना पालिश करना मुट्ठी गरम करना
रिश्वत खाना।
रिसर्च अनुसंधान शोध खोज-बीन।
रिसाला १ जर्नल पत्रिका मैगज़ीन २ अश्वारोही सेना घुड़सवार
सेना।
रिहर्सल पूर्वाभ्यास।
रिहा छूटा हुआ छोड़ा हुआ मुक्त।
रिहाई छुटकारा मुक्ति।
रीछ भालू।

रीझना आकर्षित/फिदा/मुग्ध/मोहित/सम्मोहित होना खुश/प्रसन्न होना।

रीडर १ प्राध्यापक उपप्रोफेसर, २ पाठमाला पाठावली।

रीढ़ *मेरुदंड।*

रीता १ खाली रिक्त शून्य २ खोखला।

रीति १ कायदा दस्तूर, नियम २ चलन परंपरा परिपाटी प्रचलन रस्म रीति-रिवाज रूढ़ि ३ ढंग तरह, तरीका पद्धति प्रकार प्रणाली विधि शैली।

रीति-रिवाज दे रीति २।

रुआब दे रोब।

रुई तूल।

रुकना १ अटकना अड़ना अवरुद्ध होना टिकना ठहरना थमना बसना रहना सुस्ताना २ बंद होना (जैसे काम)।

रुकावट १ अटकाव अड़ंगा अवरोध बाधा रोक विघ्न व्यतिक्रम व्यवधान २ दखलंदाजी हस्तक्षेप ३ विराम।

रुक्का चिट्ठा नोट, पर्चा पुर्जा हुंडी।

रूक्ष १ नीरस रूखा रूखा-सूखा शुष्क सूखा २ असम असमतल ऊबड़-खाबड़ खुरदरा ३ दुर्विनीत बेरुखा।

रूक्षता बेरुखी रुखाई, रूखापन शुष्कता।

रुख १ दृष्टि दृष्टिकोण नजरिया भाव २ झुकाव ढब प्रवृत्ति ३ सामना मुँह मुख सामना।

रुखसत १ कूच प्रस्थान रवानगी विदा २ अनुमति आज्ञा इजाजत।

रुखसार कपोल गाल।

रुखाई दे रूक्षता।

रुग्ण मरीज अस्वस्थ बीमार, रोगग्रस्त रोगी व्याधिग्रस्त।

रुग्णता अस्वस्थता बीमारी रोगग्रस्तता।

रुचि १ अभिरुचि इंटरेस्ट, इच्छा झुकाव दिलचस्पी प्रवृत्ति रुझान २ जायका स्वाद।

रुचिकर १ दिलपसंद मनपसंद २ जायकेदार, मजेदार लज्जतदार, सुस्वादु, स्वादिष्ट स्वादु ३ इंटरेस्टिंग दिलचस्प।

रुचिर १ दे रुचिकर-२ २ मधुर मीठा ३ दे सुंदर,

४ दिलपसंद मनपसंद।

रुझान अभिरुचि इंटरेस्ट झुकाव दिलचस्पी प्रवृत्ति रुचि।

रुतबा १ ओहदा दर्जा पद पदप्रतिष्ठा पदवी पोस्ट मर्तबा रैंक २ इज्जत क़दर प्रतिष्ठा (दे) ३ रोब रोब-दाब शान शान-शौकत ४ असर, प्रभाव।

रुदन क्रंदन रुलाई, रोदन रोना (दे) विलाप।

रुद्ध १ अवरुद्ध बंद बाधित २ भरा भर्राया हुआ रुँधा रुँधा हुआ (रुद्धकंठ)।

रुद्र : दे महादेव।

रुद्राणी दे पार्वती।

रुधिर दे खून।

रुपया अर्थ दाम, दौलत द्रव्य धन धन-दौलत धन-संपदा मनी रक़म रुपया-पैसा।

रुपया-पैसा दे रुपया।

रुमाल दे रूमाल।

रुष्ट अप्रसन्न कुपित क्रुद्ध क्रोधित गुस्सा नाराज़।

रुष्ट होना दे रूठना।

रूई तूल रुई।

रूख पेड़ वृक्ष।

रूखा १ अनाकर्षक, नीरस फीका स्वादविहीन २ रुक्ष शुष्क सूखा ३ कठोर, कड़ा परुष ४ रूखा-सूखा ५ उदासीन बेमुरौवत ६ अनचुपड़ा (रोटी)।

रूखापन उदासीनता नीरसता रुक्षता रुखाई शुष्कता सौहार्दशून्यता।

रूठना १ अप्रसन्न/नाराज/रुष्ट होना गुस्सा आना २ कोप/मान करना।

रूढ़ १ परंपरागत प्रचलित लोकप्रचलित २ आरूढ़ चढ़ा हुआ।

रूढ़ि परंपरा परिपाटी प्रचलन प्रथा रिवाज रीति लोकरीति।

रूप १ आकार आकृति चेहरा चेहरा-मोहरा रूप-रंग शकल शकल-सूरत शक्ल शक्ल-सूरत हुलिया २ तन, गात नक्श नैन-नक्श स्वरूप ३ ढाँचा फार्म बनावट रूपाकार ४ दे सुंदरता (रूपवान) ५ भेष वेश।

रूपक ड्रामा नाटक।

रूपरेखा खाका ढाँचा मसौदा योजना स्कीम।
रूपवती छबीली प्रियदर्शिनी रँगीली रूपमती रूपसी सजीली सुंदरी हसीना।
रूपवान् खूबसूरत रूपवत दर्शनीय प्रियदर्शन सुदर्शन हसीन।
रूपसी दे रूपवती।
रूपांतर, रूपांतरण १ परिवर्तन २ अनुवाद उल्था ३ एडैप्टेशन।
रूपा चाँदी रजत।
रूपाजीवा दे रंडी।
रूबरू १ समक्ष सामने सम्मुख २ आमने-सामने।
रूम कक्ष कमरा।
रूमाल दस्ती मुँहपोंछनी साफ़ी हैंकी।
रूल १ फुट फुट्टा स्केल २ नियम (दे)।
रूह १ आत्मा जीवात्मा २ इत्र ३ सत सार, सारतत्त्व।
रूहानी आत्मिक आध्यात्मिक दिव्य पारमार्थिक पारलौकिक।
रेंज १ मार २ पर्वतमाला पर्वतशृंखला पर्वतश्रेणी।
रेंजर : वनपाल।
रेंट दे किराया।
रेख दे रेखा।
रेखांकित अंडरलाइन करना अधोरेखा खींचना।
रेखा : कतार, पंक्ति पाँत रेख लकीर लाइन लीक।
रेखागणित ज्यामिति ज्योमेट्री।
रेखाचित्र (sketch) खाका (उ प्र म प्र) रूपरेखा (म प्र) रेखाकृति (उ प्र०) स्केच (वि म प्र)।
रैलित बैंक भारत बैंक साहूयोग बैंक (दे)।
रेगिस्तान मरुभूमि मरुस्थल।
रेगुलर नियमित।
रेचक दस्तावर, पर्गेटिव विरेचक।
रेजगारी रेजपारी खुदरा खुल्ला चिल्लर, चेंज छुट्टा टूटा फुटकर, फुटकल भाँज रेजगारी रेजकी।
रेजर १ उस्तरा छुरा सेफ्टीरेजर २ ब्लेड।
रेजिमेंट सैन्यदल।

रेट दर, भाव।

रेड छापा।

रेडियो आकाशवाणी।

रेणु १ गर्द गर्द-गुबार, गुबार, धूल पांशु, रज २ दे रेत १।

रेत १ बालुका बालू रेणु, रेणुका सिकता सैकत २ दे रेणु १।

रेता १ दे रेत १ २ दे० रेणु १ ३ बलुई, जमीन बालू का मैदान।

रेतीला बलुआ बालूवाला।

रेल १ गाड़ी ट्रेन रेलगाड़ी २ पटरी पीठ रेलपटरी।

रेलपेल १ भीड़-भड़क्का भीड़-भाड़ रेलठेल रेलारेली २ अधिकता आधिक्य बहुतायत बहुलता भरमार।

रेवड़ (भेड़-बकरी का) दस्ता झुंड लेंहड़ा।

रेशम अंबर कोशा कौशेय कीटामुक टसर पुल पटंबर पटोर, पटोरा सिल्क।

रेशमी कौशेय सिल्कन।

रेशा तंतु, सूत।

रेस दौड़।

रेहन गिरवी बंधक।

रैक दे खाना १।

रैकेट छल-व्यापार, धोखाधड़ी।

रैदास चमार, चर्मकार।

रैयत प्रजा रिआया।

रोंगटा रोआँ रोमा रोवाँ लोम।

रोआँ रोंगटा रोम रोवाँ लोम।

रोक अवरोध निवारण निषेध पाबंदी प्रतिबंध प्रतिषेध बंदिश बाधा मुमानियत मनाही रुकावट, रोक-टोक रोक-थाम विघ्न।

रोकड़ कैश, धन नकद रुपया रुपया-पैसा।

रोकड़िया कैशियर, कोषपाल खजांची।

रोकथाम दे रोक।

रोकना अटकाना अड़चन डालना अवरुद्ध करना थामना निवारण करना निषेध करना पाबंदी/प्रतिबंध लगाना प्रतिरोध करना

प्रतिबंध करना बाधा डालना बाधा/विघ्न डालना मना करना, मुमानियत करना रास्ता रोकना रुकावट डालना रोक लगाना रोक-टोक करना रोकथाम करना वर्जन करना वर्जित करना व्याघात डालना।

रोग बीमारी मर्ज़ व्याधि।

रोगन १ तेल (मुलम्मारोगन) २ पालिश पेंट, वार्निश ३ चीज़ चिकनाई।

रोगी अशक्त अस्वस्थ बीमार, मरीज़ रुग्ण रोगग्रस्त व्याधिग्रस्त।

रोचक आकर्षक इंटरेस्टिंग दिलचस्प मनोरंजक।

रोज़ १ दे दिन २ दे प्रतिदिन।

रोज़गार १ आजीविका रोज़ी २ काम कार्य धंधा पेशा ३ काम-काज कामधंधा कामधाम ४ कारबार कारोबार, बिज़नेस रोज़गार, व्यवसाय व्यापार।

रोज़गारी कारबारी वणिक व्यवसायी व्यापारी सौदागर।

रोज़नामचा डायरी दैनंदिनी दैनिकी।

रोज़मर्रा नित्य नित्यप्रति प्रतिदिन रोज़ रोज़-रोज़ सदा सर्वदा हमेशा हरदिन।

रोज़-रोज़ दे प्रतिदिन।

रोज़ाना दे प्रतिदिन।

रोज़ी आजीविका।

रोज़ीना दे रोज़ाना।

रोटी १ चपाती फुलका २ डबलरोटी पावरोटी ब्रेड ३ खाना भोजन रसोई ४ आजीविका।

रोड : सड़क। दे मार्ग।

रोड़ा १ कंकड़ कंकड़-पत्थर, लोष्ठ २ अड़ंगा अवरोध बाधा विघ्न व्यवधान।

रोदन अरण्यरोदन क्रंदन रुदन विलाप। दे रोना।

रोना अरण्यरोदन करना आँखों में सावन भादों बरसना आँसू गिराना/बहाना आठ-आठ आँसू रोना क्रंदन करना घड़ियाली आँसू बहाना चीखना-चिल्लाना ज़ार-ज़ार रोना टसुवे बहाना धाड़ मारकर रोना फूट-फूटकर रोना बिलखना मगरमच्छ के आँसू बहाना रुदन करना रोना-कलपना रोना

चिल्लाना रोना-धोना रोना-बिलखना रोना-सिसकना विलाप करना सिसक-सिसक कर रोना सुबक-सुबक कर रोना।

रोपना १ पंजीरी लगाना पौध लगाना पौधा लगाना २ जमाना जमाना स्थापित करना।

रोब आतंक दबदबा धाक प्रभाव सत्ता रोबदाब असर।

रोबदार दबदबेवाला धाकवाला रोबदाबवाला रोबीला।

रोबीला दे रोबदार।

रोम रोंगटा रोयाँ लोम।

रोमांच पुलक रोंगटे खड़े होना रोमहर्षण सिहरन।

रोमांटिक १ रंगीला रोमानी २ भावप्रवण भावुक।

रोमानी दे० रोमांटिक।

रोयाँ रोंगटा रोम लोम।

रोर कोलाहल गौगा शोर शोर-गुल हल्ला हो-हल्ला।

रोल भूमिका।

रोशनदान खिड़की गवाक्ष झरोखा दरीचा मोखा वातायन।

रोशनाई १ इंक मसि स्याही २ प्रकाश रोशनी।

रोशनी आभा आलोक उजाला उजास रश्मिमाला ज्योति दीप्ति द्युति नूर प्रकाश प्रभा विभा।

रोष अप्रसन्नता कोप क्रोध (दे) गुस्सा नाराज़गी नाराजगी।

रोहित रक्त लाल लोहित।

रोहिताश्व दे आग।

रौंदना कुचलना चहलना छिन्न भिन्न करना तहस-नहस करना नष्ट करना नष्ट भ्रष्ट करना नेस्तनाबूद करना पददलित करना बर्बाद करना मर्दन करना मर्दित करना मसलना।

रौद्र उग्र डरावना प्रचंड भयंकर भयानक भयावह भीषण।

रौनक १ चमक-दमक, चहल-पहल भीड़ भड़क्का भीड़-भाड़ २ आब कांति चमक जमाल ३ दे सुंदरता।

रौला दे रोर।

रौशनी दे रोशनी।

लंबाचौड़ा १ प्रदीर्घ लंबातड़ंग २ विराट विशाल विस्तृत।

लंबोदर दे. गणेश।

लकड़बग्घा भेड़िया लग्घड़ वृक हुँड़ार।

लकड़ी १ काठ काष्ठ दारु समिधा २ ईंधन जलावन ३ छड़ी यष्टि लकुटी लाठी।

लकवा अर्धांग पक्षाघात पैरालिसिस फ़ालिज।

लकीर धारी पंक्ति रेखा लाइन।

लकुट
लकुटी डंडा छड़ी लाठी सोटा सोटी।
लकुटिया

लक्कड़ लट्ठा लकड़ी कुंदा।

लक्ष लाख।

लक्षण १ आसार (जैसे बारिश के) चिह्न निशान पहचान संकेत २ चाल चाल-ढाल तौर-तरीका ३ (शरीर पर जन्मजात) काला दाग लच्छन ४ परिभाषा।

लक्षित निर्दिष्ट, निर्देशित संकेतित।

लक्ष्मण रामानुज लखनलाल शेषावतार सौमित्र।

लक्ष्मी १ इंदिरा कमला महालक्ष्मी रमा विष्णुवल्लभा श्री सिंधुजा हरिप्रिया हरिवल्लभा २ गृहलक्ष्मी गृहस्वामिनी ३ सद्‌गुणी स्त्री ४ चंचला चपला ५ दे. धन।

लक्ष्मीपति १ दे. विष्णु २ अमीर ऐश्वर्यशाली धनवान धनाढ्य पूँजीपति लखपती संपत्तिशाली सुसंपन्न। दे. धनी।

लक्ष्य १ निशाना वेध्य २ उद्देश्य ध्येय साध्य ३ अभीष्ट इष्ट उद्दिष्ट ४ प्रयोजन हेतु ४ परोक्षार्थ व्यंग्यार्थ लक्ष्यार्थ।

लक्ष्यार्थ अभिप्राय परोक्षार्थ व्यंग्यार्थ लक्ष्य।

लखपति दे. लक्ष्मीपति २।

लगन १ अध्यवसाय धुन २ अनुरक्ति आसक्ति प्रेम लगाव लौ ३ एकाग्रता तन्मयता तल्लीनता लवलीनता ४ मुहूर्त लग्न शुभमुहूर्त साइत।

लगना १ चिपकना जुड़ना मिलना सटना २ खर्च होना लग जाना व्यय होना ३ अनुमान लगना जान पड़ना ज्ञात होना

मालूम होना ४ अखरना चुभना नागवार गुजरना बुरा लगना (बात लगना) ५ असर होना प्रभाव पड़ना (जाड़ा शरीर का लगना)।

लगभग अंदाजन अनुमानतः, करीब-करीब प्रायशः तकरीबन प्रायः, मोटे तौर पर।

लगातार १ अनवरत अविच्छिन्न रूप से अविरल अविराम निरंतर, बराबर, बिना रुके बिना विराम के बिना विश्राम के मुतवातिर, मुसलसल सतत २ आठों पहर चौंसठ घड़ी उठते बैठते हर घड़ी हर वक्त हर समय।

लगान जमाबंदी भूमिकर, मालगुजारी राजस्व।

लगाना १ स्पर्श करना पोतना २ (दरवाजा) भिड़ाना बंद करना भेड़ना ३ व्यय/खर्च करना ४ नियुक्त करना ५ जोड़ना ६ जलाना प्रज्वलित करना।

लगाम बाग बागडोर, रास।

लगाव १ जुड़ाव लगन वास्ता संबंध २ दे. प्रेम।

लगेज असबाब सामान।

लग्जरी १ ऐशोआराम २ आरामदेह ऐशोआराम का/की (जैसे बस)।

लग्न १ मुहूर्त विवाह-समय शुभमुहूर्त साहत २ विवाह, शादी।

लघु १ कनिष्ठ, छोटा नन्हा अल्प कम थोड़ा।

लघुतम न्यूनतम मिनिमम।

लघुता १ छुटाई, छोटापन २ ओछापन क्षुद्रता तुच्छता वामन हलकापन।

लघुशंका पेशाब बाथरूम (दिल्ली में—अरे इस बच्चे ने बाथरूम कर दिया) मूत्र मूत।

लचक लचकन लचकीलापन लचीलापन।

लचकीला दे. लचीला।

लचर १ घटिया (दे.) (व्यक्ति) २ कमजोर, सारहीन न टिकने योग्य सहज काट्य (तर्क दलील आदि)।

लचीला १ लचकदार, लचकवाला लचकीला लचलचा २ नमनशील नम्र।

लच्छेदार मजेदार, मनोरंजक रोचक।

लजाना झेंपना लज्जित होना लाज करना व्रीड़ागत होना शर्म से गड़ना शर्म से पानी-पानी होना शर्माना अभिम्ला होना संकोच करना सकपकाना सकुचाना । दे० शर्माना ।

लजीज जायकेदार, मजेदार सुस्वादु स्वादिष्ट (वि) स्वादु ।

लजीला लज्जालु, लज्जावान लज्जाशील शर्मीला सलज सलज्ज ।

लज्जत जायका मजा स्वाद ।

लज्जतदार दे० स्वादिष्ट

लज्जा १ लाज लाज-लिहाज लाज-हया व्रीड़ा शर्म हया २ इज्जत पत-पानी पानी प्रतिष्ठा मान-मर्यादा ।

लज्जाजनक अकीर्तिकर, अपमानजनक बदनामी करनेवाला शर्मनाक ।

लज्जालु, लज्जावान लजीला लज्जाशील शर्मीला संकोची सलज्ज हयादार हयावान ।

लज्जावती लजीली लज्जाशील लाजवंती शर्मीली ।

लज्जाहीन निर्लज्ज बेशर्म बेहया ।

लज्जित शर्मिंदा शर्मसार ।

लट अलकगुच्छ केशगुच्छ, केशपाश चोटी जटा जटाजूट वेणी ।

लटका १ चाल ढंग ढब पद्धति शैली २ कृत्रिमता बनावट ३ बनावटी मुद्रा हाव भाव टोटका टोना-टोटका ४ ट्रिक ५ नुस्खा फारमूला सूत्र ।

लटना अशक्त हो जाना कमजोर हो जाना तंदुरुस्ती गिर जाना थक कर गिरना दुबला जाना पतला-दुबला हो जाना स्वास्थ्य गिर जाना ।

लट्टू १ [illegible] २ आसक्त मर मिटना मुग्ध मोहित वशीभूत सम्मोहित ।

लट्ठ बड़ा डंडा बल्ली लाठी लाठी ।

लट्ठबाज १ लठैत २ लठियल लाठी से लड़ाई करने में कुशल/दक्ष लाठीबाज ।

लट्ठमार अप्रिय अशिष्ट कठोर कड़वा कर्कश ।

लठैत लट्ठबाज लाठीबाज ।

लड़कपन १ छुटपन बचपन बाल्यकाल बाल्यावस्था २ चंचलता चपलता चापल्य ३ नादानी नासमझी बचकानापन बचपना ।

लड़का १ किशोर, कुँवर, कुमार छोकरा छोरा बच्चा बाल बालक लौंडा शिशु २ पुत्र बेटा लाल संतान।

लड़की १ किशोरी कुमारी छोकरी छोरी बच्ची बालिका लौंडिया २ पुत्री बिटिया बेटी सुता।

लड़खड़ाना १ (पैर आदि का) डगमगाना डाँवाडोल होना डिगना थरथराना हिलना २ (मन का) अस्थिर होना काँपना कंपित होना डगमगाना डाँवाडोल होना डिगना डोलना थरथराना विकंपित होना विचलित होना।

लड़ना १ कलह करना जूझना झगड़ना झगड़ा करना झगड़ा-कलह करना टकराना तकरार करना युद्ध करना लड़ना-भिड़ना लड़ाई करना लड़ाई-झगड़ा करना २ बहस करना बहस मुबाहिसा करना वाद-विवाद करना हुज्जत करना संघर्ष करना।

लड़ाई १ जंग युद्ध रण संग्राम संघर्ष समर २ उखाड़-पछाड़ गुत्थम-गुत्था झगड़ा झगड़ा-लड़ाई, दंगा-फ़साद फ़साद ३ कलह तकरार, बहस बहस-मुबाहिसा वाद-विवाद हुज्जत।

लड़ाकू १ झगड़ालू लड़ाका २ योद्धा फ़ौजी सिपाही ३ विवादी हुज्जती।

लड्डू मगदल मोदक लडुवा।

लत १ दे चसका २ (बुरी) आदत टेव बान ३ व्यसन।

लतर लत्ता बेल लतिका वल्लरी।

लतागृह लताभवन लताकुंज लतामंडप।

लताड़ झाड़-फटकार झिड़की डाँट डाँट-डपट डाँट-फटकार दुत्कार, फटकार, प्रताड़ना भर्त्सना लानत-मलामत।

लतिका दे लता।

लतीफ़ा चुटकुला।

लथपथ भीगा तर, तराबोर भीगा सना हुआ सराबोर।

लथाड़ पटकी पराजय हानि। दे लताड़ भी।

लद्धड़ आलसी कामचोर, काहिल दीर्घसूत्री धीमा निष्क्रिय बोदा सुस्त।

लपट आँच ज्वाला।

लपेट ऐंठन घुमाव चक्कर फेरा।

लपेटना १ तह करना/लगाना बाँधना समेटना २ उलझन में डालना फँसाना।

लप्पड़ दे थप्पड़।

लफंगा आवारा दुश्चरित्र लंपट लुच्चा व्यभिचारी शोहदा।

लफ्ज शब्द।

लफ्फ़ाज़ बातूनी।

लबादा गाउन चोगा।

लबार असत्यवादी गप्पी झूठा ढकवादी बकवासी मिथ्याभाषी मिथ्यावादी लबरा लबाड़िया।

लबालब छलकता हुआ लकालक भरा-पूरा।

लब्ध अर्जित उपलब्ध प्राप्त हासिल।

लब्धप्रतिष्ठ दे प्रसिद्ध।

लब्धि उपलब्धि प्राप्ति फायदा भजनफल भागफल लाभ।

लभ्य जो मिल सके प्राप्तव्य प्राप्त होने योग्य प्राप्य सुलभ।

लमहा क्षण।

लय १ तर्ज़ धुन २ ताल ३ नाश प्रलय विलय विलयन ४ तल्लीन निमग्न मग्न लीन।

लरजना : १ कंपित होना काँपना हिलना २ डोल जाना डरना दहलना भयभीत होना दे कँपना।

ललक उत्कंठा उत्कट इच्छा गहरी चाह प्रबल अभिलाषा प्रबल लालसा। दे इच्छा।

ललकार १ आह्वान चुनौती चैलेंज २ युद्धनाद हुंकार।

ललकारना १ चुनौती देना चैलेंज करना २ युद्धनाद करना हुंकार भरना हुँकारना।

ललचाना १ तरसना ललचना लालच करना लालायित होना २ तरसाना मोहित करना लालच उत्पन्न करना लुभाना।

ललना दे स्त्री।

लला (संबोधन में प्रयुक्त) १ देवर; २ लड़का (दे) ३ नायक पति (दे)।

ललाई दे लालिमा।

ललाट १ पेशानी भाल मत्था मस्तक माथा २ भाग्य।

ललाम — दे सुंदर १।
ललित — दे सुंदर १।
ललौंहा — आताम्र रतनार, रतनारा ललछौंहा सुर्खीमायल।
लल्लोचप्पो — चिकनी-चुपड़ी बात चाटुकारी ठकुरसुहाती लल्लोपत्तो।
लवंग — लौंग।
लवण — नमक नोन।
लवलीन — एक तन्मय तल्लीन मग्न लीन।
लवलेश — अल्प मात्रा अत्यल्प जरा थोड़ा रंच रंचमात्र स्वल्प।
लशकर, लश्कर — १ दे सेना २ कैंप, कैंटूनमेंट (सेना की) छावनी (सेना का) पड़ाव।
लस — चिपचिपाहट।
लसदार — चिपचिपा चिपचिपाहट वाला लसलसा लसीला।
लसित — अलंकृत शोभित सजा सजा-धजा सजा हुआ सुशोभित सुसज्जित।
लसीला — दे लसदार।
लस्टम-पस्टम — किसी तरह किसी प्रकार, जैसे-तैसे ज्यों-त्यों करके बहुत धीरे धीरे/मंद गति से येन-केन-प्रकारेण सामान्य/साधारण रूप से।
लस्त लस्त-पस्त — थकान थका थका-मांदा थका हुआ शिथिल।
लस्सी — १ (मथे हुए) दही का पेय २ छाछ मट्ठा मठा माठा तक्र।
लहँगा — १ स्कर्ट २ पेटीकोट साया।
लहजा — काकु (ध्वनि का) उतार-चढ़ाव टोन सुरलहर, स्वर।
लहर — १ ऊर्मि कल्लोल तरंग मौज वीचि हिलकोर, हिलकोरा हिलोर, हिलोरा, हिल्लोल २ उमंग जोश मौज।
लहू — दे खून।
लाँग — काछ पुछल्ला पोछिटा।
लाँघना — १ कूद जाना छलाँग मारना/लगाना डाकना पार करना फाँदना २ अतिक्रमण करना उल्लंघन करना।
लांछन — १ कलंक तोहमत दोष दोषारोपण २ दाग धब्बा।
लांछित — अभिशप्त कलंकित कलंकी दोषयुक्त दोषी बदनाम लांछन युक्त।
लांड्री — धुलाईघर, धोबीखाना।

लाइट १ आलोक उजाला प्रकाश रोशनी (दे) २ हल्का हल्का फुल्का।

लाइन १ कतार, पंक्ति २ पंक्ति रेखा।

लाइब्रेरियन पुस्तकाध्यक्ष पुस्तकालयाध्यक्ष।

लाइब्रेरी कुतुबखाना पुस्तकालय।

लाइलाज असाध्य।

लाइसेंस अनुज्ञा अनुज्ञापत्र अनुज्ञप्ति।

लाइसेंसधारी अनुज्ञप्तिधारी लाइसेंसदार।

लाई १ खील फरुही मुरमुरा लइया लावा २ चुगली चाई लुतरी।

लाउंज लॉबी विश्राम-कक्ष।

लॉक ताला।

लाक्षा लाख लाह।

लाख १ सौ हजार, २ बहुत अधिक बहुत ज्यादा बारंबार बार-बार (मैंने उनसे लाख कहा) ३ चपड़ा लाक्षा लाह।

लाग १ दुश्मनी लाग-डाँट विरोध बैर शत्रुता २ मनमुटाव मनोमालिन्य वैमनस्य ३ चढ़ा-ऊपरी लाग-डाँट प्रतियोगिता होड़ होड़ाहोड़ी ४ ईर्ष्या (दे)।

लाग-डाँट दे लाग।

लागत १ उत्पादन-व्यय कास्ट-प्राइस परिव्यय (म म) लागत मूल्य लागत-व्यय २ खर्च खर्चा व्यय।

लाघव १ तेजी फुर्ती २ हाथ की सफाई ३ कुशलता कौशल निपुणता हुनर ४ लघुता।

लाचार १ असमर्थ अशक्त अक्षम असहाय बाध्य बेबस मजबूर (दे) विवश।

लाचारी १ असमर्थता अक्षमता अशक्तता २ बेबसी मजबूरी (दे) विवशता।

लॉज (lodge) वासा मकान।

लाज १ लज्जा व्रीड़ा शर्म शर्मोहया हया २ आबरू इज्जत पत-पानी पानी प्रतिष्ठा (जैसे अब मेरी लाज तुम्हारे हाथ है) ३ मुरव्वत लाज-लिहाज लिहाज।

लाजमी लाज़िमी १ अनिवार्य अपरिहार्य आवश्यक जरूरी २ अपेक्षित।

लाजवाब १ निरुत्तर २ अवाक्, चुप मूक मौन ३ अतुल अतुलनीय अनुपम अनुपमेय बेजोड़ बेमिसाल लामिसाल।

लाजा दे लाई १।

लॉजिक तर्क तर्कशास्त्र।

लाजिम दे लाजमी।

लाट १ गवर्नर, गवर्नर-जनरल लार्ड २ खंभा पिलर, स्तंभ।

लाठी गोजी छड़ी डंडा दंड यष्टि, लकड़ी लकुटी सोटा।

लाठीबाज लट्ठबाज लठैत।

लाड़ लाड़-प्यार दुलार, प्रेम स्नेह।

लाड़ला दुलारा प्यारा।

लात १ ठोकर पग पद पाँव पैर, २ किक पदप्रहार।

लाद १ उदर पेट २ अंतड़ी ओझ।

लादना एक-पर-एक रखना चढ़ाना बोझना बोझा भरना भरना रखना।

लादी (पशुओं की पीठ पर का) गट्ठर, गठरी बोझ भार, लदान लादी गई वस्तु।

लानत थू-थू धिक्कार, फिटकार, भर्त्सना लानत-मलामत।

लापता अज्ञात गायब गुम गुमशुदा लुप्त।

लापरवाह १ असतर्की असावधान ग़ाफ़िल प्रमादी बेपरवाह बेफ़िक्र २ मनमौजी मस्त मस्त-मौला सूफ़ी ३ निश्चिंत ४ ढीला सुस्त।

लापरवाही अनवधान असतर्की अनवधानता असावधानी गफ़लत प्रमाद बेफ़िक्री २ निश्चिंतता ३ ढिलाई, सुस्ती।

लॉबी दीर्घा।

लाभ १ नफ़ा फ़ायदा मुनाफ़ा २ आमद आमदनी उपलब्धि प्राप्ति ३ उपकार ४ परिलब्धि।

लाभदायक १ फ़ायदेमंद मुफ़ीद लाभकर, लाभकारी लाभप्रद २ गुण कारक गुणकारी ३ उपयोगी उपादेय।

लाभांश डिविडेंड बोनस।

लाम १ फ़्रंट (युद्धफ़्रंट) २ आर्मी फ़ौज सेना (जैसे लामबंदी में)।

लामिसाल दे लाजवाब।

लायक १ काबिल योग्य सुयोग्य २ गुणवान्, गुणी ३ उचित

उपयुक्त ठीक काबिल ४ पात्र हकदार।

लायकियत काबिलियत योग्यता।

लॉरी बस मोटर।

लाल १ अरुण अरुणाभ आरक्त गुलनार, गुलाबी प्याजी प्याजू रक्तिम रतनार, रतनारा ललछौंहा ललौहा लाखा लाखी लोहित सिंदूरी सुर्ख २ बहुत क्रुद्ध/कोपित ३ पुत्र बालक बेटा लड़का ४ माणिक मानिक।

लालच तृष्णा प्रलोभन लिप्सा लोभ लोलुपता हवस हिर्स।

लालची लिप्सु लुब्ध लोभी लोलुप।

लालन-पालन देख-रेख पालन-पोषण रख-रखाव लालन।

लालफ़ीताशाही रेडटेपिज्म।

लालसा उत्कट अभिलाषा प्रबल इच्छा ललक। दे० इच्छा।

लाला १ (कुछ हिंदू जातियों के लोगों के नाम के पूर्व प्रयुक्त) श्री श्रीयुत २ कायस्थ ३ देवर ४ (संबोधन में) महाशय महोदय।

लालायित इच्छुक उत्कंठित उत्सुक ललचाया हुआ।

लालित्य दे० सुंदरता।

लालिमा अरुणिमा ललाई लाली सुर्खी।

लाली दे० लालिमा।

लावण्य दे० सुंदरता।

लावनी ख्याल।

लाव-लश्कर असबाब फौज-फाँटा सेना ससैन्य सामग्री। दे० सेना।

लावारिस १ बिना दावेदार (सामान) २ अनाथ यतीम (जैसे बच्चा) ३ बिना मालिक का (जैसे कुत्ता)।

लाश मय्यत मिट्टी मुर्दा मृतदेह, मृतशरीर लोथ शव।

लासा गोंद।

लासानी अद्वितीय अनुपम अनुपमेय अप्रतिम बेजोड़ लाजवाब।

लाह चपड़ा लाक्षा लाख।

लिंग १ सेक्स २ व्याकरणिक लिंग ३ पुरुषेंद्रिय लंड लौड़ा शिश्न ४ शिवलिंग ५ चिह्न।

लिए १ (के) अर्थ (के) कारण से (की) खातिर (के) ध्येय से (के) निमित्त (के) वास्ते (के) हेतु (प्राय: सभी 'के' के साथ

प्रयुक्त जैसे—के लिए, के निमित्त) २ सेंबे।

लिखत दस्तावेज लिखत-पढ़त लिखा-पढ़ी।

लिखना १ अंकित करना कलमबंद करना लिपिबद्ध करना २ रचना करना (जैसे वे कहानी लिखते हैं) ३ कागज काला करना (बेकार लिखना)।

लिखाई अक्षर लिखना लिखावट लिपि।

लिखापढ़ी १ चिट्ठी-पत्री पत्र-व्यवहार २ लिखत-पढ़त।

लिखावट अक्षर, लिखाई, लिपि लेखन लेखन विधि।

लिखित कलमबंद तहरीरी लिपिबद्ध।

लिजलिजा १ घिनौना घृणास्पद घृणित २ प्रतिरूपी बिखर्री कमजोर, कायर बुलबुल बब्बू बिना रीढ़ की हड्डी का ३ जीवटता-विहीन नपुंसक बिना जीवट का।

लिपटना अंक भरना आलिंगन करना गले लगना चिपटना छाती से लगना सीने से लगना।

लिपटाना अंक भरना आलिंगन करना गले लगाना छाती से चिपटाना छाती से लगाना सीने से लगाना।

लिपि अक्षर लिखावट लिपिचिह्न।

लिपिक किरानी क्लर्क मुंशी।

लिपिकार नकल करनेवाला प्रतिलिपिकार, लेखक।

लिपिबद्ध कलमबंद लिखा हुआ लिखित।

लिप्त अनुरक्त निमग्न मग्न रत लीन।

लिप्सा दे लालच।

लिप्सु दे लालची।

लिफाफा १ एनवलप कवर; २ ऊपरी आडंबर कलई, मुलम्मा।

लिबास दे पोशाक।

लियाकत १ अर्हता काबिलियत योग्यता २ गुण हुनर; ३ क्षमता शक्ति सामर्थ्य।

लिसलिसा चिपचिपा।

लिस्ट तालिका फेहरिस्त सूची।

लिहाज १ अदब इज्जत सम्मान ध्यान २ कृपादृष्टि ३ मुरव्वत मुलाहजा शील-संकोच ४ तरफदारी पक्षपात।

लिहाजा १ अतः इसलिए, पुनश्च २ तदनुसार।

लिहाफ़ दुलाई रजाई।
लीक १ (घिसा-पिटा) चलन चाल दस्तूर परंपरा प्रथा रस्म रिवाज रीति लोकनियम २ रेखा लकीर लाइन ३ मर्यादा सीमा हद।
लीख जूँ।
लीग १ संगठन संघ २ दल पार्टी।
लीचड़ १ आलसी काहिल निकम्मा निष्क्रिय मट्ठर सुस्त २ कंजूस कृपण मक्खीचूस लेन-देन में खराब।
लीडर दे रहनुमा।
लीडरी रहनुमाई।
लीन १ गर्क तन्मय तल्लीन निमग्न निरत प्रवृत्त मग्न रत लिप्त विभोर, संलग्न २ अंतर्धान लुप्त।
लीपना गोबरियाना पोतना मटियाना लीपना-पोतना।
लीला १ केलि क्रीड़ा खिलवाड़ खेल २ नाटक ३ कौतुक तमाशा ४ ढोंग स्वांग।
लीवर जिगर, यकृत्।
लुंगी तहमद।
लुंज अपंग अपाहिज पंगु लंगड़ा लुंज-पुंज लुंजा लूला विकलांग।
लुकना आड़/ओट में आना/होना छिपना हटना।
लुकाछिपी आँखमिचौनी आँखमुंदौवल छुपनछुपाई।
लुच्चा आवारा कमीना कुचाली कुमार्गी दुराचारी बदमाश शोहदा।
लुटना ठगा जाना तबाह होना बर्बाद होना लूटा जाना।
लुटाना अंधाधुंध खर्च करना अपव्यय करना उड़ाना गँवाना फ करना पानी की तरह बहाना फिजूलखर्ची करना ब करना बहाना।
लुटेरा डाकू दस्यु बटमार, लूटनेवाला।
लुतरा चुगलखोर, चुगली करनेवाला निंदक लबारी।
लुत्फ़ आनंद मज़ा।
लुप्त अंतर्धान अंतर्हित अदृश्य अप्रकट (लोगों से) ओझल गुप्त तिरोभूत तिरोहित लापता विलीन विलुप्त।
लुप्त प्रयोग अप्रचलित अप्रयोग।

लुब्ध आकर्षित आकृष्ट मुग्ध मोहित ललचाया लुभाया हुआ सम्मोहित।
लुब्धक दे. शिकारी।
लुब्बलुबाब दे. सार।
लुभाना अनुरक्त करना आकर्षित करना आसक्त होना खींचना मुग्ध करना मोहित करना रिझाना लट्टू करना ललचाना लुब्ध करना विमुग्ध करना विमोहित करना सम्मोहित करना।
लुभावना दे. आकर्षक।
लूट डकैती डाकाजनी बटमारी लूट-खसोट लूट-पाट, लूट-मार।
लूटना १ खसोटना चुराना चोरी करना छीन-झपट लेना छीन लेना झपटना झपट लेना ठगना ठगी करना डाकाजनी करना डाका डालना बटमारी करना मार लेना मूसना लूटना-खसोटना लूटना-झपटना लूट-पाट करना लूटना-पाटना लूट-मार करना लूट लेना ले लेना २ तबाह कर देना बर्बाद कर देना ३ (अनाप-शनाप मुनाफ़ा लेकर) कमाना (वाजिब से ज़्यादा) दाम लेना।
लूटपाट लूट-खसोट, लूट-मार। दे. लूट।
लूटमार डकैती डाका बटमारी राहज़नी लूट लूटपाट लूटखसोट।
लूप छल्ला।
लूला टुंडा हथकटा। दे. लुंज।
लूला-लँगड़ा अपंग अपाहिज लुंज-पुंज विकलांग। दे. लुंज लूला।
लूलू दे. मूर्ख।
लेंस शीशा (पारदर्शी)।
लेंहड़ दस्ता (पशुओं का) झुंड (दे.) दल लेंहड़ा समूह।
लेआउट अभिन्यास।
लेऑफ़ छँटनी।
लेई पेस्ट।
लेकिन किंतु, परंतु (दे.) मगर।
लेक्चर तक़रीर, भाषण वक्तृता व्याख्यान।
लेक्चरर असिस्टेंट प्रोफ़ेसर, प्राध्यापक व्याख्याता।
लेख १ आर्टिकिल निबंध पेपर प्रपत्र प्रस्ताव रचना शोधनिबंध

घोषपत्र २ लिखावट हस्तलेख ३ दस्तावेज प्रलेख।

लेखक १ ग्रंथकार प्रणेता मसिजीवी रचनाकार, रचयिता साहित्यकार २ कातिब लिपिक लिपिकार ३ मसिजीवी व्यावसायिक लेखक।

लेखन ग्रंथ-रचना प्रणयन रचना लिखना।

लेखन-सामग्री (stationery) स्टेशनरी (वि)।

लेखनी कलम पेन।

लेखपाल पटवारी।

लेखा एकाउंट हिसाब किताब २ रिकॉर्ड ३ लेखा-जोखा।

लेखिका कवयित्री साहित्यकर्मी।

लेजर खाता।

लेट देर, विलंब।

लेटना आराम करना पड़ना पीठ लगाना पौढ़ना सोना।

लेटर दे पत्र।

लेटरपैड पत्रपुंज (ज प्र) पत्रबंध (म प्र)।

लेंड़ी लेंडी लेंड़ी-मोठी।

लेनदार महाजन लहनेदार लेनेवाला।

लेनदेन १ आदान प्रदान लेना-देना लेनी-देनी २ अदला-बदली वस्तु-विनिमय विनिमय।

लेना १ अंगीकार करना अपनाना ग्रहण करना पाना प्राप्त करना स्वीकार करना स्वीकारना २ क्रय करना खरीदना मोल लेना ३ छीनना झपटना झपट लेना हड़पना हथियाना ४ उत्तरदायित्व लेना जिम्मा लेना दायित्व लेना भार लेना ५ कोट करना उद्धरण लेना उद्धृत करना ६ तहसीलना वसूलना ७ काबू करना संभालना ८ खाना पीना सेवन करना।

लेबर १ मजदूर श्रमिक श्रमिकवर्ग २ परिश्रम मेहनत श्रम।

लेबोरेटरी प्रयोगशाला।

लेश अल्प किंचित् जरा तनिक (दे) थोड़ा रंच रंचमात्र लव लेश लेशमात्र।

लेस चिपचिपापन।

लेहाज दे लिहाज।

लेहाजा दे लिहाजा।

लैंगिक १ जननेंद्रिय-विषयक लिंग-विषयक लिंग-संबंधी २ काम यौन।

लैंप चिराग बत्ती डिबिया ढबरी लंप लालटेन।

लैनटर्न लालटेन।

लैस १ सजे हुए, सज्जित सुसज्जित २ कटिबद्ध तत्पर, तैयार, प्रस्तुत ३ फीता लैस।

लोक १ दे संसार, २ जन जनता जनसाधारण पब्लिक लोग सर्वसाधारण।

लोकतंत्र जनतंत्र जनराज जनताशासन जनशासन जम्हूरियत प्रजातंत्र लोकशाही।

लोकप्रवाद अफवाह, किंवदन्ती जनश्रुति।

लोकमत जनमत जनसम्मति।

लोकरुचि जनरुचि जनेच्छा।

लोकल स्थानीय।

लोकवार्ता जनसाहित्य लोकसाहित्य।

लोकव्यवहार लोकाचार, लोकप्रथा लोकरीति।

लोकसाहित्य जनसाहित्य लोकवार्ता।

संस्तुत अनुशंसित अभिशंसित सिफ़ारिश किया हुआ।

संस्तुति अनुशंसा अभिशंसा अभिस्ताव (म प्र) रिकमेंडेशन *सिफ़ारिश।*

संस्था १ आर्गेनाइज़ेशन एसोसियेशन कांग्रेस जमात परिषद् पार्टी प्रतिष्ठान लीग व्यवस्था-संगठन (दे) संघ सभा सोसाइटी २ सामाजिक व्यवस्था पारंपरिक सामाजिक व्यवस्था (जैसे विवाह या मृत्यु संस्कार) ३ प्रतिष्ठान संस्थान।

संस्थान प्रतिष्ठान संस्था सार्वजनिक संस्था।

संस्थापक (founder) अधिष्ठाता (वि) प्रतिष्ठापक (म प्र)

प्रवर्तक (म प्र) फ़ाउंडर, स्थापक स्थापनकर्ता संस्थापन कर्ता।

संस्मरण : यादों की बारात स्मृतियों की धरोहर स्मृतिलेख मेमायर्स।

संहत १ एकत्रित गठित संगठित सुगठित २ श्लिष्ट संश्लिष्ट समासप्रधान सुसंहत (जैसे भाषा)।

संहति १ सुगठितता श्लिष्टता संश्लिष्टता २ दे० संघटन ३ ढेर, ढेरी पुंज राशि समूह।

संहार १ ध्वंस नाश (दे) विध्वंस विनाश २ अंत कयामत प्रलय समाप्ति।

संहारक घाती ध्वंसक नाशक विनाशक विध्वंसक संहार करनेवाला।

संहिता १ नियम नियमावली विधि-संग्रह कानूनों का मजमुआ/संकलन २ संधि (व्याकरण) ३ विधृति संयम ४ कोड।

सकत ताकत पराक्रम बल (दे) शक्ति (दे) सामर्थ्य।

सकपकाना अचकचाना अकपकाना किंकर्तव्यविमूढ़ होना भड़बड़ाना घबड़ा जाना सटपटाना सहम जाना हकबकाना हक्का-बक्का हो जाना।

सकल अखंड अखिल अशेष निःशेष संपूर्ण (दे) सब समग्र समस्त।

सकाम १ अभिलाषा/इच्छा/कामनायुक्त (जैसे सकाम भक्ति) २ कामवासनायुक्त कामी।

सकारे अलस्सुबह तड़के सवेरे सुबह-सवेरे सुबह-सुबह। दे प्रात।

सकील गरिष्ठ बोझिल दुष्पाच मुश्किल (जैसे पचाना)।

सकुचाना : लजाना शरमाना शर्म करना संकोच करना हिचकिचाना।

सकुशल कुशलपूर्वक कुशल-क्षेमपूर्वक बखैर बखैरियत सही-सलामत सलामत सुरक्षित।

सकोरा १ कुल्हिया कुल्हड़ चुक्कड़ पुरवा २ कसोरा कुंडिया हंडी।

सखरा निखरी मामरी।

सक्रिय ऐक्टिव कर्मठ क्रियानिष्ठ क्रियाशील।

सक्षम कॉम्पीटेंट क्षमतावाला क्षमतावान् क्षमताशाली योग्य समर्थ सामर्थ्यवान्।

सखा दे मित्र।

सखी अली आली गुइयाँ संगिनी सहचरी सहचारिणी सहेली।

सख़ी उदार दाता दानशील दानी फ़य्याज़ फ़ैयाज़ वदान्य।

सख़ुन १ कविता काव्य साहित्य २ बातचीत वार्तालाप।

सख़ुनतकिया तकियाकलाम।

सख़्त १ दे० कठोर (दे) कड़ा २ अनुशासनवादी अनुशासननिष्ठ ३ बहुत बहुत अधिक बहुत ज़्यादा (सख़्त तकलीफ़)।

सख़्ती (व्यवहार म) १ कठोरता कड़ाई २ अत्याचार, ज़ुल्म (दे) ज़ोर-ज़ुल्म।

सख्य दे दोस्ती।

सगा १ सगर्भ सहोदर, २ अपना आत्मीय नातेदार, रिश्तेदार, स्वकुलीय संबंधी हकीकी।

सगी १ सगर्भा सहोदरा २ अपनी स्वकुलीय स्वसंबंधी हकीकी।

सगाई टीका तिलक बरक्षा बरिच्छा मँगनी।

सगुण सविग्रह सदेह साकार।

सगोत्र आत्मीय गोतिया गोती गोतिय बंधु बंधु-बांधव बांधव भाईबंधु सगोती सगोत्रीय सजातीय सपिंड स्वजन।

सघन गझिन गहन ठोस घना।

सच दे सत्य १ २।

सचमुच वस्तुत (दे०) वास्तव में वाक़ई।

सचाई असलियत तथ्य यथार्थता वास्तविकता सच्चाई (दे) सत्य सत्यता।

सचित्र चित्रयुक्त चित्रसहित।

सचिव १ अमात्य आमात्य दीवान २ परामर्शदाता मंत्री मिनिस्टर, वज़ीर, सिकत्तर सेक्रेटरी।

सचिवालय सेक्रेटेरियट।

सचेत सजग (दे) सतर्क (दे) सावधान (दे)।

सचेतक (*whip*) प्रतोद (म प्र) ह्विप (म प्र)।

सचेत करना दे जगाना।

सच्चरित्र आचारवान्, चरित्रवान् चरित्रवाला नेकचलन पतिव्रता पत्नीव्रती पाकदामन सच्चरित्र सदाचारी सतवती (स्त्री) सती-साध्वी (स्त्री)।

सच्चा १ सत्यकाम सत्यनिष्ठ, सत्यपरायण सत्यवादी सत्यवान्,

सत — १ अर्क रस २ कस-बल जीवनी-शक्ति ताकत दम बल बलबूता शक्ति ३ तत्त्व सार, सारतत्त्व ४ सतीत्व (सतवंती नारी)।

सतत — १ अविरत अविरल निरंतर, बराबर, मुतवातिर, मुसलसल लगातार (दे.) सर्वदा २ दे. हमेशा।

सतयुग — कृतयुग देवयुग पुण्ययुग सत्ययुग।

सतर — पंक्ति आवलि कतार, पंक्ति रेखा लकीर, लाइन।

सतर्क — दे. सावधान।

सतर्कता — (vigilance) जागरूकता (प्र. प्र.) निगरानी (वि.) सावधानता (म०प्र.) दे. सावधानी।

सतवंती — पतिपरायणा पतिव्रता सतवाली सती सती-साध्वी साध्वी सावित्री।

सताना — कष्ट देना छाती पर मूँग दलना जले पर नमक छिड़कना तंग/दुखी/परेशान करना दुख देना नाक में दम करना नाकों चने चबवाना संतप्त करना संताप देना।

सती — दे. पतिव्रता।

सतीत्व — पतिव्रत पतिपरायणता पातिव्रत्य सती साध्विता।

सत्कर्म — अच्छा काम उत्तम कार्य धर्म-कर्म नेक काम पुण्य-कर्म शुभ-कर्म सुकर्म।

सत्कार — आतिथ्य आदर-सत्कार आवभगत खातिरदारी मेहमानदारी मेहमाननवाज़ी।

सत्ता — १ अस्तित्व अस्मिता हस्ती २ अख्तियार अधिकार, प्रभुत्व प्रभुसत्ता प्राधिकार शासन हुकूमत।

सत्तू — दुर्रा धीवमपुरी सत्तु, सतुक सतुआ सेंतुआ।

सत्व — १ अस्तित्व अस्मिता सत्ता हस्ती २ तत्त्व सार, सारतत्त्व ३ कस-बल जीवनी-शक्ति ताकत दम बल बल-बूता शक्ति।

सत्य — १ (सं.) असली बात तथ्य यथार्थता रास्त (रास्तगो रास्तगोई) वास्तविक वास्तविकता सच सही बात यथार्थ सच्चाई २ (वि.) अविनाश असल असली यथार्थ यथा-तथ्य वास्तविक सच सही ३ धर्म धर्म की बात (तथ्य जो भी हो तुम्हारे लिए सत्य यही है)।

सत्यतः १ दरअसल वस्तुतः वास्तविकता यह है कि सच्चाई यह है कि सच्ची बात यह है कि २ सचमुच (दे.)।

सत्यता दे. सत्य १।

सत्यनिष्ठ सत्यकाम सत्यपर, सत्यपरायण।

सत्यनिष्ठा सत्यपरायणता।

सत्यवती गंधवती धीवरसुता मत्स्यगंधा।

सत्यवादी सत्यभाषी सत्भाषी स्पष्टवक्ता।

सत्याग्रह धरना पिकेटिंग।

सत्यानाश दे. नाश मटियामेट, बर्बादी।

सत्यापन/ सत्यापित करना (verify) तस्दीक करना।

सत्र कार्यकाल (संसद या शिक्षण संस्थाओं में) टर्म सेशन।

सत्व दे. सत्त्व।

सत्वर अविलंब जल्द जल्दी जल्दी से तुरन्त तुरत तेजी से द्रुत शीघ्र।

सत्वहीन असार तत्त्वहीन निस्तत्त्व निस्सार सारहीन।

सत्संग १ सत्संगत भला संगत २ धार्मिक कथा-वार्ता, धार्मिक प्रवचन-समारोह भक्तिसंगीत-समारोह।

सदका १ न्योछावर, बलि वारना वारा-फेरा २ उतारा निछावर।

सदन १ भवन (दे.) २ राज्यसभा ३ लोकसभा।

सदमा १ आघात चोट, धक्का ठोकर २ दुख (दे.) रंज (दे.)।

सदय कृपालु दयालु दे. दयावान रहमदिल।

सदर १ प्रधान मुख्य २ अध्यक्ष प्रेसिडेंट सभापति।

सदरी १ बंडी बनियान २ जवाहर जैकिट जवाहर बंडी जैकिट, बंडी।

सदस्य पार्षद मेंबर।

सदा १ सदैव सर्वदा हमेशा २ हरदम हरवक्त हरसमय ३ दे. लगातार ४ गूंज प्रतिध्वनि ५ पुकार, ६ आवाज ध्वनि।

सदाकत १ सचाई सच्चाई, २ खरापन सिधाई।

सदाचार अच्छा आचार-विचार धर्मशीलता धर्मसम्मत आचार, धर्मा-

चार, धर्माचरण सदाचरण सदाचारिता।

सदाचारी अच्छे आचार विचारवाला धर्मशील धर्माचारी धर्मात्मा सुकर्मी।

सदाशय १ उदारचरित उदारचेता २ उच्चाशय उदात्त महामानस शरीफ सज्जन।

सदी शताब्दी शती सेंचुरी।

सदृश अनुरूप जैसा तरह तुल्य बराबर, वत् भाँति समतुल्य समान सा।

सदृशता अनुरूपता बराबरी समता समतुल्यता समत्व समानता।

सदेह मुजस्सम सशरीर।

सदैव दे० सदा १ २ ३।

सदोष ऐबवाला खामीवाला कमीवाला गलत (दे०) त्रुटिपूर्ण दोषपूर्ण दोषवाला नुक्सवाला।

सद्गति मुक्ति मोक्ष (मरणोपरान्त) अच्छी दशा सुगति सुदशा।

सद्भाव अच्छी नियत सदाशयता सद्भावना।

सदन घर (दे०) मकान (दे०)।

सद्य १ अभी इसी वक्त इसी समय २ आज ही ३ तुरंत तुरत फौरन शीघ्र।

सद्र १ अध्यक्ष प्रेसिडेंट सदर सभापति २ शीर्षभाग सर्वोच्च स्थान ३ छाती सीना।

सधवा सुहागिन सुहागिनी सौभाग्यवती सौभाग्यशालिनी।

सन १ वर्ष संवत्सर, साल २ ईसवी वर्ष ३ शण सनई।

सनक उन्माद फेर खब्त धुन लहर धुन मैनिया सिड़ीपना।

सनकी १ उन्मादी झक्की खब्ती धुनी सनकी सिड़ी २ दे० पागल।

सनद १ डिग्री डिप्लोमा प्रमाणपत्र सर्टिफिकेट २ प्रमाण सबूत।

सनम १ प्यारा (प्यारी) प्रिय (प्रिया) माशूक (माशूका) २ बुत मूर्ति।

सनसनी १ सनसनाहट झनझुनी रोमांच रोमांचक रोमांचकारी स्पंदन २ उत्तेजना उद्वेग घबराहट ३ हलचल।

सनातन १ चिरस्थायी नित्य शाश्वत स्थायी २ चिरंतन पुरातन पुराना पुराकालीन प्राचीन ३ परंपरागत।

सनाह कवच जिरहबख्तर बख्तर, बकतर।

सन् दे सन १ २।

सन्न जड़ जड़वत् ठक ठक-से चुप भौचक भौचक्का स्तंभित स्तब्ध हक्का-बक्का।

सन्नद्ध दे तैयार।

सन्न हो जाना अचकचा जाना अवाक रह जाना आँखें और मुँह खुला का खुला रह जाना आश्चर्यचकित हो जाना आश्चर्य में पड़ जाना कर्तव्य-विमूढ़ हो जाना काठ मार जाना किंकर्तव्यविमूढ़ हो जाना चकरा जाना चकित हो जाना ठक हो जाना ताज्जुब में पड़ जाना स्तंभित हो जाना स्तब्ध हो जाना हक्का-बक्का हो जाना।

सन्नाटा १ एकांत एकान्तता निर्जनता सुनसान सूनापन २ खामोशी चुप्पी निःशब्दता निःस्तब्धता निस्तब्धता नीरवता मौन स्तब्धता।

सन्नाह दे तनत्राण।

सन्निकट आसन्न नज़दीक निकट, पास समीप।

सन्निधि निकटता नैकट्य सन्निकर्ष समीपता सामीप्य।

सन्निपात *डेलिरियम त्रिदोष सरसाम सरेसाम।*

सन्निबद्ध बँधा हुआ संबद्ध संलग्न।

सन्मार्ग सुपथ सुमार्ग।

सपत्न दुश्मन वैरी शत्रु।

सपत्नी सौकन सौत सौतन सौतिन।

सपना दे स्वप्न।

सपाट चिकना चौरस बराबर, सम समतल हमवार।

सपुर्द दे सुपुर्द।

सपूत योग्य संतान लायक बेटा सुपुत्र।

सप्त सात।

सप्तम सातवाँ।

सप्तपदी (विवाह में) भँवरी भाँवर।

सप्तशती सतसई।

सप्ताह हफ़्ता।

सप्राण जानदार जीवंत प्राणवान सजीव।

सफ़ क़तार, पंक्ति पाँत लाइन।

सफ़र : घुमक्कड़ी टूरिज्म (ट्रैवल एजेंट) भ्रमण यात्रा सैर सैर सपाटा।

सफल : १ उत्तीर्ण कामयाब पास सफलकाम सफलमनोरथ सफलीभूत सिद्धकाम २ कृतकार्य कृतकृत्य कृतार्थ फलीभूत ३ सार्थक ४ कारगर।

सफलकाम : दे सफल।

सफलता : १ कामयाबी कृतकार्यता साफल्य सिद्धि २ सार्थकता।

सफल मनोरथ : दे सफल।

सफल होना : सफल के पर्यायों में होना जोड़कर अन्य पर्याय बन सकते हैं सेहरा बाँधना सफलता/कामयाबी का सेहरा बाँधना।

सफलीभूत : दे सफल।

सफ़ा : १ पन्ना पृष्ठ पेज वर्क २ साफ़ स्वच्छ।

सफ़ाई : १ निर्मलता स्वच्छता २ पवित्रता शुद्धता ३ (मैल या कूड़ा-करकट) साफ़ करना ४ (दोषारोपण के सिलसिले में) पक्षपोषण प्रतिवाद बचाव ५ स्पष्टीकरण।

सफ़ाचट : एकदम साफ़ स्वच्छ।

सफ़ाया : १ खात्मा समाप्ति २ नाश बर्बाद सत्यानाश।

सफ़ीर : ऐंबेसडर एलची राजदूत।

सफ़ेद : १ कपूरी काफ़ूरी दुग्धधवल धवल धौला बर्राक़ शुभ्र श्वेत सफ़ेद-बर्राक़ सफ़ेद-झुर्राक़ हिमाभ २ बेदाग उजला उज्ज्वल रुपहला ३ गोरा गोरा-चिट्टा गोरा चिट्टा गौरवर्ण गौरवर्णी गौरांग ४ दूधिया ५ साफ़ स्वच्छ।

सफ़ेदी : १ धवलता धुवलता शुभ्रता श्वेतता श्वेतिमा २ बेदागता बेदागपन उज्ज्वलता ३ पुताई।

सब : १ दे संपूर्ण २ नायब (सब जज सब एडिटर)।

सबक़ : १ पाठ २ शिक्षा सीख।

सबब : दे कारण।

सबल : १ ताक़तवर बलवान (दे) बलिष्ठ बली शक्तिशाली समर्थ २ दे प्रबल।

सबूत : दे प्रमाण २ गवाही साक्ष्य।

सबेरा : दे सवेरा।

सब्ज़ १ दे हरा २ कच्चा और ताज़ा।
सब्ज़ी १ तरकारी भाजी साग साग-भाजी २ हरियाली ३ वनस्पति।
सब्बल रम्भा।
सब्र १ दे संतोष २ दे धीरज।
सभा १ संगम गोष्ठी जलसा दरबार (राजदरबार राजसभा) बज़्म बैठक मजलिस महफ़िल मीटिंग विचारगोष्ठी संगोष्ठी समागम २ दे संगठन।
सभागार भवन सभाकक्ष सभागृह सभाभवन हाल।
सभापति अध्यक्ष प्रधान प्रेसिडेंट सदर।
सभापतित्व चेयरमैनशिप सदारत।
सभाभवन दे सभागार।
सभासद दरबारी पारिषद् पार्षद मेंबर, सदस्य।
सभी दे संपूर्ण।
सभ्य तहज़ीबदार, तहज़ीबयाफ़्ता परिष्कृत बातहज़ीब शरीफ़ बाइज़्ज़त शालीन शिष्ट संस्कृत सुशील सुसंस्कृत।
सभ्यता तहज़ीब मसम्मशाहत शराफ़त बाइज़्ज़ती शालीनता शिष्टता शील संस्कृति सज्जनता।
सम १ चौरस हमवार, सपाट २ दे समान।
समकक्ष दे समान।
समकालीन युगीन समकालिक समयुगीन समवर्ती समसामयिक।
समकुलपति प्रोवाइस चांसलर।
समक्ष रूबरू सामने (दे)।
समग्र दे संपूर्ण।
समझ अक्ल दिमाग़ बुद्धि (दे) विवेक सूझ-बूझ।
समझदार दे बुद्धिमान्।
समझना पल्ले पड़ना मन में बैठना समझना-बूझना हृदयंगम कर लेना।
समझाना १ करवाना बताना जताना बताना पढ़ाना-सिखाना बतलाना बताना मन में बैठाना विवेचन/व्याख्या करना समझाना-बुझाना हृदयंगम कराना २ ढाढ़स/धीरज बँधाना सांत्वना देना ३ रज़ामंद/राज़ी करना।
समझौता (pact) अभिसिंधा (उ प्र) पैक्ट प्रतिमान (म प्र)

संधि (म प्र) २ (compromise) कंप्रोमाइज मध्यमार्ग (म प्र) ३ (agreement) अनुबंध (केन्द्र राज्य) एग्रीमेंट क़रार (केन्द्र राज्य वि म प्र) इक़रारनामा (उ प्र) रज़ामंदी (उ प्र) सहमति (बि) ४ इक़रारनामा क़रारनामा राज़ीनामा ५ सुलह सुलह-सफ़ाई ६ (settlement) निपटारा सेटलमेंट।

समतल एकरस चिकना चौरस बराबर, लेवल सपाट, सम सीधा हमवार।

समता १ जोड़ बराबरी मुक़ाबिला २ अनुरूपता अभिन्नता एकरूपता बराबरी सदृशता समतुल्यता समत्व समानता सादृश्य।

समतुल्य दे समान।

समन्वय १ तालमेल संतुलन समरसता समायोजन सामरस्य सुसंगति २ मेल संयोग सम्मेलन सम्मिश्रण।

समन्वित १ तालमेलयुक्त मिला मिलाया हुआ संतुलित समायोजित सामंजस्यपूर्ण/युक्त सुव्यवस्थित सुसंगत २ संयुक्त (दे)।

समय १ वक़्त घड़ी टाइम दिन बख़्त बेला २ वक़्त काल ज़माना युग ३ अवसर मौक़ा ४ अवकाश फ़ुरसत ५ मुहूर्त शुभघड़ी शुभ-मुहूर्त शुभवेला साइत साया ६ अर्सा देर मुद्दत ७ अवधि कालावधि ८ कालचक्र कालपुरुष समयचक्र ९ पहर प्रहर १० अंत अंतिम काल/क्षण/घड़ी/दिन मरण काल/दिन।

समय बिताना कालक्षेप करना कालयापन करना वक़्त/समय गँवाना वक़्त गुज़ारना समय व्यतीत करना।

समयसारिणी टाइमटेबुल।

समयानुसार यथासमय वक़्त के मुताबिक़ समय से।

समर दे लड़ाई।

समरभूमि मैदान-ए-जंग युद्धक्षेत्र युद्धभूमि रणक्षेत्र रणभूमि समरांगण।

समरस १ तालमेलपूर्ण/युक्त संतुलित सम या समायोजित सामंजस्यपूर्ण सामरस्यपूर्ण सुगठन।

समरसता तालमेल संतुलन समन्वय सामंजस्य सामरस्य सुसंगति।

समरांगण दे समरभूमि।

समरूप अनुरूप एकरूप एक-सा बराबर संवादी समान (दे)।

समर्थ १ उपयुक्त औकातवाला योग्य सक्षम २ सशक्त (दे)।

समर्थक १ अनुमोदक पक्षधर पक्षपोषक पृष्ठपोषक पैरोकार समर्थनकर्ता हामी हिमायती २ अनुगामी अनुयायी मतावलम्बी ३ पिछलग्गा पिछलग्गू, पिट्ठू।

समर्थन तस्दीक ताईद पक्षपोषण पुष्टि पृष्ठपोषण पैरवी।

समर्पण १ अभ्यर्पण अर्पण अर्पण करना अर्पित करना समर्पित करना २ देना प्रदान करना सौंपना।

समर्पित अर्पित दत्त प्रदत्त।

समवयस्क जोड़ी-पाड़ी समोरिया समवय हमउम्र।

समवाय १ अवयव-अवयवी संबंध अटूट संबंध गुण-गुणी संबंध घनिष्ठ संबंध २ समूह ३ दे संगठन।

समवेत इकट्ठा, सह (सहगान) संयुक्त साथ-साथ सामूहिक (प्राय स्वर, गान आदि के साथ)।

समवेदना १ समानुभूति हमदर्दी २ गम रंज शोक।

समष्टि लोग व्यक्तिसमूह व्यष्टिसमूह समाज समुदाय।

समसामयिक समकालिक समकालीन समवर्ती।

समस्त दे संपूर्ण।

समस्या उलझन कठिन प्रसंग कठिन स्थिति कठिनाई गुत्थी परेशानी पहेली प्रश्न प्रहेलिका प्राबलम मुश्किल मुश्किलाहट सवाल।

समांतर समानांतर।

समाई १ क्षमता धारिता २ क्षमता सामर्थ्य।

समागम १ (conference) अधिवेशन प्रसभा (म प्र) सत्संग (उ प्र) सभा सम्मेलन २ आगमन आना ३ कामक्रीड़ा केलि प्रसंग भोग मैथुन (दे) रतिक्रीड़ा रमण स्त्रीप्रसंग।

समाचार १ खबर न्यूज़ संवाद (संवाददाता के) २ खुशखबरी शुभ समाचार शुभसूचना ३ खैर खबर, क्षेम-खबर हाल हाल चाल ४ जानकारी सूचना ५ संदेश।

समाचारदाता प्रेस रिपोर्टर, रिपोर्टर वृत्तदाता (correspondent म प्र) संवाददाता।

समाचारपत्र अखबार, न्यूजपेपर, पत्र पत्रिका पेपर।

समाज १ संगठन (दे०) २ सोसाइटी ३ मजमा समुदाय (दे०) समूह (मजमा-समाज—औरतों का समाज) ४ व्यक्ति-समूह, व्यष्टि-समूह, समष्टि।

समाजवाद सोशलिज्म।

समादर दे० आदर दे० सम्मान।

समादरणीय दे० सम्माननीय।

समादृत आदृत इज्जत-आबरू वाला इज्जतदार प्रतिष्ठित मान्य मानित सम्मानित सम्मान्य।

समाधान १ निदान (समस्या का) निराकरण हल २ शंका-समाधान संदेह निवारण ३ उत्तर जवाब ४ दिलासा (दे०) इत्मीनान तसल्ली।

समाधि १ मकबरा २ चित्त-एकाग्रता ध्यान ध्यानावस्था ब्रह्मलीनता मनोयोग चरम योगावस्था।

समान अभिन्न एक-जैसा एक-रूप एकसरीखा एक-सा उपमा (देखिए) की तरह की नाईं की मानिंद टक्कर का तद्रूप तुल्य तुला (तोलतुला पर) बराबर बराबर का मुकाबिले का मिलता-जुलता यकसां सदृश सम समकक्ष समतुल्य समरूप हू-ब-हू।

समानता अनुरूपता अभिन्नता अभेदता एकरूपता तद्रूपता तादात्म्य बराबरी समकक्षता समता समतुल्यता सदृश्यता समरूपता सादृश्य साधर्म्य साम्य।

समानान्तर पैरलल समान्तर।

समानार्थक एकार्थक एकार्थी पर्याय पर्यायवाचक पर्यायवाची समानार्थी।

समापन अंत अवसान खात्मा निःशेष पूर्णता समाप्ति।

समाप्त अंत खतम पूरा हुआ तमाम निष्पन्न परिसमाप्त सर्व खालिस पूरा पूर्ण संपन्न सिद्ध।

समाप्त होना अंत होना अवसान होना निष्पन्न हो जाना परिसमाप्त हो जाना पर्यवसित होना गुजर जाना चुक जाना तमाम होना निःशेष होना खत्म/खात्मा होना पूरा होना पूर्ण होना बीतना व्यतीत होना संपूर्ण होना।

समाप्ति अंत अवसान उपसंहार, खात्मा चुक जाना तमाम होना

मुट्ठी मोटर मोटरी यूथ राशि सम्मेलन समुम संग्रह संचय समवाय समुच्चय ३ (क्रिया आदि का) जमाव जाल ४ (पंक्ति में समूह का भाव) अवली आवलि कतार, पंक्ति माला श्रेणी।

समृद्ध दे धनी।

समृद्धि अमीरी ऋद्धि-सिद्धि एक से इक्कीस होना ऐश्वर्य दिन दूनी रात चौगुनी सम्पत्ति तरक्की धनाढ्यता फलना-फूलना रईसी सम्पन्नता सुसंपन्नता।

समेकित एकत्रित एकीकृत संघटित (राज व प्र) संचित (सभी)।

समेटना १ इकट्ठा/एकत्र/एकत्रित करना बटोरना (वस्तु या अपराध)· २ खत्म/खात्मा/परिसमापन/परिसमाप्त करना ३ सँभाल लेना।

समेत दे साथ।

समैक्य दे एकता।

समौरिया समवयस्क हमउम्र।

सम्मति १ परामर्श मशवरा मत मशविरा राय सलाह २ रजामंदी सहमति ३ अनुज्ञा अनुमति आज्ञा आदेश हुक्म।

सम्मान १ आदर, आदर-सम्मान आबरू इज्जत कद्र गौरव प्रतिष्ठा मान मान-मर्यादा मान-सम्मान श्रद्धा समादर, साख २ आवभगत सत्कार ३ अदब (दे)।

सम्मानक अवैतनिक आनरेरी।

सम्माननीय सम्मान्य दे आदरणीय।

सम्मानित आदृत इज्जतदार, पूजित प्रतिष्ठित समादृत।

सम्मिलित १ एकीकृत मिला हुआ संयुक्त समेकित २ शरीक शामिल ३ समाविष्ट।

सम्मिश्रण घालमेल मिलावट, मिश्रण योग संयोग संश्लेषण।

सम्मुख दे सामने।

सम्मेलन १ आयोजन (दे) उत्सव कान्फ्रेंस बैठक महासभा मीटिंग सभा समागम (दे) समारोह (दे) २ जमघट, जमावड़ा।

सम्मोहक दे आकर्षक।

सम्मोहन दे आकर्षण।

समुच्छिन्न उन्मूलित ध्वस्त नष्ट-विनष्ट फटा हुआ।
समुज्ज्वल कांतियुक्त चमकीला प्रोज्ज्वल।
समुत्थान दे उत्थान।
समुत्सुक अधीर, उत्कंठित उत्सुक (दे) बहुत व्यग्र।
समुदाय दे समूह।
समुद्यत दे उद्यत।
समुद्र अंबुधि अंबुनाथ अंबुनिधि अंबुपति अंबुराशि अंभोनिधि अंभोराशि अब्धि अर्णव उदधि क्षीरधि क्षीरनिधि क्षीर सागर जलधि जलनिधि जलेश जलेश्वर, तोयधि तोयनिधि नदराज नदीकांत नदीश नदीश्वर नीरधि नीरनिधि पयोधि पयोनिधि पाथोधि पारावार बहुरेत्नालय महार्णव महोदधि रत्नगर्भ रत्ननिधि रत्नाकर, वननिधि वरुणालय वारिधि वारिनिधि, वारीश वारीश सरितापति सरितेश समुंदर सलिलेश सागर, सिंधु २ (किसी विषय के ज्ञान या गुण का) बहुत बड़ा आगार/भंडार/राशि।
समुन्नत दे उन्नत।
समुन्नति (progress)—उन्नति (वि म प्र) सुधारकार्य (म प्र)।
समुपस्थित दे उपस्थित।
समुल्लास १ आनंदातिरेक उमंग हर्षातिरेक २ दे आह्लाद।
समूचा दे संपूर्ण।
समूल १ जड़ सहित जड़ से मूल सहित २ कारणसहित सकारण।
समूह १ (आदमियों आदि का) अखाड़ा कमेटी कुल गण गरोह गल्ला गिरोह गुट गुट्ट जत्था जन जमघट जमाव जमायत जमावड़ा जलसा झुंड टोला टुकड़ी टोली ठट दल दस्ता धड़ा निकाय पंक्ति पंगत पलटन पाँत फिरका फ़ौज बरात भीड़ मजमा मजलिस महफ़िल यूथ रेवड़ लोग वर्ग वृंद व्यूह संकुल संगठन संघ संस्था सभा समष्टि समाज समिति समुदाय सेना २ (वस्तुओं आदि का) अंबार, अगार ओघ कोश कोष गंज गट्ठर, गट्ठा गठरी गाहर गड्डी गुच्छा जखीरा जाल झौआ ढेर, ढेरी धाप पिंड पुलिंदा पूला बंडल बखार भंडार मुट्ठा

मुट्ठी मोटर मोटरी पुंज राशि संकलन संकुल संग्रह संचय समवाय समुच्चय ३ (क्रिया आदि का) कलाप आख ४ (पंक्ति में समूह का भाव) अवली आवलि कतार, पंक्ति माला श्रेणी।

समृद्ध दे धनी।

समृद्धि अमीरी ऋद्धि सिद्धि एक से इक्कीस होना ऐश्वर्य दिन दूनी रात चौगुनी उन्नति तरक्की धनाढ्यता फलना-फूलना रईसी सम्पन्नता सुसंपन्नता।

समेकित एकत्रित एकीकृत संघटित (राज त प्र) संचित (सभी)।

समेटना १ इकट्ठा/एकत्र/एकत्रित करना बटोरना (वस्तु या बातादि) २ खत्म/खात्मा/परिसमापन/परिसमाप्त करना ३ सँभाल लेना।

समेत दे साथ।

समैक्य दे एकता।

समौरिया समवयस्क हमउम्र।

सम्मति १ परामर्श मंत्रणा मत मशविरा राय सलाह २ रजामंदी सहमति ३ अनुज्ञा अनुमति आज्ञा आदेश हुक्म।

सम्मान १ आदर आदर-सम्मान आबरू इज्जत क़द्र गौरव प्रतिष्ठा मान मान-मर्यादा मान-सम्मान मंज़ा समादर साख २ आवभगत सत्कार, ३ अदब (दे)।

सम्मानक मर्यादिक आनरेरी।

सम्माननीय सम्मान्य दे आदरणीय।

सम्मानित आदृत इज्जतदार, पूजित प्रतिष्ठित समादृत।

सम्मिलित १ एकीकृत मिला हुआ संयुक्त समेकित २ शरीक शामिल ३ समाविष्ट।

सम्मिश्रण आमेल मिलावट, मिश्रण योग संयोग संश्लेषण।

सम्मुख दे सामने।

सम्मेलन १ आयोजन (दे) उत्सव कान्फ्रेंस बैठक महासभा मीटिंग सभा समागम (दे) समारोह (दे) २ जमघट, जमावड़ा।

सम्मोहक दे आकर्षक।

सम्मोहन दे आकर्षण।

सम्यक् १ अच्छी तरह भली भाँति विधिवत् २ पूर्णतः पूर्णतया संपूर्णतः संपूर्णतया ३ दे. उचित।

सम्राज्ञी महारानी साम्राज्य-स्वामिनी।

सम्राट् चक्रवर्ती नरेश महाराज महाराजाधिराज शाहंशाह सम्राजेश्वर।

सम्हालना देखना भालना देख भाल करना व्यवस्था करना। दे० सँभालना।

सयाना १ बालिग वयस्क २ दे. बुद्धिमान् ३ दे. चालाक ४ दे. धूर्त।

सरंजाम १ तैयारी २ इंतजाम प्रबंध व्यवस्था ३ कार्य-समाप्ति।

सर १ दे. तालाब २ सिर (दे.) ३ चोटी शिखा ४ श्रीमान् (दे.)।

सरअंजाम दे. सरंजाम।

सरकना खिसकना खिसलना रेंगना २ आगे बढ़ना टलना स्थगित होना हटना।

सरकार गवर्नमेंट राज्य राज्य-व्यवस्था शासन शासन प्रबंध शासन व्यवस्था हुकूमत।

सरकारी प्रशासनिक राजकीय शासकीय शासनिक।

सरगना अगुआ नायक (दे.) नेता (दे.) मुखिया मीर, सरदार।

सरगर्मी १ आवेश उत्साह उमंग जोश मुस्तैदी २ उत्साहपूर्ण कार्य-कलाप उमंगभरा क्रिया-कलाप।

सरचार्ज अधिकर अधिभार अधिशुल्क।

सरजमीं १ दे. जमीन २ धरा ३ दे. जागीर।

सरताज किरीट ताज मुकुट (दे.) शिरोमणि सिरताज सिरमौर।

सरदा खरबूजा।

सरदार १ सेनापति २ दे. नायक।

सरदारी प्रभुता नेतागीरी चौधरी।

सरदी दे. सर्दी।

सरनाम दे. प्रसिद्ध।

सरपंच पंचप्रमुख प्रमुख पंच सर्वोच्च पंच।

सरपट तीव्र गति से दौड़ तेज गति से दौड़ती हुई गति से बहुत तेज।

सरप्लस फ़ालतू।

सरमाया १ दे धन २ दे संपत्ति।

सरयू घाघरा सरजू सुरसरसुता।

सरल १ आसान खाला जी का घर/बाड़ा नानी का घर फूलों की सेज बच्चों का खेल बाएँ हाथ का काम/खेल सुकर हँसी-खेल हँसी-ठट्ठा २ सुगम ३ बोधगम्य सुबोध ४ सहज ५ ऋजु, सीधा (सरल रेखा) ६ (व्यक्ति के लिए) निष्कपट, भोला भाला सीधा सीधा-सादा।

सरलचित्त उदार, सज्जन निष्कपट भोला भोला-भाला सरल सहज साधु, सीधा सीधा-सादा।

सरलता १ आसानी सुकरता २ सुगमता ३ सुबोधता ४ सहजता ५ ऋजुता ६ निष्कपटता सादगी सिधाई, सीधापन।

सरलहृदय दे सरलचित्त।

सरस १ जायकेदार, मज़ेदार रसयुक्त रसीला सुस्वादु, स्वादिष्ट २ मधुर, मीठा (जैसे बातें) ३ रसिक सहृदय (व्यक्ति)।

सरसता मिठास रसयुक्तता रसीलापन सुस्वादुता स्वादिष्टता।

सरसब्ज़ गुलज़ार, लहलहाता सब्ज़ हरा हरा-भरा।

सरसरी जल्दी का मोटा साधारण सामान्य (प्राय: दृष्टि जाँच आदि के लिए)।

सरसिज दे कमल।

सरसों तमघ्न कटुकस्नेह करंज कदंबक गृहघ्न तंतुभ तसुम तेलहन विकट भूतघ्न रक्षिताफल राजक्षवक सर्षप।

सरस्वती इडा इरा इला गिरा गी गीर्देवी गो ब्रह्मपुत्री भारती वागीशा वागीश्वरी वाग्देवी वाग्वादिनी वाचा वाङ्मयी वाणी विद्या वीणापाणि वीणावती वीणावादिनी शारदा हंसवाहिनी।

सरहद सीमा सीमांत सीमारेखा।

सराबोर आप्लावित ओत-प्रोत तरबतर, तराबोर परिप्लावित पूर्णत: भीगा/सिक्त प्लावित लथपथ।

सराय मुसाफ़िरख़ाना।

सरासर एकदम क़तई, नितांत निरा निहायत पूरी तरह पूर्णत: बिल्कुल शत प्रतिशत संपूर्णत: सर्वथा सवा सोलह आने

सोलहों आने।

सराहना १ तारीफ़ करना बखानना बड़ाई/प्रशंसा करना २ दे० प्रशंसा।

सराहनीय उत्तम काबिलेतारीफ़ प्रशंसनीय श्लाघनीय श्लाघ्य स्तुत्य।

सरिता दे नदी।

सरीखा दे समान।

सरीसृप १ रेंगनेवाला कीड़ा/जंतु २ दे साँप।

सरीहन् खुले आम खुले तौर पर, सरे आम स्पष्टतः।

सरेबाज़ार खुले आम खुले तौर पर, डंके की चोट पर सरीहन्, सरे आम स्पष्टतः।

सरेश सरेस सहरेस बोर।

सरोकार तमस्सुक ताल्लुक़ मतलब लेना-देना वास्ता संबंध।

सरोज दे० कमल।

सरोरुह दे कमल।

सरोवर दे तालाब।

सर्कल १ मंडल २ वृत्त ३ मित्र-मंडली।

सर्कुलर परिपत्र।

सर्ग १ दे० अध्याय २ दे संसार।

सर्च खोज तलाश।

सर्जन १ छोड़ना फेंकना निकालना विसर्जन २ शल्यकार, शल्य-चिकित्सक ३ जर्राह।

सर्जना निर्माण निर्मिति बनाना रचना सृजन।

सर्जरी चीरा लगाना जर्राही शल्य चिकित्सा।

सर्टिफ़िकेट प्रमाणपत्र।

सर्द ठंडा शीतल।

सर्दा खरबूज़ा।

सर्दी १ जाड़ा शीत शीतलता २ ज़ुकाम सर्दी-ज़ुकाम।

सर्प दे साँप।

सर्पराज नागराज वासुकी वासुकेय।

सर्पिणी साँपिन।

सर्पिल टेढ़ा-मेढ़ा सर्पाकार।

सर्व दे संपूर्ण।

सर्वतः दे सर्वत्र।

सर्वत्र चारों ओर, सब ओर, सब जगह सभी जगह सभी स्थान पर, सर्वतः।

सर्वथा दे बिल्कुल।

सर्वदा अजस्र रूप से अविरल रूप से नित्य नित्यप्रति निशिवासर, रात-दिन लगातार, सतत सदा (दे १ २ ३) सर्व सदैव हमेशा हरवक्त हरसमय।

सर्वनाश दे नाश।

सर्वश्रेष्ठ उत्तम (दे) श्रेष्ठतम सर्वोत्कृष्ट (दे) सर्वोत्तम।

सर्वसाधारण आम लोग/जनता जन-साधारण जनता सभी लोग सर्व सामान्य।

सर्वस्व कुल मालमत्ता संपूर्ण धन-दौलत सब-का-सब सब कुछ सारा का सारा।

सर्वहारा मजदूर, श्रमजीवी श्रमिक मजदूर/श्रमजीवी/श्रमिक वर्ग।

सर्वांगीण चतुर्मुखी सभी दृष्टियों से सर्वतोमुखी सर्वमुखी।

सर्विस नौकरी सेवा।

सर्वे दे सर्वेक्षण।

सर्वेक्षण (survey) क्षेत्रमापन (भ प्र०) परिमाप (वि म प्र) सर्वे भूमाप (वि) भूमापन।

सर्वेश १ चक्रवर्ती राजा महाराजा महाराजाधिराज सम्राट् सर्वेश्वर २ ईश्वर, सर्वेश्वर।

सर्वेश्वर दे सर्वेश।

सर्वेसर्वा कर्ता-धर्ता सब कुछ सर्वशक्तिमान्।

सर्वोच्च प्रवर उच्चतम चरम परम महत्तम वरिष्ठ सर्वोपरि, सुप्रीम।

सर्वोच्चन्यायालय दे उच्चतम न्यायालय सुप्रीमकोर्ट।

सर्वोत्कृष्ट १ उत्कृष्ट उत्तम श्रेष्ठ २ उत्कृष्टतम बेहतरीन श्रेष्ठतम सर्वश्रेष्ठ, सर्वोत्तम सर्वोपरि।

सर्वोत्तम उत्तम श्रेष्ठ, श्रेष्ठतम सर्वश्रेष्ठ, सर्वोत्कृष्ट (दे)।

सर्वोपरि दे सर्वोत्कृष्ट।

सलज्ज झेंपू लज्जालु लज्जाशील शर्मीला संकोचशील संकोची।

सलतनत दे सल्तनत।

सलवट : दे. सिलवट।

सलवार : पायजामा, शलवार।

सलाई : १ अंजनशलाका सुरमचू २ तीली शलाका ३ डिब्बी दियासलाई माचिस।

सलाख : छड़ शलाका सरिया सलाई।

सलाम : आदाब आदाबर्ज आदाबे अर्ज बंदगी दुआ-सलाम सलाम-अलैकुम सलाम-वालैकुम दे. नमस्कार।

सलामत : कुशलपूर्वक खैरियत से जिंदा जीवित सकुशल सुरक्षित।

सलामती : १ कुशल कुशल-क्षेम खैरियत २ तंदुरुस्ती स्वस्थता ३ रक्षा सुरक्षा।

सलामी : १ गार्ड आफ आनर २ तोपों की सलामी ३ नजराना नजरी भेंट।

सलाह : ऐडवाइस परामर्श (दे.) मशवरा मशविरा राय विचार, विचार-विनिमय सम्मति (दे.)।

सलाहकार : परामर्शक (वि.) परामर्श-दाता (प. प्र. वि. म. प्र.) मशवरा-दाता (म. प्र.)।

सलाहियत : काबिलियत क्षमता योग्यता (दे.)।

सलिल : दे. पानी।

सलिला : दे. नदी।

सलीका : १ (अच्छा) ढंग तरीका प्रकार २ तमीज तहजीब तौर तरीका शिष्टता सभ्यता ३ बर्ताव-व्यवहार।

सलीकेमंद : ढंग शऊरदार तौर-तरीके वाला तमीजदार, तहजीबयाफ्ता बाशऊर, शऊरदार, सभ्य सुसंस्कृत।

सलीब : क्रास।

सलीम : गंभीर, विनीत शांत शांतिप्रिय सरल सहनशील।

सलीस : १ मुहावरेदार और चलती (भाषा जैसे सलीस उर्दू सलीस जबान) २ आसान सरल सहज सुगम सुबोध।

सलूक सुलूक : आचरण बर्ताव-व्यवहार।

सलूट : नमस्कार (दे.) प्रणाम सलाम सैल्यूट।

सलूनो, सलोनी : रक्षाबंधन राखड़ी राखी।

सलोना : १ दे. सुंदर २ नमकीन।

सल्तनत : बादशाहत राज्य साम्राज्य हुकूमत।

सवयस्क — दे समवयस्क।

सवर्ण — १ एक रंग वाले समवर्ण २ एक जाति वाले सजातीय समजातीय ३ द्विजाति द्विज, ब्राह्मण-क्षत्रिय-वैश्य।

सवाब — १ पुण्य २ नेकी भलाई।

सवाया — १ सवा सवागुना २ आगे बढ़कर बढ़-चढ़कर।

सवार — १ आरूढ़ चढ़ा हुआ (सिर पर सवार रहते ()) २ अश्वारोही घुड़सवार।

सवारी — १ गाड़ी यान वाहन २ आरूढ़ होना चढ़ना (उस घोड़े पर सवारी मत करना) ३ आने जाने वाला मुसाफ़िर, यात्री ४ जलूस शोभायात्रा।

सवाल — १ दे प्रश्न २ प्वाइंट, बिंदु मुद्दा।

सवाल जवाब — उत्तर-प्रत्युत्तर कहा-सुनी तर्क-वितर्क बहस वाद-विवाद हुज्जत २ झगड़ा तकरार विवाद ३ प्रश्नोत्तर।

सवालिया — प्रश्नवाचक प्रश्नसूचक (सवालिया मुद्रा)।

सविता — दे सूर्य।

सविनय — विनम्रता के साथ विनय के साथ सानुनय सिर झुकाए, हाथ जोड़े।

सवेरा — अरुणोदय उषाकाल अमररम तड़का निशांत प्रत्यूष प्रभात प्रात प्रातःकाल फ़जर बिहान ब्राह्ममुहूर्त भिनसार, भोर, विहान सहर, सकार सुबह सुबह-सवेरा सूर्योदय।

सवेरे — अलस्सुबह तड़के तारों की छाँव में पौ फटते प्रातः ब्राह्म मुहूर्त में मुँह अँधेरे, सकारे, सुबह-सवेरे, सुबह-सुबह।

सशंक सशंकित — १ शंकित २ डरा हुआ त्रस्त भयभीत भयाकुल भयातुर।

सशक्त — दे शक्तिशाली।

सशस्त्र — शस्त्रास्त्रयुक्त हथियारबंद हथियारों से लैस।

सशिरस्नान — ऊपर से नीचे तक पूरा-का-पूरा नख से शिख/सिर तक पूरा का-पूरा सारा-का-सारा सिर-ता-पा।

ससम्मान — बाइज़्ज़त सम्मान सादर।

सस्ता — १ कमक़ीमत कम दाम का सहँगा (कोई नहिं महँगो कोई नहिं सहँगो—मीरा) २ नरम मंदा मद्धम ३ घटिया मामूली साधारण सामान्य।

सस्ती — १ मंदापन सस्तापन २ सस्ताई, सस्तापन ३ मंदापन मंदी।

सस्य अनाज अन्न उपज खेत धान्य फसल शस्य।
सह समेत, सहित साथ साथ-साथ।
सहकार १ सहयोग २ सहयोगाधारित संस्था सहयोगी संस्था ३ आम (दे) रसाल।
सहकारी को-आपरेटिव।
सहचरी १ सखी सहेली साथिन २ दे पत्नी।
सहज १ आसान सरल सुगम २ अनायास स्वतः स्वभावतः ३ कुदरती नैसर्गिक प्रकृत प्राकृतिक स्वाभाविक ४ सामान्य (नार्मल) साधारण।
सहधर्मिणी दे पत्नी।
सहन १ आंगन चौक प्रांगण २ तितिक्षा बरदाश्त बर्दाश्त सहन शीलता सहिष्णुता।
सहनशील क्षमावान् क्षमाशील क्षमतोर, तितिक्षु धैर्यवान्, धैर्यशील सहिष्णु।
सहनशीलता क्षमा क्षमाभाव क्षमावृत्ति तितिक्षा धीरज धृति धैर्य धैर्यशीलता शांति सहिष्णुता।
सहना १ बर्दाश्त करना सहन करना २ उठाना झेलना भोगना ३ जाने देना दरगुजर करना माफ करना ४ निभाना।
सहनीय काबिले बर्दाश्त गवारा सह्य।
सहमत रजामंद राजी।
सहमति करार रजामंदी सुलह।
सहमना १ डरना (दे) २ घबराना (दे)।
सहयोग १ मदद सहायता हाथ बंटाना २ परस्पर सहयोग परस्पर सहायता सहकारिता।
सहयोगी १ मददगार, सहायक २ साथ-साथ काम करनेवाला सहकर्ता ३ समकालीन ४ दे साथी।
सहवास १ दे संग २ दे मैथुन।
सहसा अकस्मात् अचानक (दे) एकदम एक-ब-एक यकबारगी यकायक हठात्।
सहस्र हजार।
सहानुभूति समवेदना हमदर्दी।
सहायक १ दायाँ हाथ मददगार, सहयोगी २ सहचारी (सहायक

(क्रिया) ३ असिस्टैंट उप डिप्टी नायब सब।

सहायता १ इमदाद मदद सहयोग सहारा साथ देना हाथ बटाना हेल्प २ एड ३ अनुदान ग्रांट ४ राहत ५ समर्थन।

सहायता प्राप्त (aided) इमदादी (बि) साहाय्यित (म प्र)।

सहायिकी (aid) सहायता (राज)।

सहारा १ अवलंब आड़ आलंब आश्रय आसरा ओट टेक प्रश्रय भरोसा २ इमदाद मदद सहायता ३ आधार ४ संबल ५ बल।

सहित दे साथ।

सहिष्णु दे सहनशील।

सहिष्णुता दे सहनशीलता।

सही १ ठीक शुद्ध २ तथ्य यथार्थ (दे) सच सत्य ३ दे उचित ४ दस्तखत हस्ताक्षर।

सही प्रतिलिपि (verified copy) शुद्ध प्रतिलिपि (उ प्र) शुद्ध प्रति (ज प्र वि) सच्ची प्रति (म प्र) सच्ची प्रतिलिपि (बि) सत्यप्रतिलिपि (म प्र) सही प्रति (बि)।

सही-सलामत चुस्त-दुरुस्त ठीक-ठाक भली-भांति सुरक्षित सकुशल।

सहूलियत आसानी सुविधा (दे)।

सहृदय १ काव्यमर्मज्ञ काव्यरसिक रसमर्मज्ञ रसिक संवेदनशील साहित्य-मर्मज्ञ साहित्यरसिक २ उदार, कृपालु दयामय दयालु दयाशील।

सहृदयता १ काव्यमर्मज्ञता काव्यरसिकता रसमर्मज्ञता रसिकता संवेदनशीलता साहित्य-मर्मज्ञता साहित्य-रसिकता २ अनुकंपा उदारता कृपा दया।

सहेजना (भली-भांति) जांच-परख कर लेना देख-भाल लेना संभालना दिखा-सुनाकर देना सुपुर्द करना सौंपना।

सहेली सखिनी सखी (दे)।

सहोदर १ (सं) दे भाई २ (वि) सगा अपना खास सगा।

सहोदरा दे बहिन।

सह्य कार्यनिर्वाहोचित बर्दाश्त करने लायक सहनेयोग्य।

साईं १ मालिक स्वामी (दे) २ ईश्वर (दे) ३ फ़कीर।

सांकल जंजीर, शृंखला सिक्कड़।

सांकेतिक १ टोकेन नाममात्र की संकेतरूप की २ प्रतीकात्मक ३ द्योतक बोधक सूचक।

सांख्यिकी स्टैटिस्टिक्स।

सांख्यिकीय (statistical) १ आँकड़ा-विषयक आँकड़ा-संबंधी (स॰ प्र॰ म॰ प्र॰) आंकिक सांख्यिक (उ॰ प्र॰)।

सांग बर्छी भाला बल्लम।

सांगोपांग अथ से इति तक आद्यंत पूरा पूर्ण संपूर्ण सभी अंगों-उपांगों सहित सभी शाखाओं प्रशाखाओं सहित सम्यक् सर्वांगीण।

सांघातिक घातक जान लेवा प्राण लेवा प्राणांतक।

सांचा १ डाई फरमा फर्मा २ पैटर्न ३ छापा ठप्पा।

सांझ दे॰ संध्या।

सांठ-गांठ १ मेल मिलाप २ गुप्त-संधि दुरभि-संधि षड्यंत्र-संधि साजिश।

सांड अनुड्वान् पुंगव बलीवर्द वृष वृषभ सांड ('सांड-मुसंड' में) सांड।

सांडनी १ ऊँटनी मादा ऊँट २ तीव्रगामी ऊँटनी।

सांत्वना आश्वासन ढाढ़स तसल्ली दिलासा संतोष सब्र।

सांद्र १ चिकना स्निग्ध २ गाढ़ा घना ठस ३ अतिशय अत्यधिक प्रचंड ४ कोमल प्रिय सुन्दर।

सांध्य दे॰ संध्या।

सांप अग भुजग, अहि उरग कुंडली चक्षुश्रवा दंदशूक द्विजिह्व नाग पन्नग पवनाश फणधर फणिक फणी भुजंग भुजंगम भुजग भोगी मणिधर, मणी विषधर व्याल सरीसृप सर्प हरि।

सांपिन नागिन नागिन भुजंगिनी भुजंगी सर्पिणी।

सांप्रतिक १ आधुनिक इस समय का तात्कालिक २ उपयुक्त ठीक।

सांप्रदायिक १ धर्मविषयक संप्रदायविषयक २ फिरकेवाराना ३ दे॰ संप्रदायवादी।

सांवला असित (दे॰) काला कृष्णवर्ण कृष्णवर्णी सांवर नीलवर्णी पक्के रंग का पक्की जात का मिश्रवर्णी श्याम श्यामल श्यामवर्ण सँवराह सांवर।

सांवलापन कालापन श्यामता श्यामलता।

सांबा जेष्ठाग्नि भयानक भयानक सभा।
साँस १ दम श्वास २ अवकाश फुर्सत ३ क्षमा।
साँसत झंझट तकलीफ, दिक्कत परेशानी फजीहत बखेड़ा।
सांसारिक इहलौकिक ऐहिक दुनियावी भवसंभव भौतिक लौकिक।
सांस्कृतिक कल्चरल संस्कृति का/विषयक/संबंधी।
सा तुल्य बराबर, वत् सदृश समान।
साइंस विज्ञान।
साइकल पैरगाड़ी बाइक बाइसिकिल साइकिल।
साइज १ आकार, कद संधान २ लंबाई चौड़ाई।
साइड १ तरफ पक्ष बगल पार्श्व २ तरफदारी पक्ष।
साइत १ महूरत मुहूर्त शुभ घड़ी शुभलग्न २ घड़ी पल लमहा लहमा।
साइन १ अभिज्ञान चिह्न संकेत सही हस्ताक्षर।
साईं दे साँई।
साई पेशगी बयाना।
साईनबोर्ड १ नामतख्ती नामपट्ट नामबोर्ड नेमबोर्ड २ दुकानबोर्ड ३ व्यवसायबोर्ड।
साईस अश्वपाल रकाबदार सईस।
साका १ शाका संवत् सन् २ कीर्ति ख्याति नाम प्रसिद्धि यश।
साकार १ आकारवान् मूर्त २ मूर्तिमान् साक्षात् ३ स्थूल ४ सगुण।
साकिन (अ) निवासी (फा) रहने वाला।
साकी १ मधुबाला शराब पिलानेवाली साकीबाला २ माशूका।
साकेत अयोध्या अयोध्यापुरी कोशलपुरी।
साक्षात् १ आँखों के आगे प्रत्यक्ष समक्ष सामने २ मूर्त साकार।
साक्षात्कार १ (interview) अंतर्दर्शन इंटरव्यू, दर्शन भेंट मिलन मुलाकात समक्षभेंट (म प्र) साक्ष्य परीक्षा (उ प्र) २ प्रश्नोत्तर, बातचीत भेंटवार्ता (रेडियो आदि में)।
साक्षी १ गवाह चश्मदीद गवाह २ गवाही शहादत।
साक्ष्य १ गवाही शहादत २ प्रमाण सबूत।
साक्ष्यांकन करना दे अनुप्रमाणन करना।
साख १ क्रेडिट पुरविस प्रत्यय (वि म प्र) विश्वसनीयता

विश्वास (म० प्र०) २ (लेन-देन की) प्रामाणिकता ३ ख्याति नाम प्रसिद्धि ४ सम्मान (दे०)।

साख-पत्र (credit-note) प्रत्यय-पत्र (उ० प्र०) उधारपत्र (बि०)।

साखी १ दोहरा दोहा सोरठा २ गवाह साक्षी।

साखू शाल वृक्ष साल वृक्ष सखुआ।

साग तरकारी भाजी शाक सब्जी (दे०) साग भाजी साग सब्जी।

सागर १ दे० समुद्र २ कंडाल गंगाल।

सागवान टीक सागौन।

साज ठाट-बाट सजावट, साज-बाज साज-सज्जा साजो-सामान दे० ठाट।

साज १ बाजा वाद्य वाद्ययंत्र २ उपकरण सामान (घोड़े का साज) ३ बनानेवाला (जिल्दसाज जीनसाज)।

साजन दे० प्रेमी।

साजिंदा समाजी सरपरदाई साज/बाजा बजानेवाला (सामाजिक)।

साजिश दे० षड्यंत्र।

साझा १ पत्ती पार्टनरशिप अंशपत्र शेयर, सहभागिता साझेदारी हिस्सेदारी २ अंश बाँट, भाग विरक्त हिस्सा ३ दे० इकट्ठा।

साझी दे० साझेदार।

साझेदार पट्टीदार, पत्तीदार, भागी भागीदार, शरीक शिरकती सह भागी साझी हिस्सेदार।

साझेदारी पत्तीदारी भागीदारी सहभागिता साझी हिस्सेदारी।

साठ-गाँठ गुप-चुप गठजोड़।

साठा षष्टिवर्षी साठसाला।

साठी भदई।

साड़ी एकलाई धोती शाटिका सारी।

साढ़ी बालाई मलाई।

साढ़े अर्धसहित सार्ध।

सात सप्त।

सातत्य अविच्छिन्नता निरंतरता नैरंतर्य लगातारता सततता।

सातवाँ सप्तम।

सात्विक नेक सतोगुणी सदाचारी सद्गुणी।

साथ १ संग संगति संग-साथ चोली-दामन का साथ नीर-क्षीर का साथ सहवास साहचर्य सोहबत २ संपर्क संसर्ग ३ स (सकुशल सप्रमाण) सह (सहभागी सहयोग) सहित ४ समेत ५ हमराह।

साथ देना १ (गायन आदि के साथ म) तबला आदि बजाना २ कंधे से कंधा मिलाना संग देना सहायता करना/देना हाथ बँटाना ३ आवाज़ में आवाज़/सुर में सुर/स्वर में स्वर/हाँ में हाँ मिलाना पूरा समर्थन करना।

साथी १ संघाती संगी संगी-साथी सखा सहचर, सहगामी सहयोगी साथी-संगी हमजोली हमदम हमराही हमसफ़र २ दोस्त मित्र (दे) सुहृद् ३ जोड़ी-वाली हमकदम।

सादगी सरलता सादापन सिधाई सीधापन।

सादर आदरपूर्वक बाअदब बाइज़्ज़त ससम्मान, सम्मानपूर्वक सश्रद्ध।

सादा १ निष्कपट सरल सीधा सीधा-सादा २ अनलंकृत ३ खालिस शुद्ध ४ कोरा खाली (कागज़) ५ साफ़ स्वच्छ।

सादृश्य १ एकरूपता सदृशता समानता २ तुलना बराबरी।

साध अभिलाषा इच्छा (दे) कामना ख्वाहिश मनोकामना।

साधक १ तपस्वी तापस योगी साधना करनेवाला २ जरिया वसीला ३ करण।

साधन उपाय जरिया युक्ति संसाधन हिकमत।

साधना १ (सं) तप तपस्या योग यौगिक साधना २ (क्रि) (काम) अंजाम देना (कार्य) पूरा/पूर्ण/सिद्ध करना ३ पालतू बनाना ४ निशाना/लक्ष्य साधना संधान करना ५ अभ्यास करना आदत डालना।

साधर्म्य एकधर्मता धर्मसादृश्य समधर्मत्व समानता।

साधारण अगण्य अदना, आम निर्विशिष्ट, मामूली सामान्य सामान्य स्तरीय सार्वजनिक २ औसत ऐवरेज सामान्य ३ आसान सरल सहज सहल सुकर ४ व्यापक।

साधारणतः आमतौर पर, बहुधा प्रायः, मामूली तौर पर, सामान्यतः

३ साहित्य रसिक कला प्रेमक नाट्यदर्शक।

सामान १ दे. सामग्री २ सनेस ३ असबाब लवाज़िमात साजो सामान।

सामान्य १ मामूल प्रकृत बदस्तूर, मामूली मोटा-मोटी साधारण (दे.)।

सामान्यतः प्रायः, मामूली तौर पर, मोटे तौर पर मोटा-मोटी साधारणतः, साधारणतया सामान्यतया।

सामान्या दे. रंडी।

सामिष मांसाहारी (भोजन)।

सामीप्य निकटता नैकट्य समीपता।

सामूहिक पंचायती सामुदायिक।

साम्य एकरूपता तुल्यता बराबरी सदृशता समता समानता।

साम्यवाद कम्युनिज़्म।

साम्यवादी कम्युनिस्ट।

साम्राज्य आधिपत्य बादशाहियत बादशाही राज्य सल्तनत सार्वभौम सत्ता।

साम्राज्यवाद इंपीरियलिज़्म साम्राज्यतंत्र साम्राज्यशाही।

साम्राज्ञी महारानी रानी।

सायं गोधूलि दिनांत दिवसावसान प्रदोषकाल रजनीमुख शाम संध्या (दे.) सांझ सायंकाल सूर्यास्त।

साया पेटिकोट।

सारंग १ दे. हिरन २ विष्णुधनु, विष्णुधनुष।

सार १ निष्कृष्ट, खुलासा संक्षेप २ मूलतत्त्व सारतत्त्व सारभूत सारसंक्षेप सारांश ३ अभिप्राय तात्पर्य निष्कर्ष मतलब ४ अर्क निचोड़ मुख्ये-मुख्य सत्व ५ लोहा (मुई खाल की साँस सों सार भसम हो जाय)।

सारगर्भित गंभीर, तत्त्वयुक्त तत्त्वपूर्ण तात्त्विक सारभूत सार्थक।

सारणी टेबुल सारिणी सूची।

सारथी रथचालक रथवान्, रथी सूत।

साररहित असार खोखला थोथा निस्तत्त्व निस्सार, सारहीन।

सारल्य दे. सरलता।

सारांश दे. सार १ २ निचोड़ भावार्थ।

सारा दे संपूर्ण।

सारिका मैना शारिका।

सारिणी दे सारणी।

सार्थक १ अर्थगर्भित अर्थपूर्ण अर्थयुक्त अर्थसहित सार्थ २ महत्त्वपूर्ण ३ कृतकार्य कृतकृत्य कृतार्थ ४ कामयाब कारगर सफल सफलीभूत।

सार्थ अर्थयुक्त साड़।

सार्वकालिक चिरंतन नित्य शाश्वत सर्वकालीन।

सार्वजनिक आम पब्लिक राजकीय (वि म प्र) लोकविदित (वि) शासकीय (वि म प्र) सब का सर्वसाधारण का/विषयक/संबंधी सार्वजनीन सार्वजन्य भौमिक सार्वभौम सार्वलौकिक।

सार्वजनीन दे सार्वजनिक।

सार्वत्रिक विश्वजनीन विश्वव्यापी सर्वव्यापी सर्वव्यापारी सार्वभौम सार्वभौमिक।

सार्वदेशिक विश्वजनीन विश्वव्यापी सभी देशों का सर्वदेशीय सार्वभौम सार्वभौमिक।

सार्वभौम दे सार्वजनिक दे सार्वदेशिक।

साल १ दे वर्ष २ शाल वृक्ष ३ दे दर्द।

सालगिरह जन्मदिन जन्मदिवस वर्षगाँठ।

सालन १ तरकारी भाजी सब्जी २ निरामिष या सामिष सब्जी।

सालना चमकना चुभना टीस मारना टीसना दर्द करना दुख देना दुखना।

साला (पत्नी का भाई) स्यालक सिर्पंदर।

सालाना वार्षिक सालियाना।

सालिम अखंडित पूरा पूर्ण संपूर्ण (दे) साबुत।

सालियाना वार्षिक सालाना।

साली (पत्नी की बहिन) सह भाइन।

सावधान खबरदार, चैतन्य चौकन्ना चौकस जाग्रत जागरूक सचेत सजग सतर्क सुचेत होशियार।

सावधान करना आगाह करना उद्बुद्ध करना खबरदार करना चेताना चेतावनी देना चैतन्य करना चौकन्ना/चौकस करना जगाना

सिंघारा।

सिंचाई आबपाशी सिंचन।

सिंदूर १ अरुणपराग नागज नागरक्त रक्तचूर्ण शोहाग सौभाग्य सौभाग्यचिह्न।

सिंदूरिया सिंदूरी सिंदूर के रंग का। दे० लाल।

सिंधु १ दे० समुद्र २ सिंधु नदी।

सिंधुर दे० हाथी।

सिंह १ केशरी केसरी केहरी नाहर, पंचानन पंचास्य मृगराज मृगराट्, मृगेन्द्र वनराज शार्दूल शेर शेर-बबर २ बाघ व्याघ्र।

सिंहद्वार मुख्य फाटक मेन गेट, सदर फाटक।

सिंहनाद १ सिंहगर्जन सिंहगर्जना २ (युद्ध) ललकार।

सिंहनी १ शेरनी २ बाघिन।

सिंहवाहिनी दे० दुर्गा।

सिंहावलोकन सिंहमदृष्टि (वि०) सिंहमावलोकन सिंहावलोकन सरसरी दृष्टि से देखना।

सिंहासन तख्त राजगद्दी राजासन नृपासन।

सिंहिनी शेरनी।

सिकड़ी १ छोटी सांकल २ चेन जंजीर (जेवर)।

सिकता बालुका बालू मरु रेत।

सिकत्तर दीवान मंत्री वज़ीर, सचिव सेक्रेटरी।

सिकहर छींका।

सिकुड़न १ झुर्री बल शिकन सिलवट २ आकुंचन सिकुड़ना।

सिकुड़ना १ आकुंचित होना सकुचना संकुचित होना सिमटना २ झुर्री/बल/शिकन/सिलवट पड़ना।

सिक्कड़ (बड़ी मोटी) जंजीर सांकल।

सिक्का १ (पैसा अधन्ना दुअन्नी चवन्नी अठन्नी रुपया दो रुपया आदि मुद्रा जो टकसाल में ढली) धातुमुद्रा २ मोहर ३ आतंक प्रभुत्व बोलबाला रोब धाक।

सिकन बल वट, बल सीवन।

सिक्योरिटी १ सुरक्षण (न प्र) सुरक्षा (प्राय सभी) २ जमानत

(उ प्र० बि म प्र) प्रतिभूति (केंद्रादि सभी) ३ ऋण पत्र ऋणाधार (बि) ४ जमानतपत्र प्रतिभूतिपत्र।

सिगनल चिह्न संकेत।

सिजदा दंडवत प्रणाम साष्टांग प्रणाम।

सिटकिनी अगरी अर्गला चटकनी चटखनी।

सिटपिटाना किंकर्तव्यविमूढ़ हो जाना घबरा जाना सहम जाना सिटपिटा जाना।

सिटी नगर शहर (दे)।

सिड़ उन्माद खब्त धुन पागलपन बावलापन सनक।

सिड़ी उन्मत्त उन्मादी खब्ती धुनवाला पागल बावला सनकी।

सित १ दे श्वेत (दे) सफ़ेद (दे) २ उज्ज्वल चमकीला।

सितम अत्याचार अन्याय उत्पीड़न ग़ज़ब ज़ुल्म जोर-ज़ुल्म।

सितमगर अत्याचारी अन्यायी ज़ालिम ज़ुल्मी।

सितांशु दे चंद्रमा।

सितारा १ उडुगण तारक तारा नक्षत्र नखत २ क़िस्मत तक़दीर, नसीब प्रारब्ध भाग्य।

सिद्ध १ निरूपित प्रमाणित साबित साबित किया हुआ २ उबाला हुआ पकाया हुआ पक्व ३ पूर्ण संपन्न संपादित ४ कृत कार्य सफल ५ तपस्वी तपोपूत महात्मा (दे) योगी संत।

सिद्धहस्त कमाल का कुशल दक्ष निपुण निष्णात पारंगत प्रवीण माहिर, सिद्ध विशेषज्ञ।

सिद्धांत आइडियोलॉजी उपपत्ति उसूल थियरी थ्योरी धारणा नियम मत वाद सुनिश्चित मत सूत्र।

सिद्धार्थ दे बुद्ध।

सिद्धि १ कामयाबी कृतकार्यता सफलता २ प्रमाणित/साबित होना ३ अलौकिक प्राप्ति यौगिक प्राप्ति ४ अलौकिक शक्ति ५ [illegible] कुशलता निपुणता प्रवीणता महारत विशेषता।

सिधाई भोलापन सरलता सहजता साधुता सारल्य सीधापन।

सिधारना १ गमन करना जाना प्रस्थान करना २ देहांत होना अल्लाह को प्यारा होना पंचत्व को प्राप्त होना मरना (दे)

मरहूम होना मृत्यु को प्राप्त होना स्वर्ग सिधारना स्वर्गवास होना।

सिनकना छिनकना।

सिनेमा चलचित्र चित्रपट तस्वीर फिल्म मूवी।

सिपाही कांस्टेबल पुलिस।

सिपुर्द दे सुपुर्द।

सिफर जीरो शून्य सुन्ना।

सिफारिश अनुशंसा वास्ता रिकमेंडेशन संस्तुति।

सिफारिशी मरजी।

सियापा १ मातम मुर्दनी २ मातमी रोना-धोना मातमी रोना पीटना।

सियार १ गीदड़ जम्बुक शृगाल २ कायर डरपोक भीरु ३ धूर्त (दे) मक्कार (दे)।

सियासत दे राजनीति।

सियासी राजनीतिक राजनैतिक।

सियाह दे० स्याह।

सियाही दे स्याही।

सिर १ उत्तमांग कपार कपाल खोपड़ी माथा मुंड मूँड मौलि शिर, शीश सर २ चोटी सिरा ३ प्रधान प्रमुख बड़ा श्रेष्ठ, सरताज सिरताज।

सिरताज १ किरीट मुकुट (दे) शिरोमणि सरताज २ सरदार (दे)।

सिरमौर १ किरीट मुकुट (दे) शिरोभूषण नायक नेता प्रधान व्यक्ति मुखिया मुख्य व्यक्ति सरदार (दे)।

सिरस शिरीष सिरीष स्वर्णपुष्पक।

सिरहाना दे तकिया।

सिरा १ अनी नोक प्वाइंट २ किनारा छोर।

सिरिंज टीका पिचकारी सुई सूई।

सिरीज : क्रम माला शृंखला सिलसिला।

सिर्फ १ केवल महज मात्र २ कम।

सिल १ चट्टान पत्थर (दे) शिला २ पटिया (पीसने का) लोढ़ा सिलोटा सिलौटी।

सिलवट १ शिकन सिकुड़न २ झुर्री।

सिलसिला १ क्रम २ परंपरा परिपाटी शृंखला ३ इंतजाम तरतीब प्रबंध व्यवस्था।

सिलसिलेवार क्रमशः क्रमानुसार क्रमिक रूप से तरतीबवार, व्यवस्थित रूप से।

सिलह दे० हथियार।

सिलहखाना अस्त्रागार, शस्त्रागार, हथियारखाना।

सिलिंडर बेलन।

सिलौटा बड़ा सिल।

सिलौटी छोटा सिल।

सिल्क १ रेशम २ रेशमी कपड़ा।

सिल्ली १ (चौकोर) खंड (बर्फ की सिल्ली) स्लैब २ काष्ठखंड स्लैब ३ सान (धार तेज करने का पत्थर)।

सिवइयाँ, सिवईं, सिवैं सिवैंयाँ।

सिवा अतिरिक्त अलावा छोड़कर बाद करके, सिवाय।

सिवान बाउंड्री लिमिट सीमांत सीमा हद।

सिवाला १ शिवालय शिवमंदिर २ मंदिर (दे०)।

सिविल असैनिक नागरिक।

सिविल वार गृहयुद्ध।

सिविल सर्विस असैनिक तथा नागरिक सेवा।

सिवैंयाँ दे० सिवइयाँ।

सिसकना रोना (दे०) सिसकते हुए रोना सिसकी ले-लेकर रोना।

सिहरन : रोमांच सिहरी।

सिहरना १ कांपना (दे) २ डरना (दे०) ठिठुरना।

सींक १ तिनका तीली पतला डंठल सलाई।

सींकचा १ (लोहे की) छड़ सरिया २ पिंजड़ा सीखचा ३ जेल (दे)।

सींकिया दुबला-पतला (सींकिया पहलवान)।

सींग विषाण शृंग।

सींचना आबपाशी करना पानी देना सिंचाई करना।

सी आई डी १ खुफिया विभाग २ गुप्तचर, भेदिया।

सीकर दे० बूंद।
सीक्रेट गुप्त बात भेद रहस्य।
सीख १ उपदेश नसीहत शिक्षा २ परामर्श, मंत्रणा सलाह।
सीजन ऋतु।
सीजफायर युद्धविराम।
सीट आसन जगह बैठक स्थान।
सीटना गर्वोक्ति करना शेखी हाँकना डींग मारना/हाँकना बढ़-बढ़कर बातें करना शेखी बघारना/मारना।
सीटी बिगुल हार्न।
सीठा नीरस फीका बेजायका बेमजा।
सीढ़ी जीना नसैनी पैड़ी सोपान।
सीता १ अवनिजा जनककुमारी जनकनंदिनी जनकसुती जनकसुता जनकात्मजा जानकी धरणीसुता धरात्मजा भूतनया भूपुत्री भूमिजा भूमिसम्भवा भूमिसुता भूसुता मिथिलेशकुमारी मैथिली रामप्रिया विदेहकुमारी विदेहसुता वैदेही २ हूंड हराई, हुलाई।
सीताफल १ कद्दू, काशीफल कुम्हड़ा कुष्मांड कोहड़ा पेठा २ शरीफा।
सीत्कार सिसकारी।
सीध १ निशाना मार, लक्ष्य २ सीधी रेखा।
सीधा १ गुदामियां की गाय गऊ नाम की भोला भोला-भाला सज्जन सरल सरलचित्त सरलहृदय साधु सीधा-सादा २ आसान सरल सहज सुकर सुगम ३ बेगुनाह ४ अपरोक्ष प्रत्यक्ष ५ ऋजु सरल ६ अपक्व अन्न।
सीधापन सिधाई भोलापन सरलता सहृदयता साधुता सारल्य।
सीधे १ बिना कहीं मुड़े सामने २ बिना लाग-लपेट के स्पष्टतः (सीधे कह देना) ३ बिना विरोध के शराफत से शांति से।
सीन सीनरी दृश्य परिदृश्य मंजर।
सीना १ आगा उरस उर उरस्थल कोड़ छाती वक्ष वक्षस्थल हिय हियरा हिया हृदय २ कच्चा करना गूथना टाँकना तुरपना बखिया करना मिलाना सिलाई करना।
सीप शुक्ति सिपही सितुही सीपी।

सीपी शुक्ति सितुही सितुही सीप।

सीमंत माँग।

सीमांत सरहद सीमा हद।

सीमा १ सरहद सीमांत सीमारेखा २ मर्यादा ३ अति इंतहा चरम पराकाष्ठा लिमिट हद हद्द ४ अंत छोर।

सीमाशुल्क आयात-निर्यात कर, चुंगी।

सीमित १ परिमित परिसीमित २ मर्यादित ३ कम थोड़ा।

सीरत गुण प्रकृति मिजाज मूलप्रकृति सहजवृत्ति स्वभाव।

सीरा १ पतला हलवा शीरा २ चाशनी।

सील १ छाप मुद्रा मुहर, मोहर, २ आर्द्रता तरी नमी सीड़ सीलन।

सीलन दे सील २।

सीला आर्द्र गीला तर, नम सीलनभरा।

सीवन सिलाई, सीयन।

सी-सी सिसकारी सीत्कार सीसी।

सुंघनी नसवार, नस्य हुलास।

सुंदर १ अच्छा(दे) अच्छा-खासा अनुपम अनुपमेय अनूठा अनूप अनोखा अभिराम अभिरूप अलबेला अवलोकनीय आकर्षक आलीशान उत्तम उमदा कमनीय कलित कांत कांतिमान्, काम्य खासा खुशनुमा खूबसूरत चंगा चारु चित्ताकर्षक चोखा छबीला (छबीली) तरहदार दर्शनीय दिलकश दिल-चस्प दिव्य नुमायमान नवेला नफ़ीस नमकीन नयनाभि-राम प्यारा प्रशस्य प्रिय प्रियदर्शन प्रियदर्शी फबीला फ़ैंसी बाँका भव्य मंजु मंजुल मंडु मनभावन मनमोहन मनहर, मनहरण मनहार, मनहारी मनोज्ञ मनोभिराम मनोरम मनोहर, मनोहारी मोहक मोहनी रंगीला रमणीक रमणीय रम्य रुचिर, रूपमय रूपवंत रूपवती रूपवान् रूपसी रूपा ललाम ललित लसित लसीला लोना लोभनीय शानदार, शुभदर्शन शोभन शोभनीय शोभान्वित शोभायमान शोभित श्रीयुक्त श्रीयुत सजीला सरस सलोना सुंदर, सुगठित सुघड़, सुघटित सुघर सुचर, सुचार सुडौल सुढर, सुठार, सुदर्शन सुदेह, सुभग (सुभगा) सुरूप (सुरूपा) सुललित

सुवेश सुवेषित सुशोभन सुष्ठु, सुश्री सुहाना सुहावना सोहिमाना सौम्य सौम्यदर्शन सौम्यवर्ती स्वरूपवान्, हसीन हृदयदर्शी हृदयग्राही हृदयहारी २ असाधारण।

सुंदरता अच्छाई अनुपमेयता अनूठापन अभिरामता अलबेलापन आकर्षण आब कमनीयता कांति खूबसूरती चारुता छटा छवि दीप्ति नफ़ासत बाँकपन भव्यता मंजुता मंजुलता मधुरिमा मनोज्ञता मनोरमता मनोहरता मनोहारिता माधुरी माधुर्य मोहकता रंगीलापन रमणीयता रम्यता रुचिरता रूप रौनक ललामता लालित्य लावण्य लुनाई शोभा श्री सजीलापन सजधज सलोनापन सुरम्यता सुषमा सुडौल-पन सुहानापन सुहावनापन सौंदर्य सौम्यता सौष्ठव हुस्न हृदयग्राहिता।

सुंदरी अप्सरा अलबेली इंद्रलोक की परी गोरी गोरांगी चंद्रमुखी चाँद का टुकड़ा चौदहवीं का चाँद छबीली नाज़नीन प्रियदर्शिनी परी मीनाक्षी मृगनयनी रति रमणी रूपमती रूपसी विधुवदनी शोभना सुदर्शना सुनयना सुभगा सुमुखी सुलोचना हसीना हूर।

सुअर दंतायुध वाराह सूकर सूअर सुवर सूवर।

सुआ दे० सूआ।

सुई सूची।

सुकर आसान सरल सहज साधारण सीधा सुसाध्य।

सुकरता आसानी सरलता सहजता सुसाध्यता।

सुकर्म दे० पुण्य।

सुकर्मी शुभकर्मी सत्कर्मी सत्पुरुषी सदाचारी धर्मशील धर्मात्मा, धार्मिक।

सुकुमार दे० कोमल।

सुकुमारता दे० कोमलता।

सुकुमारी कोमलांगी मृदुलांगी।

सुकून अमन चैन आराम सुख-शांति शांति।

सुकृत उत्तम कार्य धर्म-कर्म धर्मकार्य पुण्य पुण्यकार्य सत्कर्म सुकर्म।

सुकृती धार्मिक पुण्यवान्, सत्कर्मी सुकर्मी।

सुखंडी १ कृशता क्षीणता दुर्बलता २ सूखा रोग।
सुख १ अमन-चैन आनंद आराम चैन सुख-चैन सुख-शांति २ खुशी प्रसन्नता हर्ष।
सुखकारी दे सुखद।
सुखद १ आनंददाता आनंददायी आरामदायक सुखकर सुखकारी सुखदायक सुखदाता सुखदा सुखदायी सुखदायिनी सुखप्रद २ सुखपूर्ण सुखमय।
सुखदाता दे सुखद।
सुखदायक दे सुखद।
सुखन कविता काव्य शायरी।
सुखप्रद दे सुखद।
सुखांत कामदी।
सुखिया दे सुखी।
सुखी अमन-चैन में आनंद में आनंदित खुश खुशहाल प्रफुल्ल प्रफुल्लित प्रमुदित प्रसन्न प्रसन्नचित्त राजी-खुशी सुख-चैन मे सुख-शांति में सुखिया।
सुख्याति कीर्ति (दे) ख्याति नामवरी प्रसिद्धि बड़ाई, यश शोहरत।
सुगंध खुशबू सुरभि सुवास सौरभ।
सुगंधित खुशबूदार, सुगंधयुक्त सुरभिमय सुवासयुक्त।
सुगठित १ चुस्त-दुरुस्त सुघटित हट्टा-कट्टा हृष्ट-पुष्ट २ व्यवस्थित सुव्यवस्थित।
सुगति दे मोक्ष।
सुगम १ दे सरल २ गम्य।
सुगमता दे सरलता।
सुग्गा दे तोता।
सुग्गी तोती मुग्गी।
सुग्रीव ताराधिप ताराधीश तारानाथ तारापति दिनेशात्मज रवितनय रविनंदन वानरेंद्र हरीश।
सुघड़ १ सुडौल सुंदर (दे) २ कुशल चतुर, निपुण प्रवीण (दे)।
सुघड़ता १ सुंदरता (दे) सुघड़ई सुघड़पन सुघड़ाई २ कुशलता चतुरता चातुरी निपुणता नैपुण्य प्रवीणता (दे)।

सुघड़ाई दे० सुघड़ता।

सुचारु १ अच्छा अत्यंत सुंदर, मनोहर, सुंदर (दे०) २ ठीक सही (दे)।

सुचिंतित भली-भाँति सोचा-समझा सुविचारित।

सुचिक्कण दे चिकना।

सुचेत : चौकन्ना सचेत सतर्क सावधान (दे) होशियार।

सुजन दे० सज्जन।

सुजाक मधुमेह सूजाक।

सुजात कुलीन खानदानी।

सुजान १ चतुर (दे) समझदार सयाना होशियार २ कुशल निपुण प्रवीण (दे) ३ अक्लमंद बुद्धिमान् (दे)।

सुझाव १ तजवीज प्रस्ताव सलाह २ योजना ३ इशारा संकेत।

सुडौल दे सुंदर।

सुत पुत्र (दे) बेटा लड़का।

सुतरां १ अतः, अतएव इसलिए, इस वास्ते २ और भी [illegible]।

सुता कन्या पुत्री (दे) बेटी लड़की।

सुतार १ अच्छा अवसर/मौका/वक्त/समय अच्छी परिस्थिति अच्छी स्थिति २ बढ़ई मिस्त्री।

सुथरा निर्मल साफ साफ-सुथरा स्वच्छ (प्रायः साफ-सुथरा रूप में प्रयुक्त)।

सुथरापन दे स्वच्छता।

सुदर्शन दे सुंदर।

सुधामा इन्द्रसभा।

सुदि शुक्ल शुक्ल पक्ष सुदी।

सुदिन अच्छा समय शुभघड़ी।

सुदी दे सुदि।

सुदूर अति/अत्यंत/बहुत/बहुत अधिक दूर दूरस्थ।

सुदृढ़ १ अत्यंत/बहुत मजबूत बहुत दृढ़ २ अटल।

सुदेश सुदेह दे सुंदर।

सुथना बहुत ढीला पाजामा भैंडी।

सुध चेत चेतना (दे०) याद याददाश्त सुध-बुध स्मरण स्मृति

होश-चेत होश-हवास।

सुधबुध दे सुध।

सुधरना अच्छा बनना बनना संशोधन होना संशोधित होना।

सुधांशु दे चंद्रमा।

सुधा दे अमृत।

सुधाकर दे चंद्रमा।

सुधाधर दे चंद्रमा।

सुधानिधि दे चंद्रमा।

सुधार उन्नयन परिमार्जन परिशोधन परिष्कार, मरम्मत मार्जन संशोधन संस्कार दे सुधार करना।

सुधारक संशोधक संस्कारक।

सुधारना : १ अच्छा करना ठीक करना शुद्ध करना सँवारना संशोधन करना संशोधित करना सुधार करना २ जीर्णोद्धार करना ठीक करना दुरुस्त करना परिशोधित करना पुनरोद्धार करना मरम्मत करना सँवारना सँवारना-सुधारना।

सुधारश्मि दे चंद्रमा।

सुधि औसान खबर, चेत चेतना संज्ञा सुध सुध-बुध होश होश हवास।

सुधी १ दे बुद्धिमान् २ पंडित विद्वान् (दे)।

सुनना १ कर्णगोचर/श्रवण करना २ कान/ध्यान देना गौर करना।

सुनयना
सुनयनी तरललोचना मीनाक्षी मृगनयनी मृगनैनी मृगलोचना मृगलोचनी मृगाक्षी वामाक्षी विशालाक्षी सुनेत्री सुनैना सुनैनी सुलोचना सुलोचिनी हरिणाक्षी दे सुंदरी।

सुनसान उजाड़ निर्जन बियाबान वीरान।

सुनहरा सोनहरा स्वर्णिम हिरण्मय।

सुनेत्री दे सुनयना।

सुपर पावर दे महाशक्ति।

सुपरवाइजर निरीक्षक।

सुपरिंटेंडेंट अधीक्षक।

सुपाठ्य स्पष्ट साफ़ लिखा हुआ साफ़-सुथरा लिखा हुआ सुवाच्य।

सुपारी कसैली गुवाक छालिया छाली पूंगीफल सुपाड़ी।

सुपुत्र लायक बेटा सपूत।

सुपुर्द (किसी के) जिम्मे किया हुआ, दत्त दिया हुआ प्रदत्त सिपुर्द सौंपा हुआ।

सुपुर्द करना (किसी के) जिम्मे करना थमाना देना प्रदान करना सिपुर्द करना सौंपना हवाले करना।

सुपुर्दगी दे० सुपुर्द करना।

सुप्त : निद्राग्रस्त निद्रित नींद में सोया हुआ प्रसुप्त।

सुप्ति निद्रा नींद।

सुप्रतिष्ठित १ प्रसिद्ध (दे) सुप्रसिद्ध सुविख्यात २ सम्मान्य (दे०) ३ सुस्थित।

सुप्रभात
